www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024, वर्ष-10 अंक- 19 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जेल से सरकार चलाने का दम भरने वाले घुंघरू सेठ को हाईकोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने दिल्ली के 2 लाख छात्रों को अभी तक पाठ्य पुस्तकें न मिलने पर कड़ी टिप्पणी की है कि सरकार अहंकार में डुबी हुई है। आप के बड़बोले मंत्री सौरभ भारद्वाज को भी हाईकोर्ट ने यह कहकर लताड़ लगाई है कि आप बस घड़ियाली आंसू बहाते हैं। हाईकोर्ट की इस टिप्पणी से नई दिल्ली के शिक्षा मॉडल की हकीकत बेनकाब हो गई है। वाकई दिल्ली में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत अक्षरशः चरितार्थ हो रही है।

मणिपुर में 30 को होगा पुनर्मतदान

इंफाल (वार्ता)। चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली /वार्ता। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में प्याज की खेती करने वाले किसानों को बड़ी और जरूरी राहत दी है। केंद्र ने बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात जैसे छह देशों के सिए एक लाख टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। केंद्र ने मध्य पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन देशों को प्याज निर्यात करने वाली एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ने ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से एल1 कीमतों पर घरेलू उपज प्राप्त की है।

चुनाव के बीच ममता का ऐलान, देशभर में कांग्रेस की मदद करेगी टीएमसी

प. बंगाल। लोकसभा चुनाव के बीच टीएमसी नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अहम बयान सामने आया है. दरअसल, ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में वह कांग्रेस की मदद करेंगी. हालांकि पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से मना कर दिया था. पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटों पर टीएमसी अकेले चुनाव लड़ रही है. यहां गौर करने वाली बात ये है कि टीएमसी इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है. हालांकि, राज्य में टीएमसी चुनावी मैदान में अकेले ही उतर रही है, वहीं कंग्रेस और लेफ्ट फ्रंट मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं.

पंजाब के सीईओ सिबिन द्वारा व्हाट्सऐप चैनल जारी

चंडीगढ़ (वार्ता)। एक अलग प्रयास के अंतर्गत पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ्तर ने एक समर्पित व्हाट्सऐप चैनल, 'मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब' की शुरुआत की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि वाट्सऐप चैनल का उद्देश्य मतदान सम्बन्धी आम जनता और चुनावी अमल के भागीदारों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी को प्रसारित करना है, जिसमें चुनावी प्रक्रियाएं, स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर्ज एजूकेशन और इलैकटोरल पार्टीसीपेशन) गतिविधियां, महत्वपूर्ण तारीकें, अलग-अलग आंकड़े और लोक सभा चुनाव-2024 से सम्बन्धित अन्य बहुत सी जानकारियां शामिल हैं।

गरमा-गरम

आरक्षण एवं संविधान पर सियासत : बीजेपी और कांग्रेस के बीच बना सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

आरएसएस हमेशा आरक्षण के पक्ष में, कुछ लोग झूठ फैला रहे : मोहन भागवत

हैदराबाद/एजेंसी। संघ प्रमुख मोहन भागवत रविवार 28 अप्रैल को हैदराबाद में एक इवेंट में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार 28 अप्रैल को कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बाद कही।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि जब मैं यहां आया तो एक वीडियो वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। हम इस बारे में बाहर बात नहीं कर सकते। अब यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख भागवत ने पिछले साल सितंबर में भी नागपुर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी ने कहा था -बीजेपी वंचितों का आरक्षण छीनना चाहती है

राहुल गांधी ने वायरल वीडियो के बाद X पर पोस्ट किया- भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफहो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। वे दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित शाह बोले- जब तक भाजपा है, कांग्रेस आरक्षण को हाथ नहीं लगा पाएगी

राहुल गांधी की पोस्ट पर अमित शाह ने कहा- राहुल गांधी निराधार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की सरकार इस देश में 10 साल से चल रही है। दोनों बार पूर्ण बहुमत की सरकार रही है। अगर भाजपा की मंशा होती कि आरक्षण को खत्म करना है, तो हो चुका होता। बल्कि नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी भाई-बहनों को गारंटी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'राजाओं को गालियां देते हो और सुल्तानों पर बोलती बंद'

राहुल को शहजादा बता खूब बरसे पीएम मोदी, और इधर उड़ीसा में गरजे राहुल

बेंगलुरु(ए.)। कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'राजा-महाराजा' वाले बयान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, भारत के महाराजा अत्याचारी थे। ये गरीबों की जमीन झीन लेते थे। जब मर्जी तब उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति जी महाराज और रानी

चिनम्मा जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान किया है। इनका सुशासन, इनकी देशभक्ति आज भी हम सबको प्रेरित करती है। क्या शहजादे को यह पता है?' पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या शहजादे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'ईवीएम के बहाने भारत को बदनाम करने की कोशिश'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा, हष्द्र सरकार ने देश के नागरिकों की इज़ ऑफलिविंग के लिए बहुत काम किया है। इसका बड़ा उदाहरण भारतीय न्याय संहिता है, कांग्रेस मानसिक रूप से अंग्रेजों की गुलामी में ही जी रही थी। अब भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि न्याय देने को प्राथमिकता दी गई है।

कांग्रेस ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल

भुवनेश्वर (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। श्री गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने श्री पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओडिशा में सरकार चला रहे हैं।

'अबकी बार 400 पार नहीं, अबकी बार तो...'

प्रियंका गांधी ने बीजेपी के नारे को दिया नया ट्विस्ट

मुंबई। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अबकी बार 400 पार' के नारे को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्विस्ट दे दिया। उन्होंने कहा कि लोगों ने मौजूदा सरकार की नाटकीयता को देखा है और उन्हें अपना नया मंत्र दिया है- 'अबकी बार आप की सरकार, अबकी बार जनता की सरकार।' महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में उन्होंने चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी के दावों पर पायलट का तंज : बोले- 400 पार बस दावा है, हमारे नेताओं को भाजपाई कर रहे टारगेट

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट चुनाव प्रचार के लिए बिलासपुर दौरे हैं। जहां बीजेपी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि, बड़ी-बड़ी बात कहने वाले बीजेपी के लोग 300-400 और 500 पार कह रहे हैं लेकिन असलियत में दूर-दूर तक नहीं है। पूरे देश मे इंडियन एलायंस

के प्रत्याशी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे है। कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट चुनाव प्रचार के लिए बिलासपुर दौरे हैं। बीजेपी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि, बड़ी-बड़ी बात कहने वाले बीजेपी के लोगों का 300-400 और 500 पार कह रहे हैं लेकिन असलियत में दूर-दूर तक नहीं है।

बोलकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। भाजपा से ज्यादा सीट कांग्रेस पार्टी इस बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'सब करें मतदान' कैंपेन...वोटिंग करो, स्याही का निशान दिखाओ तो मिलेगी तरह-तरह की छूट

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को कई तरह की छूट भी दी जाएगी। चेम्बर ऑफकॉमर्स से जुड़े अलग-अलग व्यापारिक समूह , हास्पिटल और होटल रेस्टोरेंट में 7 मई को मतदान करने वाले हाथ की स्याही दिखाने पर लोगों को स्पेशल डिस्काउंट ऑफर दिया जाएगा।

'सब करें मतदान' कैंपेन से कई संस्थाएं खुद आगे आने लगी है और जुड़ने लगी है। कई बड़े हॉटल, रिसॉर्ट्स, अस्पताल अपने ग्राहकों को 7 मई को मतदान के बाद उनके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस दिन अस्पतालों में इलाज फ्री

- बालाजी हॉस्पिटल में वोटिंग के दिन ओपीडी शुल्क निःशुल्क किया गया है। वहीं 8 मई से 12 मई तक ओपीडी में 50 प्रतिशत की छूट होगी। इसके साथ ही बालाजी फैमिली हेल्थ कार्ड मतदान तिथि पर बनवाने वालों को 50 प्रतिशत , ओपीडी परामर्श और जांच में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, साथ ही यह कार्ड निःशुल्क बनाया जाएगा।
- रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, वेंकटेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कश्मीर के चार जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

श्रीनगर (वार्ता)। कश्मीर घाटी में खराब मौसम के बीच अगले 24 घंटों के दौरान घाटी के चार जिलों के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गयी है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने रविवार को यह चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के अलावा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में समुद्र तल से 3,000 मीटर ऊपर 'मध्यम खतरे' स्तर का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया गया है।

तीन लोकसभा क्षेत्रों की रैली में साय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरा

कापू/पहरिया/बेलगहना। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भी अपने चुनावी अभियान की तूफानी गति जारी रखी। रायगढ़ के कापू, जांजगीर-चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में भारी जनसमूह के बीच उन्होंने कांग्रेस की जम कर धुलाई की। कांग्रेस शासनकाल को शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन और डीएमएफ घोटालों मे घेरा और कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया। छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंधी-तूफान के बीच चलती रही कापू में जनसभा

आज लगभग 12 बजे रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के धरमजयगढ़ स्थित पहाड़ी इलाके कापू पहुंचे विष्णु देव साय को आंधी-तूफान का सामना करना पड़ा। बारिश भी होती रही मगर मुख्यमंत्री और जनसभा के लिए आई भारी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। निर्विघ्न तरीके से मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन पूरा किया।

नाव दुर्घटना में मछुआरे की मौत

कोरबा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हसदेव नदी में नाव पलटने से एक मछुआरे की डूबने से मौत हो गई, वहीं दूसरा मछुआरा किसी तरह से तैरकर बच निकला। बालको थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार घटना बांगो के डुबान इलाके डांगाघाट की है, जहां 32 वर्षीय कृपाल राम अपने दोस्त के साथ नाव में मछली लेकर हसदेव नदी पार कर रहा था।

बीच चुनाव में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने इस्तीफे की वजह भी बताई है। इसमें उन्होंने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस जिस पार्टी के खिलाफ थी, लोकसभा चुनाव के लिए उसी

से हाथ मिला लिया।

मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। लेकिन मैंने इस फैसले का सम्मान किया। उन्होंने कहा, महासचिव (संगठन) के निर्देश पर, मैं अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रात सुभाष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेवानिवृत्त तहसीलदार से 10 लाख की साइबर ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में साइबर ठगों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक सेवानिवृत्त तहसीलदार से 10 लाख रुपये ऐंठ लिये। घटना बिलासपुर के अरपा ग्रीन्स में रहने वाले रिटायर्ड तहसीलदार शंकर पाटले (70) के साथ घटित हुई है। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक कोनी के अरपा ग्रीन्स कॉलोनी में रहने वाले शंकर रिटायर्ड तहसीलदार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ मार्च 2024 की रात उनके उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाली महिला ने हैलो कहने के बाद कॉल कट कर दिया। देर रात उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल आया।

मतदान टाइमिंग बदलने की कांग्रेसी मांग

हैदराबाद (ए.)। भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले दो चरणों में कम मतदान ने राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग को चिंता में डाल दिया है। इसके पीछे की बड़ी वजह भीषण गर्मी और लू का कहर माना जा रहा है। मौसम विभाग ने

आगामी दिनों में भी भयंकर गर्मी को देखते हुए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग से मतदान का समय बढ़ाने की मांग की है।

सशक्तीकरण... 17 बार लोकसभा चुनाव हुये और महज 34 महिला ही सदन पहुंचने में सफल रही

लोकतंत्र में बिहार की आधी आबादी को नहीं मिली उचित हिस्सेदारी, 34 महिला ही बनीं सांसद

पटना (वार्ता)। महिला सशक्तीकरण की मिसाल से भरी माता जानकी की भूमि मिथिला में प्राचीन काल से अबतक आधी आबादी कला-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान से लेकर राजनीति तक में अपनी सशक्त पहचान साबित करती आई हैं, लेकिन लोकतंत्र में बिहार की महिलाओं को वह हिस्सेदारी नहीं मिल सकी, जो संविधान ने उन्हें दी है। बिहार में अबतक 17 बार लोकसभा चुनाव हुये और महज 34 महिला ही सदन पहुंचने में सफल रही है।

विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की पुरजोर वकालत करने वाले राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं की इस बार कोई सुध नहीं ली और टिकट बंटवारे के समय चुप्पी साध ली। राजनीतिक दल आधी आबादी को बराबरी का दर्जा देने की बात तो कहते हैं लेकिन टिकट देने के समय उन्हें तरजीह नही देते है। कई बार तो पार्टी निवर्तमान महिला सासंद या विधायक की टिकट काटकर पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह देते हैं।

वर्ष 1952 के लोकसभा चुनाव में दो महिलायें सांसद बनीं। तारकेश्वरी देवी (तारकेश्वरी सिन्हा) कांग्रेस के टिकट पर पटना पूर्व, और सुष्मा सेन भागलपुर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुयी। वर्ष 1957 में

पांच महिलायें सांसद चुनी गयी। बांका सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शकुंतला देवी, नवादा से कांग्रेस की सत्यभाामा देवी,चतरा सीट पर छोटानागपुर संताल परगना जनता पार्टी (सीएसपीजेपी) के टिकट पर रामगढ़ राजघराने के बसंत नारायण सिंह की पत्नी विजया राजे, और हजारीबाग सीट पर (सीएसपीजेपी) के टिकट पर रामगढ़ के राजा कामाख्या नारायण सिंह की पत्नी ललिता राजे, बाढ़ संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याश तारकेश्वरी देवी सांसद बनीं।

वर्ष 1962 में छह महिलायें सांसद बनी। बांका से कांग्रेस प्रत्याशी शकुंतला देवी, बाढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार तारकेश्वरी देवी, पटना से कांग्रेस प्रत्याशी रामदुलारी देवी (राम दुलारी सिन्हा),औरंगाबाद से स्वतंत्र पार्टी उम्मीदवार ललिता राजे लक्ष्मी, जहानाबाद से कांग्रेस की सत्यभामा देवी, और चतरा से स्वतंत्र पार्टी उम्मीदवार विजया राजे ने जीत हासिल की।

1967 में चार महिला सांसद चुनी गयी। बाढ़ से कांग्रेस की उम्मीदवार तारकेश्वरी देवी, चतरा से निर्दलीय उम्मीदवार विजया राजे, धनबाद से जना क्रांति दल (जीएकेडी) प्रत्याशी ललिता राजे, पलामू (सु) से कांग्रेस की कमला कुमारी सांसद चुनी गयी। वर्ष 1971 में पलामू (सु) से कांग्रेस प्रत्याशी कमला कुमारी ने जीत हासिल की। वर्ष 1977 में कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गयी। 1977 में शून्य प्रतिनिधित्व के बाद जब 1980 में चुनाव हुआ तो पांच महिलाओं ने जीत हासिल की।

कैसरगंज में भाजपा के पैंतरे से सभी दलों में दावेदारों की तस्वीर धुंधली

रियासत और सियासत की जंग

अवध के तीन मंडलों में शामिल देवीपाटन की सियासी धमक सूबे में अलग ही है। यहां के चारों लोकसभा क्षेत्रों की अपनी खास राजनीतिक रसूख भी है। भले अभी तीन सीटों पर ही प्रत्याशियों का दम दिख रहा है, लेकिन बिना लड़ाके के ही कैसरगंज में सियासी शोर मचा हुआ है।

पार्टियों की चौखट से टिकट के बाहर आने के इंतजार में भी रोमांचक दौर चल रहा है, वहीं तीन अन्य सीटों पर रियासत, विरासत और वर्चस्व की जंग देखते ही बन रही है। मतदाताओं को साधने में पूरे दिन झुलस रहे रणबांकुरों पर सहालग का मरहम भी है। शाम की पारी निमंत्रण के बहाने ही सही, राजनीति में रंग और रम जा रही है। अयोध्या से सटी गोंडा संसदीय सीट पर रियासत के सियासी सफर को कायम रखने की कशमकश दिख रही है। यहां विरासत को मुकाम देने की जद्दोजहद भी है। चुनौती ऐसी है कि राजनीतिक महारथियों के माथे पर बल भी दिख रहा है। पांचवीं बार संसद की दहलीज लांघने को बढ़ रहे कदम के सामने सियासी घराने की पीढ़ी को भी चुनौती मिल रही है। यहां का चुनाव दिनोंदिन जातीय समीकरण की ओर बढ़ रहा है। गोंडा संसदीय सीट से सटे श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में भी विरासत व विकास की सियासत चरम पर है। दलों ने प्रत्याशियों को उतारकर राजनीतिक माहौल को नया मोड़ तो दिया है, लेकिन चुनाव

सीमित दायरे में सिमटता दिख रहा है। पूरी दुनिया में वर्चस्व कायम करने में श्रावस्ती का मतदाता खामोशी से धुरंधरों के दांव पर पैनी नजर रखे है। आमने- सामने की बनती सियासी जंग में परंपरागत मतों के साथ ही हाल के दिनों में जुड़े युवा मतदाता चुनाव में बड़ा दांव चलने को तैयार हैं।

बहराइच सुरक्षित सीट पर लड़ाकों की महफिलें सज गई हैं और एक दूसरे को चुनौतियां देने में तीनों मुस्तैद हैं। दिलेरी और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्र में अब सियासी लहरों की कलाबाजियां नए रस घोल रहीं हैं। तीनों दलों ने बहुत सधे अंदाज में प्रत्याशियों का चयन किया है, जिससे चुनाव रोचक दौर से गुजर रहा है। यहां भी विरासत के साथ ही पार्टियों के दबदबे की धूम है। कैसरगंज में अभी लड़ाकों के इंतजार का दौर तो नहीं थमा है, लेकिन दलों की चर्चाएं हवाओं हवाओं में तारी हैं। चारों सीटों में कैसरगंज की केसरी महक धूम मचाए है।

दिल्ली के फैसले पर टिकी नजर, हर दिन आहट

कैसरगंज में भाजपा के पैंतरे से सभी दलों में दावेदारों की तस्वीर धुंधली है। स्थानीय और राजधानी से स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। दिल्ली के फैसले पर ही लोगों की नजर टिकी है। माना जा रहा है कि जो भी फैसला होगा, बड़े स्तर से ही संभव है। वहीं भाजपा के फैसले पर ही सपा व बसपा की भी नजर है। सोमवार को नामांकन की रफ्तार तेज होने के साथ ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मंडल में आम लोगों के अहम मुद्दे

गोंडा संसदीय सीट में शिक्षा व विकास के साथ ही रोजगार अहम मुद्दा है। एशिया में मशहूर आईटीआई मनकापुर कई सालों से बेकार है। नवाबगंज चीनी मिल बंद चल रही है। गोंडा-अयोध्या मार्ग के चौड़ीकरण की जरूरत बताई जा रही है। बलरामपुर मार्ग पर इटियाथोक के बिसुही नदी का पुल, नगर पंचायत का दर्जा व खरगूपुर को ब्लॉक बनाने का आज भी मुद्दा है। इंजीनियरिंग कॉलेज की पढ़ाई अंबेडकरनगर में होना और मेडिकल कॉलेज की मान्यता। श्रावस्ती में तो रेलवे व बस स्टेशन की कमी के साथ ही बाढ़ व आग से बचाव के इंतजाम की जरूरत है। पिछड़ेपन को दूर करने की कवायद को मुकाम दिलाना तथा जंगली जानवरों का काबू करने की पहल।

नहीं तो आप अब तक बारामती में दूध बेच रहे होते', संजय राउत का अजित पवार पर हमला

महाराष्ट्र में भीषण गर्मी के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की तपिश भी चरम पर है. दोनों प्रमुख गठबंधनों के नेता एक दूसरे पर बेहद हमलावर हैं. कई सीटों पर लड़ाई बेहद निजी हो गई है. ऐसी ही एक सीट है बारामती लोकसभा सीट. यहां से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले मैदान में हैं. उनके सामने एनडीए के घटक दल एनसीपी अजित पवार गुट से अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं. यानी बारामती में ननद-भाभी की लड़ाई है. लेकिन, परोक्ष तौर पर यह लड़ाई शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच की बताई जा रही है.

सुप्रिया सुले के लिए प्रचार करने आए शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अजित पवार पर निशाना साधा. अजित पवार द्वारा सुप्रिया सुले की आलोचना के बारे में बात करते हुए राउत ने कहा कि अजित पवार ने खुद को बचाने के लिए शरद पवार का साथ छोड़ दिया. अब वे सिर्फ खुद को बचाने के लिए

शरद पवार और सुप्रिया सुले की आलोचना करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि शरद पवार ने आपको लड़ने की ताकत दी, अन्यथा आज भी आपको मोटर साइकिल पर दूध बेचना पड़ता.

संजय राउत का हमला

राउत ने कहा कि उन्होंने हाल ही में अजित पवार का एक बयान सुना है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जीतने के लिए ही लड़ने जा रहे हैं. लेकिन वे 2019 में बेटे पार्थ पवार को क्यों नहीं जिता सके? उन्होंने दावा किया कि 2019 में बेटे की हार हुई और अब पत्नी की हार का सिलसिला शुरू होगा. राउत ने आगे कहा कि बारामती की लड़ाई महाराष्ट्र की अस्मिता की लड़ाई है. बारामती में शरद पवार को हराना संभव नहीं है. हम सब सुप्रिया सुले के साथ हैं. राउत ने यह भी कहा कि उनके भाई-बहन हैं, लेकिन हम भी उनके साथ हैं. उन्होंने अजित पवार से सवालिया लहजे में पूछा कि आपने बारामती में इतना काम किया, क्या आप ये काम पवार साहब के बगैर कर पाते?

नौजवानों का भविष्य बीजेपी ने अंधकार में डाला: अखिलेश

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के संभल में एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के लिए वोट मांगते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. अखिलेश यादव ने कहा नौजवानों का भविष्य बीजेपी ने अंधकार में डाल दिया है, न नौकरी दी न रोजगार दिया. संभल की चुनावी सभा में अखिलेश यादव ने कहा ÷मैं संभल के लोगों से अपील करना चाहता हूं, जहां सबसे ज्यादा हार वाली सीटें जिसपर बीजेपी हारेगी उनका नाम आए, तो वहां संभल का नाम भी आना चाहिए. संभल में अखिलेश यादव ने कहा ÷पहले चरण में जो पश्चिम से हवा चली है उसने भारतीय जनता पार्टी को पलटने का काम किया, दूसरे चरण में भी यही दिखाई दिया, लोग भारतीय जनता पार्टी को पसंद नहीं कर रहे हैं, अब तीसरे चरण में आप लोगों की बारी है. ये जो बीजेपी वाले घूम भी रहे हैं, पहले इन्होंने 400 पार का नारा दिया और दूसरा चरण हुआ तो ये 400 का नारा भूल गए. जनता 400 पार नहीं इस बार जनता 400 सीटें हराने जा रही है. सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा ÷यह सरकार वाले प्रशासन के माध्यम से भूसे के लिए दबाव बना रहे हैं, इस बार किसान इनको वोट देने नहीं जा रहा है इस बार किसान और गरीब गांव के रहने वाले लोग बीजेपी का सफाया करने जा रहे है।

इनको मुस्लिम वोट तो चाहिए पर उम्मीदवार नहीं...

नई दिल्ली: महाराष्ट्र कांग्रेस और उसके सहयोगी संगठन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गुट का आंतरिक कलह खुलकर बाहर आ गया है. पार्टी के नेता मुहम्मद आरिफ 'नसीम' खान ने राज्य में किसी भी मुस्लिम नेता को उम्मीदवारी नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने पार्टी की अभियान समिति से इस्तीफा दे दिया है. पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा कि वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार नहीं करेंगे, क्योंकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गुट ने मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है.

पूर्व राज्य मंत्री ने अपने पत्र में लिखा, 'महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों में से एमवीए ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को नहीं उतारा है.' उन्होंने कहा कि पूरे महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन, नेता और पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद

कर रहे थे कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय से कम से कम एक उम्मीदवार को नामांकित करेगी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ. 60 वर्षीय कांग्रेसी नेता ने कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अब उनसे पूछ रहे हैं, 'कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवार क्यों नहीं.' खान ने पत्र में भावुक होकर लिखा, 'इन सभी कारणों से, मैं मुसलमानों का सामना नहीं कर पा रहा हूं और मेरे पास उनका कोई जवाब नहीं है.' खान ने यह भी कहा कि वह महाराष्ट्र कांग्रेस अभियान समिति से भी इस्तीफा दे रहे हैं. कांग्रेस महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 17 पर शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है. वे विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक हैं. मुहम्मद आरिफ खान मुंबई उत्तर मध्य से टिकट की दौड़ में थे, लेकिन पार्टी ने इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए शहर इकाई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को चुना. उन्होंने 2019 का विधानसभा चुनाव मुंबई के चांदीवली से लड़ा था, जहां वह मात्र 409 वोटों से हार गए थे।

प्रचार-प्रसार के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले-

विश्वास और भरोसे का यह संबंध सदैव अटूट रहेगा

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसदीय क्षेत्र के कोलारस विधानसभा के रन्नौद में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां पर उनके समर्थन में एक जोरदार रैली भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता से मेरे पारिवारिक संबंध है। सिंधिया ने कहा कि विश्वास और भरोसे का यह संबंध सदैव अटूट रहेगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का लक्ष्य मेरा हमेशा रहा है और इसको लेकर मैं लगातार काम कर रहा हूं।

इस क्षेत्र के चारों तरफ अच्छी सड़के हैं

सिंधिया ने कहा कि पूर्व में रन्नौद, खतौरा, कोलारस, माढ़ा गणेशखेड़ा क्षेत्र में सड़कों की स्थिति खराब थी। सड़कों पर गड्ढे थे। खराब सड़कों के कारण लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में घंटों लग जाते थे, लेकिन इस क्षेत्रों की आज सड़कें देखों। आज चारों तरफ आपके इस सेवक के प्रयासों से अच्छी सड़कों का जाल है। आज इस क्षेत्र के चारों तरफ अच्छी सड़के हैं, मैं सड़कों का दर्जी हूं। सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र में पहले बिजली की लाइनें नहीं थी, बिजली के तार नहीं थे। जब मैं ऊर्जा मंत्री बना था, तब बिजली के तारों की नई लाइनें डलवाई गईं। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था के लिए नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की, जिसके कारण आज बेहतर बिजली वितरण की व्यवस्था है। सिंधिया ने कहा कि ज्योति का प्रकाश आपके घरों तक लाने का काम मैं यानी की ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया।

मोदी है तो सब मुमकिन है

सिंधिया ने 10 साल में मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। आज 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को गैस चूल्हे दिए गए हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। आज केंद्र की मोदी सरकार के कारण विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। मोदी की गारंटी यानि की पक्की गारंटी। मोदी है तो सब मुमकिन है। इसलिए अब 7 मई को एक बार फिर से मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है, उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अबकी बार 400 पर के नारे के संकल्प को पूरा करना है। सिंधिया ने कहा कि 7 मई को सभी लोगों को घरों से निकलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने हैं।

अच्छे हाईवे से लेकर ट्रेन तक की व्यवस्था

सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। शिवपुरी रेलवे स्टेशन से पहले कुछ ही ट्रेनें थीं लेकिन आज देश के हर कोने के लिए ट्रेन है। इंदौर, भोपाल, अमृतसर, चंडीगढ़ यहां तक की मुंबई के लिए भी ट्रेन है। इसके अलावा ग्वालियर से गुना तक चकाचक हाईवे है। पहले जब यही रोड दो लेन था तो एक ट्रक फंस जाता था तो घंटों तक जाम लग जाता था लेकिन आज कुछ ही घंटों में ग्वालियर से इंदौर व भोपाल जा सकते हैं।

'मेवात ने विकास के क्षेत्र में ली नई करवट', पुन्हाना विजय संकल्प रैली में सीएम का दावा

हरियाणा के नूंह जिला के उपमंडल पुन्हाना में 27 अप्रैल को बीजेपी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजय संकल्प रैली को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन में मेवात ने विकास के मामले में नई करवट ली है. कांग्रेस हमेशा यहां की जनता से वोटों का रिश्ता रखती रही, लेकिन विकास का रिश्ता भारतीय जनता पार्टी ने ही रखा.

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से कहा कि वे झूठे नारे और झूठे वादे करने वालों से सावधान रहें. उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने 2018 में किसानों के कर्ज माफी के नाम पर वोट लेने का काम किया और जब कांग्रेस सत्ता में आई तो एक रुपए का भी कर्जा माफ नहीं किया.

अग्रणी जिलों में शामिल होगा मेवात

सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि मेवात पिछड़ा इलाका नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसकी गिनती विकास के मामले में अग्रणी जिलों में होनी चाहिए. यही कारण है कि पिछले 10 सालों में मेवात के विकास ने नई करवट ली है.

हमारी सरकार का विकास पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में बीजेपी की सरकार ने मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए पीने के पानी की समस्या को खत्म करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं. इन्हीं 10 सालों में यहां नए-नए उद्योग लगे हैं. डबल इंजन की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है. सीएम सैनी ने कहा कि 2014 में जब बीजेपी की सरकार सत्ता में आई तो मेवात में केवल 22 स्कूल थे, लेकिन भाजपा ने इस बात को समझा कि जब तक शिक्षा नहीं होगी, तब तक क्षेत्र के विकास नहीं होगा.

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना शुरू की. मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोग राव इंद्रजीत सिंह को जितवा कर संसद में भेजने का काम करें। यहां के विकास की जो भी जरूरत होगी उसे पूरा करना हमारी जिम्मेवारी होगी. उन्होंने कहा कि मंच पर बैठे नेता उनके पास जो भी मांग लेकर आएंगे उसे पूरा किया जाएगा.

बीजेपी पर बरसे तेजस्वी, इनके पास कोई काम नहीं, हमने नौकरी दी...

तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास कोई काम नहीं है इसलिए ये लोग सिर्फ बेकार की बातें कहते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग काम की बात कर ही नहीं सकता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम 5 लाख नौकरी दिए। मेरे निकलते ही पेपर लीक हो गया। एक लाख बहाली बचा हुआ है उसमें और तीन लाख नौकरी की प्रक्रिया करके हम आए हैं। तो फिर यह लोग नौकरी क्यों नहीं दे रहा है? तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि एक दो नहीं बल्कि दो-दो डिप्टी सीएम बना है। और काम के नाम पर सिर्फ बकवास करता है यह लोग।

सड़क पर नाक रगड़े भाजपा

राहुल गांधी के इस बयान पर की राजा महाराजा का राज चलता था तब जो भी जमीन चाहिए थी वह ले लेते थे, इस बयान पर भाजपा राहुल गांधी से माफी मांगने के लिए कह रही है, इस सवाल के जवाब में तेजस्वी यादव ने कहा कि इसका कोई मतलब है? माफी मांगो? मैं तो कहता हूं कि भाजपा के लोग सड़क में नाक रगड़ कर माफी मांगे जनता से साल में 2 करोड़ नौकरी देंगे कहां गया? 15 लख रुपए खाता में देंगे, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे। रगड़े, रगड़े, रगड़ना चाहिए ना। जो वादा करके 10 साल लोग वोट लिया और राज किया।

गांधी परिवार का गढ़ नहीं अमेठी-रायबरेली, पिछले चुनाव भी उन्होंने..., केशव प्रसाद मौर्य का बयान

उत्तरप्रदेश में पहले और दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो चुका है और प्रदेश की 16 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है. वहीं तीसरे चरण के मतदान से पहले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर तंज कसा है. डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले अमेठी-रायबरेली को लेकर भी निशाना साधा है. इसके साथ ही बीजेपी नेता ने गांधी परिवार भी तंज कसा है.

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए एक्स पर पोस्ट

कर लिखा- गांधी परिवार का गढ़ नहीं है अमेठी और रायबरेली. पिछले कई लोकसभा चुनाव वह सपा-बसपा की बैशाखी पर सवार होकर लड़ी. अब बैशाखी के कमजोर होने से गांधी परिवार गजब का मतिभ्रम का शिकार है. फिर एक बार मोदी सरकार.''

उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में पहले और दूसरे चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है, लेकिन कांग्रेस कि तरफसे अब तक अमेठी और रायबरेली सीट से उम्मीदवार घोषित नहीं किए गए हैं. अमेठी और रायबरेली सीट को कांग्रेस का गढ़ कहा जाता है, लेकिन अब तक कोई उम्मीदवार नहीं घोषित किए हैं. सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी को मैदान में उतार सकती है।

बदायूं में सीएम योगी का निशाना

सपा ने इतनी बार उम्मीदवार बदले, लगता है हार मान ली, चाचा ने तो पलायन ही कर लिया

बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफहिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम

जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है।

संदेशखाली मामले में भाजपा नेता की मांग

सीएम ममता को करें गिरफ्तार टीएमसी पर लगाएं प्रतिबंध

सीबीआई द्वारा संदेशखाली से हथियार और गोला बारूद बरामद होने के बाद भाजपा ने टीएमसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गिरफ्तार करने के लिए मांग कर रही है। शुक्रवार को राज्य में लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान के दौरान, सीबीआई और एनएसजी बम दस्ते ने संदेशखाली और उत्तरी 24 परगना जिले में छापेमारी की। छापेमारी में अबू तालेब के घर से कई हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुए। स्थानीय टीएमसी नेता हफ़ुजुल खान के रिश्तेदार, जिन पर अब निष्कासित सत्तारूढ़ पार्टी के मजबूत नेता शेख शाहजहाँ का करीबी सहयोगी होने का आरोप है। मेदिनीपुर से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल ने संदेशखाली मामले में टीएमसी और ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ममता किस तरह की महिला है? किस तरह की सीएम हैं? जो हत्यारों, बलात्कारियों और आतंकवादियों का पक्ष ले रही हैं। रिश्वत लेने वालों को बचाने के लिए कोर्ट जा रही हैं। शेख शाहजहां के गुंडे के पास से बम, आरडीएक्स और पिस्तौल बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि क्या संदेशखाली जैसी जगहों पर विस्फोट करने की साजिश रची जा रही है?

अग्निमित्रा ने कहा कि हमारी मांग है कि टीएमसी पर प्रतिबंध लगाया जाए और ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी भी यही मांग कर रही है कि टीएमसी पर प्रतिबंध लगाकर ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बहुत ही चिंताजनक स्थिति है।

चुनाव आयोग के पास शिकायत लेकर पहुंची टीएमसी

शनिवार को सीबीआई और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के बम दस्ते के संदेशखाली में छापेमारी की शिकायत टीएमसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास दर्ज कराई है। जिसमें टीएमसी का आरोप है कि सीबीआई ने छापेमारी करने से पहले राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन को कार्रवाई को नोटिस जारी नहीं किया।

न्यूज गैलरी

मतदाता जागरूकता के लिए स्प्री वॉक की अनुठी पहल

स्प्री वॉक ने भोजन में 25 प्रतिशत और मनोरंजन की सुविधा में 30 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर पहल की जा रही है। शहरी क्षेत्र में वोटर अधिक से अधिक संख्या में घरों से बाहर निकले और 7 मई को मतदान करें। इसके लिए निजी प्रतिष्ठान भी स्वमेव आगे आ रहे हैं। मरीन ड्राइव में स्थित स्पी वॉक ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को पत्र देते हुए घोषणा की है कि वे सारे फुड आउटलेटस पर भोजन में 25 प्रतिशत का छूट देंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए चलने वाले बस, ट्रेन की सवारी पर 30 प्रतिशत छुट दिया जाएगा। स्प्री वॉक के निर्देशक श्री गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा विश्वास हूँ कि मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। हमारे इन ऑफर से मतदाता निश्चित प्रेरित होंगे और अधिक से अधिक मतदान करेंगे। यह सुविधा मतदान दिवस के दिन 7 मई को मतदाताओं को अंगुली में स्याही लगा दिखाने पर मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दिन ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने ओपीडी परामर्श में छूट देने का ऐलान किया है। मतदान तिथि पर 7 मई को अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस दिन निःशुल्क ओपीडी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जांचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 मई से 15 मई तक ओपीडी में आए व्यक्ति को अपने अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत और जांच में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं 7 मई को अस्पताल में भर्ती होने पर अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति को 7 मई का बेड़ बार्ज नहीं लिया जाएगा।

बालाजी हॉस्पिटल में परामर्श एवं जांच में 50 प्रतिशत की छूट

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के लिए निजी प्रतिष्ठानों द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। श्री बालाजी हॉस्पिटल और संजीवनी

कैंसर हॉस्पिटल ने मतदाता जागरूकता के लिए अंगुली में स्याही दिखाने पर परामर्श और जांच में छूट देने की घोषणा की है। दोनों संस्थानों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह को पत्र सौंपा है। इस कार्य के लिए कलेक्टर ने इन प्रतिष्ठानों की सराहना की है। मोवा के श्री बालाजी हॉस्पिटल में मतदाताओं को 7 मई के दिन ओपीडी में परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। 8 से 12 मई के मध्यम में ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 से 12 मई तक ओपीडी में जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा 7 मई को निशुल्क परामर्श दी जाएगी। साथ ही ओपीडी जांच में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 मई को ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 मई को भर्ती होने वाले मतदाताओं से रूम का किराया भी नहीं लिया जाएगा। निजी प्रतिष्ठानों ने भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

बृजमोहन ने जनसभा में मांगा समर्थन जीत के लिए बोले आशीर्वाद दे जनता

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना है। बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और भाजपा कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी और कड़ी धूप में भी सभी लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी कड़ी में बृजमोहन अग्रवाल ने तिल्दा-नेवरा के कई गांवों में जनसंपर्क किया।

रायपुर लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, तो विकास उपाध्याय कांग्रेस प्रत्याशी हैं। शनिवार को बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तिल्दा-नेवरा के गांव किरना, टंडवा, ग्राम पंचायत खपरीकला सिनोधा और कोटा पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से मुलाकात कर बीजेपी के लिए वोट मांगा।

बृजमोहन अग्रवाल और टंकराम वर्मा ने जनसभा को किया संबोधित

उनके साथ विधायक और खेल मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित किया। टंकराम वर्मा ने रायपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, रायपुर जिला किसान मोर्चा महामंत्री राजेश बंछोर, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री टेकराम यादव, सौरभ जैन, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष संतोषी मनहरण वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरीश साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता पैकरा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रुवेल सोनवानी, ग्रामीण मंडल मंत्री खेमिन वर्मा, अनुराधा वर्मा, गीता वर्मा, भूषण साहू, अर्जुन सोनवानी, दुष्यंत वर्मा, प्रकाश जेठी, रोमलाल साहू, महेश साहू, पप्पू शिंदे, संदीप यदु, दानेश्वर निशाद, गिरेंद्र साहू, मनीष साहू और धर्मेंद्र मौजूद रहे।

रायपुर के सत्यम विहार में चुनावी बहिष्कार

लोगों ने कहा-रोड नहीं तो, वोट नहीं, सालों से सड़क नहीं बनी, नालियां भी समस्याग्रस्त

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बीच राजधानी रायपुर के चंगारो भाठा क्षेत्र की सत्यम विहार कालोनी के रह वासियों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे लंबे समय से इलाके की कई समस्याओं से जूझ रहे है। लेकिन किसी भी नेता या जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नही दिया है। वार्ड के रहने वाले आनंद देवांगन ने बताया कि उनकी कालोनी बने कई साल हो चुके हैं, वहीं पिछले चार साल से उनकी कालोनी की सड़क खराब है। इसके लिए कालोनीवासी कई बार पार्षद से लेकर विधायक को अवगत कराते हुए सड़क के नवीनीकरण के लिए मांग कर चुके हैं। लेकिन आज तक सड़क नही बनी है।

कालोनी के बाहर बहिष्कार का बैनर

सत्यम विहार कालोनी वासियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का बैनर कालोनी के बाहर लगा दिया है। लोगो का कहना है कि खराब सड़क और नाला निर्माण नही होने से

रहवासी लंबे समय से समस्या से जूझ रहे है। विधानसभा चुनाव के समय भी कई वादा किया गया था कि निर्माण किया जाएगा लेकिन नही हुआ। खराब सड़क होने के कारण आये दिन यहां लोग एक्सीड़ेट के शिकार होते हैं। कई लोगों को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती तक होना पड़ा है।

काम नही तो वोट नही

स्थानीय लोगो का कहना है कि राजधानी की कालोनी होने के बाद सत्यम विहार कालोनी काफी पिछड़ी हुई है। कालोनी के अधिकांश लोगों का कहना है कि जब तक उनकी समस्या से निजात नही मिल जाता वे 7 मई को होने वाले रायपुर लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी नहीं निभाएगे।

डीआरएम के हाथों गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। संजीव कुमार के हाथों हुआ गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्टार्ट। रायपुर रेल मंडल द्वारा पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ रायपुर डीआरएम संजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रायपुर रेल मंडल के परिचालन, वाणिज्य संकेत एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग टी आर डी विभागों के वरिष्ठ शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे। रायपुर रेल मंडल का पहला कार्गो टर्मिनल जे के लक्ष्मी सीमेंट अहिरवार से रश्मि सीमेंट खड़गपुर के लिए रवाना किया गया इसमें किलिंकर लोड कर रैक रवाना किया गया।

बता दें कि इससे रायपुर रेल मंडल द्वारा किए जाने वाले माल लदान में वृद्धि होगी, रायपुर रेल मंडल के राजस्व में वृद्धि होगी साथ ही रायपुर रेल मंडल को लोडिंग अनलोडिंग के लिए एक नया केंद्र मिल गया है। जहां से अन्य फ्रेट कस्टमर भी अपना सामान भेज सकेंगे।

डीआरएम संजीव ने कहा कि देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल्स की शुरुआत की गई है। इसके द्वारा रेलवे उपभोक्ताओं के लिए उनके हितों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी बनाई गई है, यह कार्गो टर्मिनल देश की गति प्रगति में बहुत सहायक होते हैं।

कांग्रेस पर बीजेपी का पलटवार

कहा-ओबीसी और एसटी वर्ग से घृणा करती है कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के संचार प्रमुख और पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि बीरनपुर हत्याकांड और पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच से कांग्रेस क्यों घबराई हुई। उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा- पहले भूपेश अपनी जेब से झीरम का सबूत निकाले तो सीबीआई जांच हो जाएगी बीरनपुर में भुनेश्वर साहू की हत्या के सीबीआई जांच से कांग्रेस की बौखलाहट इसकी तुष्टिकरण का परिचायक है। बीजेपी बोली- साहू समाज और आदिवासी समाज से कांग्रेस घृणा करती है। इसलिए सीबीआई जांच का स्वागत करने के बजाए निंदा कर रहे हैं। केदार गुप्ता ने कहा भूपेश और कांग्रेसियों ने अपने सगे-संबंधियों को डिप्टी कलेक्टर बनाने के साथ ही बाकी बचे पदों के लिए कांग्रेस ने पूरी मंडी सजाई थी, एक-एक पोस्ट को 50 लाख से 1 करोड़ रुपए में बेच डाले। इसका भी जवाब कांग्रेस को देना चाहिए, इसके कौन जिम्मेदार था।

7 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 27.04.2024 को थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस

अधीक्षक कोतवाली श्री योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी गंज निरीक्षक दीपक पासवान को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम और आरपीएफ़द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 01 व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना आयुष कुमार पांडे पिता विजय कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, साकिन महादेवन टोला आनिक्स मॉल के पास थाना बगुलागंज चौकी थाना कोतवाली जिला फत्तेहगढ़ उत्तर प्रदेश बताया टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफर बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 किलो 100 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 71,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 195/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

देशभर में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल: बैज

- दो चरणों से स्पष्ट यह चुनाव, बदलाव का चुनाव है
- 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर मे मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। दो चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया कि यह चुनाव, बदलाव का चुनाव है। दोनों ही चरणों में इंडिया गठबंधन 80 प्रतिशत सीटें जीत रहा है। हार की सम्भावना से भाजपा के नेताओं के बोल बदल गए है। प्रधानमंत्री, कांग्रेस के खिलाफ स्तरहीन बयानबाजी पर उतर आये है। मोदी की बौखलाहट बता रही कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 20 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है। वर्तमान में 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के

अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी। वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई। काले धन की वापसी, जालसाजी पर अंकुश, आतंकवाद पर लगाम, भ्रष्टाचार का अंत-सभी गारंटी फेल। बंद हुई 99 प्रतिशत करेंसी सिस्टम में लौट आई है। नोटबंदी आर्थिक-आतंकवाद से कम न थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी राज की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत ने दम तोड़ दिया। कैग की रिपोर्ट से पता चला कि योजना के 7.5 लाख से अधिक लाभार्थी अमान्य थे। मध्य प्रदेश में, 'मृत' घोषित किए जा चुके 400 मरीजों को भी एक करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया था।

रायपुर में 60 साल की महिला की लाश के ऊपर से रातभर गुजरती गई कई गाड़ियां

- दर्दनाक मौत, सिर के बाल से पता चला महिला है

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक दर्दनाक एक्सीडेंट हुआ है। सड़क पर करीब 60 साल की एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई है। ये मौत इतनी भयानक थी कि लाश के ऊपर से कई ट्रक गुजर गए। लेकिन किसी ने भी गाड़ी रोककर देखने की कोशिश नही की। तड़के पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मॉर्निंग वॉक कर रहे शख्स ने सूचना दी तो पुलिस ने फौरन जाकर महिला की लाश को अस्पताल भेजवाया। फिर

महिला की पहचान में जुट गई।

हालांकि आसपास के इलाकों में खोजबीन करने के बावजूद अभी तक महिला के परिजनों की जानकारी नही मिल पाई है। उरला पुलिस ने महिला के शरीर में मिले कपड़ो और कुछ निशानी के आधार पर आसपास के थानो में भी सूचना भेजी है। इसके अलावा बीते दो-तीन दिनों में गुमशुदगी की दर्ज हुई शिकायतों को भी खंगाला जा रहा है।

एफआईआर में ये लिखा है...

इस मामले को लेकर उरला पुलिस ने जो स्नढ्ढक्र दर्ज की है। उसके मुताबिक, इस लाश को सबसे पहले रामनगर रावाभाटा के रहने वाले कृष्णा वर्मा ने देखा। उसने पुलिस को सूचना दी की वह सुबह साढ़े 4 बजे के करीब मॉर्निंग वॉक पर निकला हुआ था। जब वह कन्हेरा के आगे भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचा।

महिला होने की जानकारी सिर के बालों से मिली : ये देखकर कृष्णा हड़बड़ा गया। उसने उरला पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम फौरन घटनास्थल पर पहुंची।

दिमागी तौर पे कमजोर होने की संभावना

पुलिस को आशंका है कि महिला मानसिक रूप से कमजोर हो सकती है। हालांकि इस बात की पुष्टि महिला के परिजनों के सामने आने के बाद ही हो पाएगी। इस मामले में उरला पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफस्नढ्ढक्रदर्ज कर लिया है। आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों से आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

रायपुर समेत कई जिलों में बारिश बिजली गिरने और अंधड़ का अलर्ट

- अगले 3 घंटे के लिए मौसम विभाग का यलो अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। वेस्टर्न डिस्टरबेंस और सिस्टम बनने के कारण छत्तीसगढ में अगले तीन दिनों में बादल गरजने के साथ बिजली गिरने और अंधड़ चलने की संभावना है। इस दौरान रायपुर समेत कुछ जिलों में बारिश हुई हैं। रायपुर में शनिवार को सुबह बादल छाए रहे, हालांकि बाद में तेज धूप रही। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री की गिरावट दर्ज की है। शनिवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान रायगढ़ में 43.5 डिग्री दर्ज किया गया है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री नारायणपुर में रहा। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बिजली गिरने के साथ ही 30 से 50

किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

आज यहां बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक आज प्रदेश के 11 जिलों में बारिश के आसार हैं। रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिले में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी और अंधड़ चलने की संभावना है।

अगले 3 घंटे के लिए जारी किया यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के लिए बिलासपुर, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, एमएमएसी, केसीजी, कोरबा, गौरेला पेंड्रा मरवाही, महासमुंद, जांजगीर, बलौदा-बाजार, रायगढ़, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, कबीरधाम, मुंगेली के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। जशपुर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

रायपुर में ऐसा रहेगा मौसम

राजधानी रायपुर में शनिवार को सुबह से बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर में तेज धूप निकली। रायपुर में आज भी बादल छाए रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी होगी। पिछले 24 घंटे के दौरान रायपुर में भी तापमान बढ़कर 40.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

इस साल अप्रैल में नहीं चली लू

प्रदेश में अप्रैल इस साल लगभग ठंडा रहा है। बारिश और बादलों की वजह से ज्यादातर दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास या उससे नीचे रहा। रायपुर ही नहीं प्रदेश के किसी अन्य सेंटर में लू चलने की घोषणा नहीं हुई। एक-दो बार तापमान 42 से 43 ?डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, लेकिन लू चलने की स्थिति नहीं बनी। अब मौसम विभाग ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में फिर से नए सिस्टम बनने का अनुमान जताया है। इन सिस्टम की वजह से अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश होगी।

शांतिकुंज में मलयाली परिजनों का सनातन संवाद सत्र सम्पन्न

- दुबई सहित देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे प्रतिभागी, शिविर में हुए कुल 28 सत्र

हरिद्वार/नवप्रदेश। केरल, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात सहित दुबई से आये दो सौ से अधिक मलयाली परिवारों को सात दिवसीय सनातन संवाद शिविर का रविवार 28 अप्रैल को समापन हो गया। शिविर में कुल 28 सत्र हुए, जिसमें यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, संस्कार, संजीवनी विद्या, गायत्री महाविद्या, कर्मफल सिद्धांत सहित अनेक विषयों पर जानकारी दी गयी।

प्रतिभागियों ने शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी से भेंट की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शैलदीदी ने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पूज्य आचार्यश्री के विचारों में-साहित्यों में आज के समस्त समस्याओं का समाधान निहित है। इसका स्वाध्याय के बाद जीवन में उतारने से सफलता निश्चित है। शैलदीदी ने मलयाली भाषा में युग साहित्य एवं जन जागरण की गतिविधियों के विस्तार पर मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि मनुष्य का जीवन ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार है। इसे संवारें और ईश्वरीय विधान के अनुसार जीवन जियें। समापन सत्र को संबोधित करते हुए उमेश शर्मा ने कहा कि मनुष्य एक विचारशील प्रणाली है। चिंतन, मनन करने की क्षमता के कारण ही दुनिया के अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ माना गया है।

सुविचार

अच्छे के साथ अच्छा बने लेकिन बुरे के साथ बुरा न बने क्योंकि हीरे से तो हीरा तराशा जा सकता है किंतु कीचड़ से कीचड़ साफ नहीं किया जा सकता। - अज्ञात

ईवीएम को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट

हर चुनाव में हार के बाद ईवीएम को लेकर हाय तौबा मचाने वाले विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने करारा झटका दे दिया है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने और ईवीएम के साथ वीवीपैट स्लीप की सौ प्रतिशत क्रॉस चेकिंग कराने की मांग को लेकर दायर की गई याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि अब बैलेट पेपर का दौर कभी वापस नहीं आएगा। गौरतलब है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाते हुए विपक्षी पार्टियों ने अब तक लगभग 40 याचिकाएं कोर्ट में दायर की थी जिन्हें खारिज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम को क्लीन चिट दिए जाने से आईएनडीआई में शामिल उन राजनीतिक दलों को करारा झटका लगा है जो गाहे बगाहे ईवीएम को लेकर विधवा विलाप करते रहे हैं। जब भी किसी चुनाव में इन पार्टियों की पराजय होती है तो ये अपनी हार का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ते हैं और सरकार पर आरोप लगाते रहे हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है। वहीं जब ये विपक्षी दल चुनाव में जीत हासिल कर लेते हैं। इसे लोकतंत्र की जीत बताने लगते हैं। ईवीएम को लेकर विपक्षी पार्टियों के हल्ला मचाने के बाद चुनाव आयोग ने इन्हें चुनौती दी थी कि वे ईवीएम को हैक करके बताएं। किन्तु चुनाव आयोग की चुनौती को इन राजनीतिक पार्टियों ने स्वीकार नहीं किया था। बहरहाल अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईएनडीआईए के मुंह पर करारा तमाचा करार दिया है। पीएम मोदी ने कहा है कि विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। वे बार बार ईवीएम को बदनाम करते रहे हैं। दरअसल वे बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर इसलिए अड़े हुए थे ताकि फिर से मत पेटियों को लूट कर सत्ता पर काबिज हो सकें। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने उनके नापाक इरादों को नाकाम कर दिया है। किन्तु सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बयान दिया है कि ईवीएम के खिलाफ उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। समझ में नहीं आता कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम को क्लीन चिट दिए जाने के बाद अखिलेश यादव जैसे ईवीएम विरोधी नेता अब कौन सी लड़ाई लड़ेंगे? बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को सभी स्वीकार करें और ईवीएम पर उंगली उठाना बंद करें। ऐसे राजनीतिक दल इस बात पर चिंतन करें कि उनका जनाधार क्यों कमजोर पड़ रहा है और उन्हें हर बार चुनाव में हार का सामना क्यों करना पड़ रहा है। ईवीएम पर झूठा आरोप लगाने और उसकी विश्वसनीयता पर संदेह जताने से इन राजनीतिक पार्टियों को कुछ भी हासिल नहीं होगा। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब ईवीएम को लेकर हो रहे विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए।

दिल्ली सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

नई दिल्ली के जिस शिक्षा मॉडल को अरविंद केजरीवाल की सरकार देश का सबसे बढ़िया शिक्षा मॉडल बताती रही है। उसकी पोल आखिरकार खुल ही गई। नई दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। गौरतलब है कि नया शिक्षण सत्र शुरू हुए दो माह पूरा होने जा रहा है लेकिन अभी तक नई दिल्ली की सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दो लाख से अधिक छात्रों को पुस्तकें नहीं दी गई है। जिसकी वजह से उन लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। स्कूलों की हालत भी बद से बदतर पाई गई हैं। इस मुद्दे को लेकर दायर की गई जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने केजरीवाल सरकार को जमकर लताड़ा है और यह कड़ी टिप्पणी की है कि केजरीवाल सरकार सिर्फ सत्ता की लोभी है और वह अहंकार में चूर है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि केजरीवाल सरकार हाईकोर्ट को वह करने के लिए मजबूर कर रही है। जो कोर्ट करना नहीं चाहती नई दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज को भी हाईकोर्ट ने जमकर फटकारा है और यह कहा है कि आप सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाते रहते हैं। गौतरलब है कि सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली में स्कूली शिक्षा की बदहाली के लिए उपराज्यपाल को जिम्मेदार ठहराया था। यह सारा देश देख रहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले में जेल जाने के बाद से नई दिल्ली में सरकारी काम काज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं हैं और उनकी सरकार के जो मंत्री हैं उनमें से भी एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। और बाकी बचे मंत्री अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई की मुहिम में लगे हुए हैं। उनका तो बस एक यही काम देश को नजर आ रहा है कि केजरीवाल के प्रति लोगों में सहानुभूति कैसे पैदा की जाए और इसके लिए वे लगातार प्रेस कॉन्फ्रेन्स करते रहते हैं और अपनी सरकार की नाकामी पर पर्दा डालने के लिए उपराज्यपाल तथा केन्द्र सरकार को कोसते रहते हैं। नई दिल्ली के लोगों को कैसी दिक्कतें हो रही हैं। इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। अब जबकि हाईकोर्ट ने नई दिल्ली की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर तल्ख टिप्पणी की है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि आम आदमी पार्टी के कर्णधार अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा करने से बाज आएंगे। बेहतर होगा कि वे दिल्ली की जनता की समस्याओं पर ध्यान दें।

चुनावी राजनीति पर विदेशी ताकतों और खुफिया तंत्र का असर

आलोक मेहता

भारत के चुनावों पर दुनिया के मित्र अथवा प्रतियोगी या दुश्मन देशों की नजर और खुफिया तंत्र की भूमिका हमेशा रही है। सत्तर अस्सी के दशक में कम्युनिस्ट विचारधारा के मुकाबले के लिए उदार अर्थव्यवस्था वाली शक्तियां सक्रिय रही हैं। फिर पाकिस्तानी और कुछ इस्लामिक देशों ने अपने स्वार्थों के लिए कुछ दलों संगठनों का उपयोग शुरु किया। भारत की आर्थिक और राजनयिक क्षमता बढ़ने पर चीन ने अमेरिकी गुप्तचर एजेंसी सी आई ए और रूसी एजेंसी के जी बी की तरह अपना जाल बिछाने के प्रयास किए हैं। यही कारण है कि नेहरु इंदिरा राजीव युग से मोदी युग के सत्ता काल में चुनावी राजनीति पर प्रभाव डालने वाले संदिग्ध संगठनों और उनकी गतिविधियों , विदेशी फंडिंग पर नजर एवं कार्रवाई की बात उठ रही है। वर्तमान लोक सभा चुनाव और सत्तारूढ़ भाजपा के विरुद्ध कुछ संगठनों , विदेशी फंडिंग और हिंसक गतिविधियों की चर्चा हो रही है। मजेदार बात यह है कि अपने राज के दौरान इसी तरह की विदेशी ताकतों और गतिविधियों की आवाज उठाने वाले कांग्रेस या अन्य दलों के नेता अब मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा इन खतरों की बातों को गलत बताते हैं।

तब सवाल उठता है कि क्या विदेशी ताकतें और जासूसी एजेंसियां अपने स्वार्थों के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों या उनसे जुड़े संगठनों को समय समय पर समर्थन कर रही हैं। चाहे हथियारों के सौदे हों या खनिज सम्पदा वाले राज्यों में माओवादी नक्सल गतिविधियां अथवा किसान आंदोलन के नाम पर भारत विरोधी खालिस्तानी तत्वों की घुसपैठ या भारतोय औधोगिक बिजनेस समूहों के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव तथा केंद्र में मजबूत बहुमत वाली सरकार पर विदेशी ' गिद्ध निगाह लगी रहती है। कमजोर गठबंधन अस्थाई सरकारें विदेशी शक्तियों को अनुकूल लगती हैं , क्योंकि उनके निर्णयों को विभिन्न हथकंडों से प्रभावित किया जा सकता है। इस सन्दर्भ में वर्तमान देशी विदेशी संगठनों पर भारतीय गुप्तचर और सुरक्षा एजेंसियों की नजर अवश्य होगी। लेकिन इस मुद्दे पर जन सामान्य और युवा पीढ़ी के लिए हम जैसे पुराने पत्रकार पिछले रिकार्ड्स पर ध्यान दिला सकते हैं। सत्तर अस्सी के दशक में सोवियत रुस की गुप्तचर एजेंसी के जी बी और अमेरिकी जासूसी एजेंसी सी आई ए द्वारा भारत के राजनैतिक दलों पर प्रभाव और फंडिंग की जानकारियां इन देशों के एजेंटों और राजनयिकों ने पुस्तकों के माध्यम से स्वयं उजागर भी की । जैसे केजीबी के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और उसके सह-लेखक की एक पुरानी किताब में बताया गया कि रूसी एजेंसी ने भारत को तीसरी दुनिया की सरकार के केजीबी की सफलता का मॉडल घोषित किया। उनका कहना था कि भारत सरकार में खुफ्यिा, काउंटर-इंटेलिजेंस, रक्षा और विदेश मंत्रालयों, पुलिस में कई स्रोत हैं तत्कालीन केजीबी प्रमुख यूरी एंड्रोपोव के अनुसार तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पार्टी के लिए नकदी के सूटकेस भेजे गए , लेकिन उन्होंने सीपीआई को भारी मात्रा में धन दिए जाने का जिक्र नहीं किया , जबकि सरावधिक साहयता उन्हें मिल रही थी । हालाँकि, कांग्रेस और वामपंथियों की ओर से खंडन और विरोध हुआ। जब द मित्रोखिन आर्काइव 1999 में प्रकाशित हुई , तो पुस्तक ने हजारों केजीबी फाइलों से कॉपी की गई आधिकारिक और विस्तृत जानकारी के कारण पश्चिमी खुफ्यिा हलकों में सुनामी पैदा कर दी। लेखक वासिली मित्रोखिन की कहानी अधिक दिलचस्प थी। वह 1992 में ब्रिटेन चले गए, और अपने साथ शीर्ष गुप्त केजीबी दस्तावेजों का खजाना लेकर आए, जिन्हें उन्होंने वर्षों से गुप्त रखा था। उनके अपने देश और संतान से पलायन को 20वीं सदी के खुफ्यिा तख्तापलटों में से एक माना गया और सीआईए और ब्रिटिश गुप्तचर एजेंसी एमआई 5 द्वारा उनकी अभिलेखीय सामग्री को प्रामाणिक बताया गया।

खुफिया मामलों के अग्रणी किरदार क्रिस्टोफर एंड्रयू और सह-लेखक सीक्रल की एक किताब भारत सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में केजीबी की पैठ पर केंद्रित थी । पुस्तक की थीसिस यह थी कि सोवियत संघ ने निर्णय लिया कि तीसरी दुनिया ही वह क्षेत्र है जिसमें वह छद्म शीत युद्ध जीत सकता है।भारत के साथ विशेष संबंध शीर्षक वाले दो अध्याय भारत में केजीबी संचालन के पैमाने और पैठ की सीमा का विवरण देते हैं। पुस्तक में दावा किया गया कि शीत

युद्ध के दौरान तीसरी दुनिया के किसी देश में केजीबी द्वारा सबसे अधिक परिचालन प्रयास भारत में किया गया था और 1970 के दशक के दौरान भारत में केजीबी एजेंटों की संख्या सोवियत संघ के बाहर सबसे बड़ी थी। अधिक सनसनीखेज खुलासों में शामिल हैं ।

कांग्रेस आरोप को गलत बताती रही लेकिन पुस्तक में लिखा गया कि इंदिरा गांधी, जिन्हें केजीबी द्वारा VANO नाम दिया गया था, को कांग्रेस के खजाने के लिए धन के सूटकेस भेजे गए थे। एक अवसर पर, पोलित ब्यूरो की ओर से कांग्रेस (आर) को 2 मिलियन रुपये का गुप्त उपहार भारत में केजीबी प्रमुख लियोनिद शेबरशिन द्वारा व्यक्तिगत रूप से दिया गया था। उसी अवसर पर श्रीमती गांधी का समर्थन करने वाले एक अखबार को दस लाख रुपये और दिये गये। 1978 में, केजीबी भारत में 30 से अधिक एजेंटों को चला रहा था, जिनमें से 10 भारतीय खुफिया अधिकारी थे 71977 में, केजीबी फाइलों ने 21 गैर-कम्युनिस्ट राजनेताओं (चार केंद्रीय मंत्रियों) की पहचान की, जिनके चुनाव अभियानों को केजीबी द्वारा सहायता दी गई 7 1959 में, सीपीआई महासचिव अजॉय घोष सोवियत गुट के साथ व्यापार के लिए एक आयात-निर्यात व्यवसाय स्थापित करने की योजना पर सहमत हुए। एक दशक से भी कम समय में इसका वार्षिक मुनाफा बढ़कर 30 लाख रुपये से अधिक हो गया। 1975 के दौरान, भारत में श्रीमती गांधी के लिए समर्थन को मजबूत करने और उनके राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने के लिए डिज़ाइन किए गए सक्रिय उपायों पर कुल 10.6 मिलियन रूबल खर्च किए गए थे। रक्षा मंत्री के रूप में वी. कृष्ण मेनन को सोवियत मिग खरीदने के लिए राजी किया गया था, न कि ब्रिटिश लाइटनिंग्स खरीदने के लिए। 1962 और 1967 में उनके चुनाव अभियानों को केजीबी द्वारा वित्त पोषित किया गया था।1973 तक, केजीबी के पेरोल पर 10 भारतीय अख़बार और एक न्यूज़ एजेंसी थी। 1975 के दौरान केजीबी ने भारतीय अखबारों में अपने विचारों और संगठनों के अनुकूल वातावरण के लिए 5,510 लेख प्रकाशित करवाए। अंदाज लगाइये , उस सीमित आय वाले दौर में कुछ पत्रकार लाखों रूपये पाने लगे। भारत में यह सवाल उठाया गया कि क्या लेखकों ने जासूसी कहानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। सीपीआई महासचिव एबी बर्धन ने कहा ''यह एक बदनामी की कोशिश है। '' लेकिन वाशिंगटन में शीत युद्ध अंतर्राष्ट्रीय इतिहास परियोजना सहित कई स्रोत और पुस्तकें मौजूद हैं, जिनमें भारत में केजीबी की पैठ का विवरण दिया गया है।दिल्ली में रह चुके पूर्व केजीबी अधिकारी शेबरशिन सहित केजीबी अधिकारियों के दो पहले के संस्मरणों में भी भारत में इसके संचालन का विवरण दिया गया है। आईबी के पूर्व निदेशक एमके धर ने अपनी पुस्तक ओपन सीक्रेट्स में लिखा है कि आईबी 'चार केंद्रीय मंत्रियों (इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में) और दो दर्जन से अधिक सांसदों की पहचान करने में सफल रही थी जो केजीबी पेरोल पर थे'। उन्होंने लिखा है कि 'केजीबी की पहुंच का सबसे आश्चर्यजनक क्षेत्र रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बलों की वे परतें थीं जो सैन्य खरीद के लिए जिम्मेदार थीं'। 50 और 60 के दशक में भारत में केजीबी परिचालन का तेजी से विस्तार हुआ। पुस्तक से पता चलता है कि मॉस्को में दूतावास में एक भारतीय राजनयिक, को क्लासिक हनी ट्रैप के माध्यम से भर्ती किया गया था, जिसमें एक महिला केजीबी एजेंट ने नेवरोवा के स्वादिष्ट कोडनेम के साथ सहयोग किया था। ऐसा नहीं है कि केजीबी भारत में सक्रिय एकमात्र एजेंसी थी।

आज का इतिहास

1661 में आज ही के दिन चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा कर लिया था।

1639 में आज ही के दिन दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई थी।

1813 में 29 अप्रैल को ही अमेरिका में जेएफहम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया गया था।

1848 में सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म आज ही के दिन हुआ था।

1903 में महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल हाईकोर्ट में लीगल प्रैक्टिस शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की थी।

1920 में 29 अप्रैल को ही ग्रेट मैथमैटिशियन श्रीनिवास रामानुजम का निधन हुआ था।

1930 में आज ही के दिन ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलीफोन सेवा की शुरूआत हुई थी।

1939 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया था।

1991 में 29 अप्रैल को बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में 1. 38 लाख लोगों की मौत हो गई थी।

1993 में आज ही के दिन पहली बार बकिंघम पैलेस को जनता के लिए खोला गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किस मोहब्बत की बात

किस मोहब्बत की बात करते हो, सिर्फ़ मिट्टी के खिलौने पर मरते हो यकीनन वो हासिल-ए मोहब्बत का हिसाब लेगा, इस बात से डरते हो काश! वो मेरा हमसफ़र रहा होता, फिर न जीवन सहरा सा रहा होता आंसुओं की इबादत को क्या जानों, क्यों मुरझाए से फूल नज़र करते हो।

-केदारनाथ शब्द मसीहा

हूं कंगाल पर सब कुछ

हूं कंगाल पर सब कुछ है पास मेरे, अपूर्ण सब-बस तुझसे इक आश है मेरे, दिया रब का है सबके साथ मगर मैं, शायद अपनों से अंदाज अलग हैं मेरे, अपना अपना कह जग जिया हूं मैं बस सपनों के सुनहरे राह अलग हैं मेरे,

- ललित उपाध्याय

खास पाती | जुड़ते है कई रिश्तों से कुछ ईश्वर

जुड़ते है कई रिश्तों से कुछ ईश्वर के द्वारा तो कुछ सांसारिक बंधनों से और कुछ अनायास। कभी उन्होंने बांधे तो हमने सहेजे कुछ डगमगाए तो हमने संभाले। कुछ ने परखा किसी ने संवारा कोई जीवन के स्तम्भ बने जो कमजोर थे वो बाहरी हवाओ के शिकार हो गए। कुछ पहले भी मजबूत थे आज भी अडिग है और हमेशा रहेंगे ये खूबसूरत बंधन जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी।

- सीमा नागर

अजब है रिश्तों का खेल दूरियां है

अजब है रिश्तों का खेल दूरियां है या मजबूरियां एक दूसरे से कतराते गांठ पर गांठ लगाते मन का दुराव कहां छिपता हाल से अनजान रहते कहने के बहुत कुछ है सुनने का कोई अपना तो हो किसके कंधे सर रख रोये कोई कन्धा महफूज नही शहर से बंटा नही रिश्ते रिश्ते ने बांट दिये रिश्ते को कोई हाल किसी से क्या पूछे कोई खुल कर कुछ बताये तब रिश्ते अब रिस रहे है भरने का पहल कौन करे!!

- प्रीति श्रीवास्तव

मन में उनके खोट है, नीयत भी नापाक।

मन में उनके खोट है, नीयत भी नापाक । बना रहे जो तंत्र का ,खुलकर आज मजाक । खुलकर आज मजाक ,मोह कुर्सी का जिनको। कहें झूठ पर झूठ, लूटते हरदम धन को । लोलुपता का खून, दौड़ता जिनके तन में। नैतिकता की सोच ,कहां फिर होगी मन में ।।

-रमेश शर्मा

रक्षित शकुंत पक्षी द्वारा हुई बालिका

रक्षित शकुंत पक्षी द्वारा हुई बालिका तो रक्खा कण्व ॠषि द्वारा नाम ही शकुंतला मातु जिसकी मेनका जनक विश्वामित्र ॠषि पोषित हुई कण्व ॠषि धाम ही शकुंतला दिया ऐसा शाप दुर्वाशा ने शकुंतला को भूला दुष्यंत नाम गाम ही शकुंतला खोई हुई मुद्रिका जो देखी दुष्यंत ने तो याद आया भूला था जो नाम हीं शकुंतला ।।

- आरती आलोक वर्मा

सैम पित्रोदा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष है

सैम पित्रोदा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष है!! फिलहाल ये खड़गे जी के बाद सबसे बड़े नेता है! भारत के हर नागरिक को पता है ये कांग्रेस का प्रमुख थिंक टैंक है। इसलिए इनके यही विचारधारा है ये अपने लोगों को सूचित कर रहे हैं। कल रविश और ध्रुव राठी जैसे लोग इस वेल्थ मेनेजमेंट स्कीम के फायदे बता देंगे ।। बहरहाल 100% मतदान करें ।।

- अंबर दानी

सुन ऐ चाँद तेरी तन्हाई से आज रश्क

सुन ऐ चाँद तेरी तन्हाई से आज रश्क कर रहा है कोई वो न जागा ही है पूरा और न ही सोया है अभी वो टहलता है यादों की भीगी रेत में और गाता है चंद लफ़्ज़ हाँ सही सुना तूने चंद लफ़्ज़, के रुंधे गले से गाने कब निकले हाँ कभी झूमता था जो लहरों के संग और जिसने गाये हैं मदमस्त गीत सुन ऐ चाँद तेरी तन्हाई से आज रश्क कर रहा है वही आ चाँद जमीं पे उतर आज तू और बना उसे दोस्त अपना और बाँट उससे तू अपनी भी तन्हाई कि तेरी तन्हाई से आज रश्क कर रहा है कोई,,

- शुचि भवि

प्रेरक प्रसंग

निंदा असह्य

कॉलेज के पादरी हिंदू धर्म की बुराई किया करते। एक बालक को यह बात सहन न हुई। उसने खड़े होकर पूछा-महोदय ! क्या ईसाई धर्म दूसरों धर्मों की निंदा करना ही सिखाता है ?

पादरी खीज उठा, उसने कहा- और क्या हिंदू धर्म दूसरे की प्रशंसा करता है?

बालक ने तटस्थता से उत्तर दिया - हाँ! हमारा धर्म किसी भी धर्म की बुराई नहीं करता। गीता में हमारे भगवान् कृष्ण ने स्वयं कहा है किसी भी देवता की उपासना करने से मेरी ही उपासना होती है। अब आप ही बताइए हमारा धर्म दूसरे धर्मों की निंदा कैसे कर सकता है ?

पादरी को उत्तर न देते बना। भारतीय संस्कृति जिसकी रग-रग में बस रही थी, वह बालक दर्शन का प्रकांड पंडित हुआ, हम सब उन्हें डॉ. राधाकृष्णन के नाम से जानते हैं।

QUIZ TIME

1) उल्लू रात में आसानी से क्यों उड़ते है?

2) न्यूरॉन्स के कोशिकाओं की संख्या सबसे अधिक कहां होती है?

3) नए संसद भवन में कितने समिति कक्ष का निर्माण किया गया है?

4) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना कब हुई थी?

5) प्रबोवो सुबियांतो को किस देश का नया राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) रेटिना में छड़ कोशिकाएं (2) मस्तिष्क (3) 6 (4) 2 अप्रैल 1990 (5) इंडोनेशिया

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:47 , सूर्यास्तः 06:50
चन्द्रोदयः 23:22 , चन्द्रास्तः 08:30
अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)
ॠतुः ग्रीष्म
शक सम्वतः 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल)
मास वैशाख , पक्ष कृष्ण
तिथि पञ्चमी , नक्षत्र पूर्वाषाढ
योग सिद्ध
प्रथम.करण बालव (08:21 तक)
द्वितीय करण कौलव (20:12 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य मेष , चंद्र धनु
मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध - मीन (उदित, पूर्व, वक्री)
गुरु - मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र - मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी)
शनि - कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु - मीन , केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:52 से 12:45
अमृत काल 22:19 से 23:57
सर्वार्थसिद्धि योग 05:43 से 28:49
विजय मुहूर्त 14:31 से 15:24
गोधूलि मुहूर्त 18:53 से 19:15
सायाह्न सन्ध्या 18:55 से 19:59
निशिता मुहूर्त 23:57 से 24:40
राहुकाल 07:30 से 09:00
राहुवास उत्तर
यमगण्ड 12:19 से 13:58

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको आध्यात्म एवं परोपकारी कार्यो का लाभ किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

वृषः आज के दिन अकस्मात सेहत सम्बंधित समस्या हो सकती है। कार्य करने से मन चुरायेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सामाजिक क्षेत्र से नए संबंध बनाने में सहायक बनेगा। काम काज की गति आरम्भ में कुछ धीमी रहेगी लेकिन संध्या तक संतोषजनक रहेगी।

कर्कः आज के दिन छोटी अथवा बड़ी यात्रा के योग बन रहे है इसके कारण दिनचर्या अस्त व्यस्त होगी कार्य क्षेत्र पर भी योजनाओं में बदलाव करना पड़ेगा लेकिन फिर भी स्नेहीजन से भेंट मन को प्रसन्न रखेगी।

सिंहः आज के दिन आप अपने विवेकी व्यवहार से सभी जगह सम्मान पाएंगे। मध्यान तक पारिवारिक उत्तरदायित्वों की पूर्ति में व्यस्त रहेंगे।

कन्याः आपका मन घरेलू कलह से अशान्त रहेगा। दिनभर किसी न किसी से रूठने मनाने का क्रम चलता रहेगा

तुलाः आपका आज का दिन भागदौड़ वाला रहेगा दिन के आरंभ में यात्रा करनी पड़ेगी लेकिन इनसे व्यवहारिक लाभ के अतिरिक्त अन्य किसी लाभ की उम्मीद ना रखें।

वृश्चिकः आप आज आलस्य से भरे रहेंगे अतिआवश्यक कार्य भी मजबूरी में करेंगे लेकिन ध्यान रहें आज आप जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसके आरम्भ में कोई ना कोई टांग अड़ायेगा।

धनुः आज के दिन आपके मन मे नए नए विचार बनेंगे दिन का अधिकांश समय कल्पनाओं में ही व्यतीत होगा।

मकरः आज के दिन आपको नजदीकियों की उपेक्षा का शिकार बनना पड़ेगा भाग्य का साथ आज कम ही मिलेगा।

कुंभः आज का दिन लाभ की कई नई सम्भावनाये जगायेगा इनमे से कुछ एक आज पूर्ण होंगी।

मीनः आज दिन के आरंभ में आप जिस कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे वह टलते टलते मध्यान बाद ही पूर्ण हो सकेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -041

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. गांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चगड़ा, चाग 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	री
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

न्यूज गैलरी

चोरी के जेवर बेचने ग्राहक तलाश रहे दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनसे चोरी के जेवर और सिलाई मशीन जब्त की गई है। आरोपी युवकों को न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कर दिया गया। सिरगिट्टी थाना प्रभारी भारती मरकाम ने बताया कि पुलिस की टीम चोरों की जानकारी जुटा रही थी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि दो युवक चोरी के जेवर और सिलाई मशीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर बन्नाकडीह में रहने गोपाल धुरी 28 वर्ष और जांजगीर-चांपा जिले के रोहदी रोहदा में रहने वाले कन्हैया उर्फ बिल्लू दिवाकर 30 वर्ष को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों गोलमोल जवाब दे रहे थे। कड़ाई करने पर युवकों ने एक महीने पहले बन्नाक चौक में रहने वाले अमृत राव के मकान में चोरी करना बताया। उन्होंने चोरी के जेवर को साकिब उर्फ केपी दिल्ली वाले के पास बेचना बताया। युवकों ने कुछ जेवर और सिलाई मशीन को अपने पास होना बताया। पुलिस ने युवकों की निशानदेही पर चोरी के जेवर और सिलाई मशीन को जब्त कर लिया है। आरोपी युवकों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

चोरी की बाइक और मोबाइल सहित दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ट्रेन छूट जाने पर ट्रेक किनारे पैदल जा रहे युवक से लूट के मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूट के मोबाइल और चोरी की बाइक को जब्त किया गया है। आरोपित नाबालिग और युवक को न्यायालय में पेश किया गया है। सक्ती जिले के मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम भठोरा में रहने वाले भोलाशंकर चंद्रा ने लूट की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि वह अपने भाई पवन चंद्रा से मिलने के लिए बिलासपुर आए थे। भाई से मिलने के बाद से सक्ती जाने के लिए रेलवे स्टेशन आए थे। ट्रेन छूटने पर वे पैदल ही गतौरा जाने के लिए निकले थे। पैदल चलते हुए वे लालखदान ब्रिज के पास पहुंचे थे, तभी बाइक सवार दो युवक वहां आए। उन्होंने भोलेशंकर चंद्रा से नाम पता पूछा। नाम पता पूछने के बाद बाइक सवार युवकों ने धमकाते हुए उनसे मोबाइल लूटकर भाग गए। पीड़ित आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसी दौरान पता चला कि लूटपाट करने वालों में एक युवक का नाम रवि शंकर पाल(18) है। पीड़ित ने मामले की शिकायत तोरवा थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित रवि और उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक और उसके साथी ने चोरी की बाइक पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

नेशनल क्रिकेट में आयुष का चयन

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले बिल्हा ब्लाक से नेशनल क्रिकेट अंडर 17

सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ टीम में सीपत के समीपस्थ ग्राम मटियारी के आयुष शिकारी का चयन बतौर ऑलराउंडर क्रिकेट प्लेयर के रूप में हुआ है। जिनका मैच राजस्थान के जयपुर शहर में होगा। छत्तीसगढ़ टीम अंडर 17 में चयन होने पर कोच एवं चीफ सेलेक्टर नितिन राय ने आयुष के बेहतर ऑलराउंडर प्रदर्शन पर अच्छे खेल से नेशनल स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित करने की बात कही। इनके चयनित होने पर इनके माता पिता, शिक्षक सुनील गायत्री शिकारी सहित शुभचिंतकों ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इनके चयनित होने पर मटियारी के होनहार युवा के राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए चयनित होकर ग्राम का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुचाने के लिए जांजगीर चाम्पा आईपीएस सेनानी 11 बटालियन राजेश अग्रवाल एवं क्रिकेट खिलाड़ी मार्गदर्शक प्रमोद कुमार पाण्डेय विजय सिसोदिया संजय जायसवाल गोविंदा नैवेद्य पाण्डेय नीतीश बघेल श्रीकांत टाइगर शोभा टाइगर वीरेंद्र जायसवाल सहित समस्त खेल प्रेमियो ने शुभकामनाएं दी है।

घर आजा संगवारी, मतदान करेबर -रिमन सिंह

सीपत/नवप्रदेश। विकासखण्ड मस्तुरी के सीपत परिक्षेत्र की मितानिनों मितानिन प्रशिक्षक का एक दिवसीय कार्यशाला चुनाई नेवता प्रशिक्षण का आयोजन मंगल भवन सीपत मे आयोजित किया गया। जिसमें रिमन सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर, जे.आर.भगत सी.ई.ओ.जनपद पंचायत मस्तुरी ,डॉक्टर अनिल कुमार बी.एम. ओ.मस्तुरी के द्वारा चुनाई नेवता में मतदान दल घर-घर जाकर लोगों से बात कर मतदान करने के लिए प्रेरित करना एवं घर के हर एक सदस्यों को उनके नाम का पर्चीं पीला अक्षत चावल देकर लोकसभा चुनाव 7 मई को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान करने के लिए प्रेरित करें एवं गांव से पलायन गये लोगों को वाट्सएप करना व घर आजा संगवारी, मतदान करें बर का संदेश देना मतदान के लिए दिव्यांग, वृद्धजनों को संगवारी रिक्शा में मतदान करने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई मतदान आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है शपथ दिलाई गई एवं सीपत परिक्षेत्र की प्रत्येक गांव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को जिम्मेदारी दी गई प्रशिक्षण में संतोष महिलांगे बी.ई.टी.ओ. भूपेन्द्र देवागंन बी.पी.एम. संजय सिंह मधुकर बी.ए.एम. राधेश्याम सुर्यवंशी बी.डी.एम. रघुवीर तिवारी राजेश साहू सुपरवाइजर, रेखा पाण्डेय सचिव ग्राम पंचायत सीपत, सरोज यादव, मधुलता पाटनवार.कौशिल्या साहू, हिरामती पाटनवार, गौरी यादव, कनीजा बानो, सुनीता उपाध्याय बहोरन खरे, मितानिन प्रशिक्षक एवं हीरालाल यादव ब्लाक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम मस्तुरी उपस्थित थे।

महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज तक सड़क का निर्माण शुरु

मंगला चौक पर जाम की समस्या से मिलेगी निजात

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के मंगला नाका चौक पर लगने वाले जाम की समस्या जल्दी ही दूर हो जाएगी। ट्रैफिक डायवर्ट करने के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी ने महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज तक बाइपास रोड के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ फोरलेन रोड के काम को पूरी करने की डेडलाइन कल समाप्त हो जाएगी। इसके बाद तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने इसे स्वीकृति देकर बेजा कब्जा हटाने का काम शुरू कराया। वहीं कुछ प्रकरणों पर कोर्ट की रोक के कारण काम अटका हुआ था, जिसे मौजूदा कमिश्नर अमित कुमार ने निराकरण करवा कर नई बाइपास रोड के निर्माण का काम शुरू कराया। यह पहला मौका है जब जमीन खाली होते ही उस पर काम शुरू करा दिया गया।

महावीर नगर से उसलापुर की ओर कई किलोमीटर जमीन नगर निगम को रेलवे से 1952 में बंदोबस्त के अंतर्गत मिली थी। यह जमीन रेलवे द्वारा मुंगेली-कवर्धा रेलवे लाइन के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी, परंतु प्रस्तावित रेल लाइन की योजना तब ड्रॉप कर दी गई।

इसके बाद उक्त जमीन पर लगातार बेजा कब्जा होने लगा। नगर निगम के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा ने दावा किया है कि महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज के पार तक 850 मीटर लंबी और 20-24 मीटर चौड़ी बाइपास रोड के निर्माण से मंगला नाका चौक पर जाम की समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगला नाका चौक से उसलापुर की ओर जाने वाली सड़क पर वर्तमान में नेहरू चौक, व्यापार विहार, रायपुर रोड और पद्मश्री पं श्यामलाल चतुर्वेदी स्मार्ट रोड का ट्रैफिक पहुंचता है। रोड की चौड़ाई कम होने की वजह से मौके पर जाम लग जाता है। नई बाइपास रोड के बन जाने से स्मार्ट रोड और महाराणा प्रताप चौक की ओर से आने वाले ट्रैफिक को महावीर नगर बाइपास का विकल्प मिल जाएगा। इससे मंगला नाका से उसलापुर रोड का ट्रैफिक घट कर आधा हो जाएगा। उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज से सकरी-पेंड्रीडीह बाइपास रोड तक 24.34 करोड़ की लागत वाले फोरलेन रोड के निर्माण का कार्य ठेके की शर्त के हिसाब से सितंबर 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही से इसमें काम टलता रहा। इसमें अफसरों ने समस्या हल करने की बजाए ठेकेदारों का साथ दिया। काम में देरी के बावजूद पेनाल्टी नहीं लगाई गई। पिछली सरकार ने चुनाव से पहले निर्माण कार्य कराने निर्देशित किया गया था, लेकिन काम की धीमी गति के कारण नई सरकार चुनाव तक इसे पूरा नहीं करा पाएगी। बता दें कि उसलापुर फ्लाईओवर से फोर्ड शो रूम और आगे बाइपास रोड तक रोड निर्माण का काम 2 पार्ट में अविनाश बिल्डकॉन और श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को क्रमशः 12.67 करोड़ और 11.67 करोड़ के? ठेके पर दिया गया।

कलेक्टर और एसपी ने चलाई साइकिल दिया मतदान का संदेश

सैकड़ों लोगों ने साइकिल रैली में लिया हिस्सा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज सुबह शहर के प्रमुख मार्गो का नजारा ही कुछ अलग था। जिले के कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह के साथ तमाम आला अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता संदेश देने साइकिल चलाई। स्वीप साइकिल रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए लोगों को जागरूक किया। इस स्वीप साइकिल रैली का आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से आईडीबीआई बैंक द्वारा किया गया। रैली आत्मानंद स्कूल प्रताप चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कोतवाली चौक, गांधी चौक, शिव टाकिज चौक, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, अम्बेडकर चौक, और पुलिस पेट्रोल पंप से होते हुए स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। रैली में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, सीईओ जिला पंचायत आर.पी.चौहान, आईडीबीआई बैंक के डीजीएम अमिताभ बाजपेई, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, बाइकर्स कम्युनिटी बिलासपुर के सदस्य, एनसीसी, युवा मतदाता सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता संदेश दिया। कलेक्टर ने सभी को कार्यक्रम में मतदाता शपथ दिलाई। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने रंग-बिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े गए। रैली के बाद स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि मतदान का ये अधिकार हमें कठिन संघर्षो से मिला है, हमें इसका महत्व समझकर मतदान अवश्य करना चाहिए।

ईव्हीएम मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों को बांटने का काम सेकण्ड रेण्डमाइजेशन से किया गया। मंथन सभाकक्ष में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया से ईव्हीएम मशीनों को बांटने का कार्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान विधानसभावार ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसके पश्चात् राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बनर्जी ने बताया कि प्रथम रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्र आबंटित किया गया था। वहीं द्वितीय रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीनों को आबंटित किया गया है। मतदान केन्द्र आबंटित होने के पश्चात् ईव्हीएम कमीशनिंग का काम शुरू होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि कमीशनिंग एवं मॉकपोल के दौरान ईव्हीएम में किसी प्रकार की खराबी पाए जाने पर रिजर्व मशीनों से बदला जा सकता है।

गाज गिरने से किसान की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसान खेत की रखवाली कर रहा था, तभी किसान बिजली की चपेट में आ गया और उसकी जान चली गई। मामला मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम विद्याडीह की है। मिली जानकारी के मुताबिक ललित कुमार कुर्रे 26 वर्ष मल्हार चौकी पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। उसके पिता चिंताराम कुर्रे 60 वर्ष घर के पास खेत में रबी फसल लगाए हैं, जिसको मवेशियों से बचाने रोज खेत की रखवाली करते थे। खेत में ही मचान बनाकर बैठे रहते थे। आज सुबह 9 बजे के आसपास खेत में बने मचान में बैठकर रखवाली कर रहे थे, तभी अचानक मौसम बदलने से तेज आंधी तूफान चलने लगी। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरी चिंताराम कुर्रे की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मल्हार पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम के लिए बाद लाश को परिजनों को सौंप दी जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ता बूथों पर करें फोकस-शिवप्रकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश बिलासपुर के जिला कार्यालय में कोरबा एवम बिलासपुर लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। उनकी बैठक पूरी तरह से बूथ मैनेजमेंट और भाजपा के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान कराने को लेकर केंद्रित रही लगभग डेढ़ घण्टे से भी अधिक समय तक चली इस बैठक में ज्यादातर समय वे बूथ प्रबंधन को लेकर ही चर्चा करते रहे। उन्होंने कहा कि बूथ प्रबंधन को लेकर हमारी रणनीति स्पष्ट होनी चाहिए कैसे बूथों में बढ़त हासिल किया जाए मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने के कौन कौन से माध्यम हो सकते हैं इन विषयों पर चिंतन करना आवश्यक है हमे प्रधानमंत्री मोदी के उस अपील को भी ध्यान में रखना चाहिए जिस पर उन्होंने काश्मीर से धारा 370 की खात्मे बात कहते हुए प्रत्येक बूथों में भाजपा के पक्ष में 370 वोट जोड़ते हुए डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची

श्रद्धांजलि देने की बात कही है। श्री शिवप्रकाश ने कहा कि देश का विपक्ष के पास मुद्दो का आभाव है चुनाव में अपने प्रदर्शन को लेकर निराशा हैं, इसलिए वह केवल भ्रम फैला रही है कांग्रेस ने संविधान का मज़ाक उड़ाया बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया उन्हे हराने के लिए प्रपंच करती रही दे इन बातों को देश की जनता के समक्ष रखना होगा।

सिस्टम मजबूत, मौसम बदलने की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज फिर शहर में मौमस ने मिजाज बदला। सुबह हल्की बूंदाबूंदी हुई। शहर में इन दिनों मौसम का मिजाज उतार-चढ़ाव का है। धूप तो कभी छांव है। सुबह बदली, दोपहर को धूप और शाम को आसमान में काले घने बादल। ऐसा प्रतीत होता है मानों किसी भी वक्त तेज हवा या पानी गिर जाए। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज दर्ज किया गया। कल सोमवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही बना रह सकता है। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ चक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8

किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ एक द्रोणिका ऊपरी हवा में 7.6 किलोमीटर ऊंचाई पर 64 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से उत्तर तमिलनाडु तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से शनिवार को मौसम में बदलाव महसूस हुआ। यह स्थिति रविवार को भी बने रह सकता है। फिलहाल शहर में धूप छांव के साथ भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।

छा सकते हैं काले बादल

मौसम विभाग की मानें तो बिलासपुर सहित प्रदेश में 29 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने व अंधड़ चलने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

बहकावे में न आएं, स्वविवेक से करें मतदान

साहू समाज के अध्यक्ष ने बयान जारी कर लोगों से की अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में साहू मतदाताओं की संख्या काफी है और इसी लिहाज से साहू मतदाताओं का वोट एकमुश्त बटोरने के लिए राजनैतिक दलों द्वारा साहू प्रत्याशी घोषित किया जाता है तथा कुछ हद तक घोषित, अघोषित रूप से किसी न किसी के माध्यम से साहू मतदाताओं पर दबाव डाला जाता है कि वे अपनी ही जाति के प्रत्याशियों को वोट दें ताकि आपके समाज के बीच का व्यक्ति चुनाव जीत कर सांसद बन सके। ऐसी स्थिति में कई बार अयोग्य लोगों की भी जीत हो जाती है। शायद इसीलिए प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने लिखित में इस आशय का बयान जारी किया है जिसमे कहा गया है कि भ्रामक और झूठा प्रचार से सावधान! छत्तीसगढ़ सर्व साहू समाज के नाम से कुछ स्वयभू तथा कथित स्वयंभू प्रदेश अध्यक्ष जो नरेन्द्र मोदी व भाजपा को समर्थन करने का भ्रामक एवम झूठा प्रचार प्रसार किया जा रहा है जबकि छग में प्रदेश में सर्व साहू समाज नाम का कोई संगठन नहीं है। छग में मात्र छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ पंजीयन क्रमांक 33/61 है जिसका कार्यालय भामा शाह साहू छात्रावास परिसर टिकरा पारा रायपुर में है और स्वतंत्र संगठन हैं। छत्तीसगढ़ साहू संघ 33/61 द्वारा माननीय नरेन्द्र मोदी व भाजपा व किसी राजनैतिक पार्टी का समर्थन नहीं करती। छग प्रदेश साहू संघ 33/61 में सभी प्रकार के राजनैतिक विचारधारा के सामाजिक बंधु गण निवास करते है और अपने अपने विचारधारा के अनुसार मतदान करते है। छग प्रदेश में साहू समाज के नाम से गैर संगठन चल रहा है।जिसका छग प्रदेश साहू संघ 33/61 से कोई लेना देना नही है ।अगर वाट्स अप में कई गैर संगठन के लोग अपने आ पको प्रमोट करने के लिए साहू समाज का दुरुपयोग करते है , ऐसे लोगों के खिलाफ छग प्रदेश साहू संघ कड़ाई से विरोध दर्ज कराएगी। अतः छग प्रदेश साहू संघ रायपुर सभी सामाजिक बंधुओ से अपील है कि किसी प्रकार के झूठे और भ्रामक प्रचार के चक्कर में नही पड़े। अपना मतदान अपने विचारधारा के अनुसार करें।

विवाह में जाने से पूर्व कर लें वर-कन्या की आयु की जांच

बाल विवाह कानूनन अपराध

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी वैवाहिक पत्रिका प्रिंटर्स संचालक, टेंट-प्रदाता, शादी भवनों के प्रबंधक, कैटरर्स, बैंड वाले एवं डेकोरेटर्स से अपील की है कि वे सेवा देने से पूर्व वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने की पुष्टि कर लें। वर-वधु के आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही अपनी सेवा प्रदान करें अन्यथा बाल विवाह प्र्तिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि प्रायः अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है तथा बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में वृद्धि होती है। बाल विवाह प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 अंतर्गत विवाह हेतु बालक हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। बाल विवाह प्र्तिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 की धारा 10 एवं 11 अंतर्गत जो कोई किसी बाल विवाह को संपन्न करेगा, संचालित करेगा या निर्दिष्ट करेगा, दुष्प्रेरित करेगा वह दो वर्ष के कठोर कारावास से और एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम हेतु वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने संबंधी सूचना अपने सामाजिक स्तर पर प्रसारित करने का कष्ट करें। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 अथवा नजदीकी थानें को सूचना प्रदान कर सकते है।

हिफाजत | एसईसीएल में मनाया गया कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य दिवस

सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सजग होकर काम करें-कापरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज एसईसीएल मुख्यालय में विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री कापरी एवं विशिष्ट अतिथि सीवीओ जयंत कुमार खमारी एवं निदेशक तकनीकी (यो/परि.) फ्रैंकलिन जयकुमार द्वारा खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

श्री कापरी ने सभी उपस्थितों को सुरक्षा शपथ दिलाई एवं कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं सजग रहते हुए कार्यनिष्पादन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्षों सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (खनन)/विभागाध्यक्ष (सुरक्षा एवं बचाव) जीपी शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं मंच संचालन मुख्य प्रबन्धक (खनन) सौरभ पांडे द्वारा किया गया।

■ न्यूज गैलरी

निर्वाचन कार्य में शराब सेवन कर उपस्थित प्रधान अध्यापक निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रधान अध्यापक धरमदेव मरकाम को निलंबित कर दिया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-11 कांकेर अंतर्गत धर्मदेव मरकाम प्रधान अध्यापक, प्राथमिक शाला बालक आश्रम एड़ानार, संकुल केंद्र सरन्डी, विकासखण्ड अंतागढ़ की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर केमतदान केंद्र क्रमांक 215 में मतदान अधिकारी क्रमांक 02 में लगाई गई थी।

संबंधित कर्मचारी द्वारा 25 अप्रैल को निर्वाचन कर्तव्य पर शराब का सेवन कर उपस्थिति दी गई थी, जिसका चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने पर शराब का सेवन किया जाना पाया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत करते हुए, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य पर शराब पीकर नशे की हालत में उपस्थित होने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के उपनियम (1) (क) के तहत धरमदेव मरकाम प्रधान अध्यापक, प्राथमिक शाला बालक आश्रम एड़ानार, संकुल केंद्र सरन्डी, विकासखण्ड अंतागढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

पोटियाडीह में देवांगन समाज का आर्दश विवाह आज

धमतरी/नवप्रदेश। पोटियाडीह मंडल देवांगन एवं ग्राम ईकाई पोटियाडीह देवांगन समाज के तत्वावधान में आदर्श विवाह सोमवार 29 अप्रैल को सम्पन्न होगा। जिसमें आयुष्मति किरणलता सुपुत्री स्व. ओमप्रकाश देवांगन ग्राम पोटियाडीह व आयुष्मान भरत देवांगन (अमित) सुपुत्र पारस देवांगन, हनुमान नगर रायपुर का आदर्श विवाह गायत्री मंदिर पोटियाडीह में होगा। जिसमें समाजजनों ने उपस्थिति की अपील की है।

सड़क हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री घायल

धमतरी/नवप्रदेश। रविवार 28 अप्रैल की सुबह एक सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद उन्हें उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उनकी सेहत बेहतर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा आज सुबह अपनी बाइक से शहर भ्रमण पर निकले इसी दौरान सोरिद के पास अचानक उनकी बाइक स्लीप हो गई जिससे श्री रोहरा गिर पड़े जिससे उनके होंठ व शरीर के कुछ हिस्सों पर चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने तत्काल घायल श्री रोहरा को श्रीराम हास्पिटल ले गए। जहां उनका उपचार किया गया। जैसे दुर्घटना में रामू रोहरा की घायल होने की सूचना भाजपाइयों व शुभचिंतकों को मिली वे हास्पिटल पहुंचकर उनका हालचाल लेते रहे।

अवैध शराब बेचते 2 गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब बेचने वाले एक महिला और पुरुष को छावनी थाना पुलिस ने पकड़ा है। दोनों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस के द्वारा क्षेत्र मे दिनांक 27/04/2024 को मुखबिर से जलेबी चौक, प्रगति नगर, दुर्गा मंदिर के पास कैम्प 01 भिलाई मे आशा सिंग नामक महिला एवं कोमल सिन्हा नामक व्यक्ति के द्वारा शराब बेचने की सूचना मिली।

बैंक ने पहुंचाया आर्थिक, मानसिक और सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस

■ **ज़बरन थोपे गए लोन से उपभोक्ता आयोग ने ग़रीब को बचाया**

कांकेर/नवप्रदेश। पूरे देश की जनता को मालूम है कि खादी ग्रामोद्योग एक ऐसी संस्था है, जो विगत 50- 60 वर्षों से ग्रामीण उद्योगों हेतु ज़रूरतमंद लोगों को कम ब्याज पर अथवा सब्सिडी सहायता प्रदान कर लोन दिलवाती है ताकि ग़रीब ग्रामीण आत्मनिर्भर हो सकें लेकिन काँकेर में एक ग़रीब महिला श्रीमती मनकेसरी पटेल को सीमेंट ब्रिक्स उद्योग लगाने हेतु खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से लोन मांगने पर पंजाब नेशनल बैंक काँकेर शाखा ने व्यावसायिक कदाचरण कर सताया गया। इस पर ग़रीब महिला को उपभोक्ता आयोग की शरण लेनी पड़ी अन्यथा बैंक ने तो नोटिस पर नोटिस देकर नाक में दम कर ही दिया था।

इस मामले की सुनवाई करते हुए ज़िला काँकेर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी की बेंच ने तथ्य पाए कि फरियादी श्रीमती मन केसरी पटेल पति श्रवण कुमार पटेल (निवासी उमरादाह तहसील नरहरपुर जिला काँकेर) ने सीमेंट ईट बनाने संबंधी कार्य हेतु प्रधानमंत्री स्वरोज़गार योजना एवं खादी ग्रामोद्योग के तहत लोन के लिए आवेदन किया था। जिस पर उसे पंजाब नेशनल बैंक शाखा काँकेर के द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने हेतु आमंत्रित किया गया था। बैंक में उपभोक्ता को लोन, सब्सिडी, ब्याज आदि के विषय में कुछ भी नहीं बताया गया और सीधे-सीधे लोन दर्शा दिया गया। अभी लोन संबंधी औपचारिकताएं पूरी भी नहीं हुई थीं। फ़रियादी द्वारा कोई मार्जिन मनी भी जमा नहीं की गई थी कि

अचानक 28 जुलाई 2019 को हाथों हाथ एक नोटिस भी थमा दिया गया, जिसमें 67, 000/ तत्काल जमा करने अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाने का उल्लेख किया गया। फ़रियादी ने हैरान होकर बैंक में बार-बार पूछा गया कि मुझे तो कोई लोन प्राप्त नहीं हुआ है ,14 सितंबर 2021 को एक पत्र बैंक ने दिया और बहुत शीघ्र ही 14 दिनों बाद 28 सितंबर 2021 को फिर एक नोटिस भेजा गया कि रकम नहीं पटाएंगे तो आपके विरुद्ध क़ानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर फ़रियादी द्वारा वकील के माध्यम से रजिस्टर्ड उत्तर दिया गया कि हमें कोई ऋण प्राप्त नहीं हुआ है। किस लोन की वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है? इस पर बैंक द्वारा लंबे अरसे तक कोई जवाब नहीं दिया गया और 8 फ़रवरी 2022 को फिर एक नोटिस दिया गया कि 15 दिन के अंदर 2,03,995 /- रुपए नहीं पटाये गये तो क़ानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ़रियादी महिला ने बैंक जाकर स्थिति की पूछताछ की, तब बड़ी मुश्क़िल से उसे बताया गया कि आपके लोन से मशीनरी हेतु आरटीजीएस 2 लाख रुपए एस एस मशीनरी इंजीनियरिंग वर्क्स के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। इस तरह फ़रियादी की जानकारी के बग़ैर ही ?2,00,000/ मशीनरी हेतु ट्रांसफर कैसे कर दिए गए जबकि लोन की औपचारिकताएं ही पूरी नहीं हुई थीं और कोई मार्जिन मनी भी महिला ने आज तक जमा नहीं की थी। बैंक की इस ज़ल्दबाजी में की गई अनधिकृत कार्यवाही के विरुद्ध श्रीमती मन केसरी पटेल ने बताया कि बैंक द्वारा नोटिस पर नोटिस भेजने और हमारी छवि डिफाल्टर जैसी बनाने के कारण बैंक के इस कृत्य से उनकी आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा में क्षति हुई है, जिसकी जवाबदारी बैंक की है, जिसने बिना कोई पैसा दिए महिला को कर्ज़दार बना दिया है। अतः इस ऋण को ब्याज सहित शून्य घोषित किया जाए तथा मानसिक प्रताड़ना ,क्षतिपूर्ति एवं मुकदमे का हरजा खर्चा भी दिलाया जाए। उपभोक्ता आयोग ने समस्त तथ्यों पर बारीकी से विचार करते हुए यह पाया कि बैंक ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना परिवादी के नाम पर ज़बरन लोन स्वीकृत करना तथा नोटिस पर नोटिस भेज कर परेशान करना आदि व्यावसायिक कदाचरण किए हैं। अतः आदेश दिया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक काँकेर द्वारा फ़रियादी श्रीमती मन केसरी पटेल के नाम स्वयं के द्वारा स्वीकृत लोन को आदेश दिनांक से एक माह के भीतर शून्य घोषित करें तथा दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। समस्त राशि ब्याज सहित 3,02 ,995/- को आदेश दिनांक से एक माह के भीतर माफ़ कर दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें । एक माह के भीतर लोन शून्य न घोषित करने पर और ब्याज की राशि माफ़ न करने पर प्रतिदिन ?100/ की दर से जुर्माना देय होगा। शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा, परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि ?10,000/ भी एक माह के भीतर बैंक द्वारा प्रदान की जाएगी, साथ ही परिवाद व्यय ?3000/- भी वहन करने होंगे।

विधायक ने भाजपा नेता पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, अजय सिंह ने विधायक को बताया विकास विरोधी व नक्सली समर्थक

बीजापुर/नवप्रदेश। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा नेता अजय सिंह पर 49 लाख के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से शिकायत की है। मंडावी ने भाजपा नेता अजय सिंह पर चिन्नागेलूर में बन रहे 49 लाख के रपटा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जो रपटा बन रहा है उसकी लंबाई में कमी है, एवं सही तरीके से इस रपटा का निर्माण नहीं किया गया। इसकी शिकायत हमने कलेक्टर से की है, अगर जांच नहीं होगी और दोषियों पर जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगी तो कांग्रेस चिन्नागेलूर में जाकर धरने पर बैठेंगे। वहीं विधायक के आरोप पर भाजपा नेता अजय सिंह ने जबाब देते हुए विधायक को विकास विरोधी और नक्सली समर्थक बताया है।

अजय सिंह ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने विधायक अधूरे निर्माण के बावजूद भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे। चिन्नागेल्लूर से

तर्रेम मार्ग पर तोयानाला में रपटा एवं एपरोच रोड निर्माण कार्य जिला निर्माण समिति से कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि 34 लाख के निर्माण कार्य को विधायक 49 लाख बता रहे हैं। चूंकि संवेदनशील क्षेत्र होने से सुरक्षा नहीं मिलने के चलते कार्य रोका गया था। विधायक आधी-अधूरी जानकारी जुटा आरोप लगा रहे हैं, जबकि निर्माण कार्य 80 फीसदी बचा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की बात भी झूठी है। विधायक जिसे प्रमाण बता रहे हैं, वह प्रमाण नहीं, अधूरी जानकारी है। उनके पास कांग्रेस नेताओं के कारनामों का पूरा लिखा चिट्ठा है। आचार संहिता हटने के बाद कांग्रेस नेताओं समेत विधायक कार्यकाल में देवगुड़ी से लेकर तमाम कार्यों की जांच जरूर होगी।

समाजसेवी पप्पू मोटवानी ने वृद्ध महिला की मदद की

■ **पैसे के अभाव में वृद्ध महिला को बस कंडक्टर ने उतारा**

कांकेर/नवप्रदेश। निजी क्षेत्र की बसों में यात्रियों के साथ विशेष कर बुजुर्गों के साथ किस प्रकार का घटिया व्यवहार किया जाता है। इसका उदाहरण आज उस समय देखने को मिला, जब एक 90 वर्षीय वृद्ध माता को बस कंडक्टर ने धक्के मार कर बस से उतार दिया और उसकी पोटली में रखा सामान भी उठाकर फेंक दिया। इस प्रकार का दुर्व्यवहार देखकर बस स्टैंड में चाय बेचने वाली एक महिला ने वृद्धा माता को सहारा दिया और उसे जलपान कराकर किस्सा सुना, जिससे मालूम हुआ कि कटनी के पास किसी गांव में रहने वाली 90 वर्षीय वृद्धा जगदलपुर की जेल में सजा काट रहे अपने पुत्र से मिलने पहुंची थी। वहां से लौटते समय शायद पैसे की कुछ समस्या के कारण बस कंडक्टर ने वृद्धा के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धक्का मार कर उतार दिया और सामान भी

फेंक दिया। अब कटनी तक जाने के लिए उसके पास कुछ भी नहीं है ,यह जान कर चाय वाली महिला ने ÷जन सहयोग ÷ समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को फोन किया और माजरा बताया। इस पर वे फौरन बस स्टैंड आए और उन्होंने वृद्धा माता को दिलासा देते हुए अगली आने वाली बस से उनके रायपुर तक जाने का प्रबंध करने का वादा किया और आगे भी जाने का खर्च व अन्य खर्च मिलाकर ?1000/- की आर्थिक सहायता तुरंत प्रदान की। अगली बस के कंडक्टर एक शरीफ़ तथा भले आदमी थे, उन्होंने अजय पप्पू मोटवानी से वादा किया कि वे वृद्धा माताजी को रायपुर बस स्टैंड से ऑटो द्वारा रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने का भी प्रबंध कर देंगे ताकि वहां से वे कटनी जा सकें। बस में वृद्धा माता को सुविधाजनक सीट भी प्रदान की गई। वृद्धा ने जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को दुआएं देते हुए आशीर्वाद दिया। बस स्टैंड में उपस्थित तमाम लोगों ने जन सहयोग के इस नेक कार्य की प्रशंसा की है।

कोडार बांध में मिली आधार कार्ड, चेक बुक सरकारी, निजी पत्र समेत अनेक दस्तावेज

महासमुंद/नवप्रदेश। देशभर से झलप डाक घर में पहुंची विभिन्न प्रकार की डाक सामग्रियां शनिवार 27 अप्रैल को कोडार बांध में एक किनारे पाई गई। इनमें बहुत से ओरिजिनल आधार कार्ड, अनेक प्रकार के सरकारी दस्तावेज, चेकबुक तथा पत्र-पत्रिकाएं शामिल हैं। करीब 2 बोरा डाक सामग्री मिलने के बाद डाक विभाग में हडकंप मच गया है। डाक विभाग के अधिकारी महासमुंद से मौके पर पहुंचे थे।

छग संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संगठन प्रभारी अशोक कश्यप, बृजबिहारी साहू, दशरथ सिन्हा, रूपसिंह निषाद, परसराम ध्रुव, हेमसागर पटेल, तोषण सिन्हा आदि शनिवार को कोडार बांध गए हुए थे। बांध के किनारे पर पानी में बहुत से कागजात देखने पर उन्होंने नीचे उतरकर देखा तो सकते में आ गए। बहुत से आधार कार्ड, चेक बुक, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफे, एसडीएम महासमुंद के पत्र-पानी में तैर रहे थे। स्थिति देखकर उन्होंने इसकी सूचना तत्काल जिले के मुख्य डाक घर कार्यालय महासमुंद को दी। उन्होंने बताया कि काफी देर बाद एक अधिकारी मौके पर पहुंचा। डाक अधिकारी के एक मोबाइल नंबर पर हमने अनेक बार संपर्क की कोशिश की। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। बहरहाल डाक विभाग ने क्या कार्रवाई की, इसका अब तक पता नहीं चल पाया है।

बांध में डाक सामग्री देखने वाले ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सामग्री पर झलप डाक घर की मुहर लगी हुई है। झलप डाकघर की पोस्ट मास्टर सरिता राजपूत हैं। श्रीमती राजपूत ने पत्रकारों को बताया कि झलप डाक घर की सभी प्रकार की डाक सामग्री डाकियों को वितरित की जा चुकी है। ऐसा किसके द्वारा और कब किया, उन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं। महासमुंद के डाक अधिकारी ने यह जानकारी मुझे फोन पर दी, तब मुझे इस बात का पता चला।

एक-एक लाख की दो ईनामी महिला नक्सली सहित 5 ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप स्थापना से प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय नक्सली माड़वी आयते पिता सुक्का (सिंघनमडगु आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख) निवासी सिंघनमडगु थाना किस्टाराम, वेट्टी लाली पिता गंगा (अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा, ईनामी 01 लाख) निवासी अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली, मड़कम भीमा पिता देवा (पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य) निवासी तुमीरपाड़ थाना किस्टाराम, पदाम कमलेश पिता स्व.पोज्जा (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल

अध्यक्ष) निवासी बोधराजपदर थाना भेजी तथा सोड़ी मासा पिता बण्डी (साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम अध्यक्ष) निवासी साकलेर थाना किस्टाराम ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं सुबेदार मेजर कुंभा राम यादव, 212 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराए जाएंगें। आत्मसमर्पित नक्सली वेट्टी लाली को समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में रेंज फिल्ड टीम सीआरपीएफ सुकमा, माड़वी आयते को समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा, पदाम कमलेश को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में सुकमा डीआरजी टीम गोल्फ का एवं सोड़ी मासा एवं मड़कम भीमा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में 212 वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना शाखा का योगदान रहा है।

नक्सलियों की सूचना देने वाले को मिलेगा 5 लाख और शासकीय नौकरी: किरण चव्हाण

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सल पीड़ित ग्रामीणों को बस्तर आई जी सुन्दरराज पी., कमलोचन कश्यप उप महानिरीक्षक रेंज दन्तेवाड़ा, अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा, के मार्गदर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन में जागरुक किया जा रहा है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों की सूचना दो ईनाम पाओं का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें किसी भी व्यक्ति के द्वारा नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें गिरफ्तार करवाने अथवा नक्सलियों के विरुद्ध नक्सल अभियान को सफल बनाने हेतु सूचना देकर सहयोग करने पर उस व्यक्ति को सुकमा पुलिस द्वारा 05 लाख रुपये नगद इनाम साथ में शासकीय नौकरी भी दी जायेगी और नक्सलियों के आत्मसमर्पण करवाने पर भी नगद ईनाम दिया जायेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आरएसएस हमेशा आरक्षण के पक्ष...

कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।

राहुल गांधी ने कहा था -बीजेपी ...

में उनकी भागीदारी खत्म करना चाहते हैं, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है, वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती।

अमित शाह बोले- जब तक...

दी है कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता है।

राहुल को शहजादा बता खूब ...

को मैसूर राजघराने का योगदान पता है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, 'शहजादे ने तो राजा-महाराजा को बुरा-भला कह दिया। लेकिन भारत के इतिहास में जो अत्याचार नवाबों ने किए, निजामों ने किए, सुल्तानों ने किए... उनकी बात पर तो शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है।' बता दें कि राहुल गांधी ने कहा था, 'राजाओं-महाराजाओं का राज रहा। जो भी वो चाहते, कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए तो उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लेकर आए और संविधान दिलवाया।'

प्रियंका गांधी ने बीजेपी ...

ने दावा किया कि 45 वर्षों में बेरोजगारी अपने चरम पर है और 70 करोड़ लोगों के पास नौकरियां नहीं हैं, जबकि केंद्र में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा दावा करती है कि पिछले 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ तो हम मान लेते हैं आईआईटी, एम्स, बड़े उद्योग आदि अब स्थापित किए गए हैं।'

'प्रधानमंत्री पद की गरिमा निम्न स्तर पर लाए'

पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस लोगों के गहने और छोटी-छोटी बचत को उनकी संपत्ति की जांच कर जब्त करना चाहती है। प्रियंका ने रैली में कहा कि देश ने कांग्रेस से महान प्रधानमंत्रियों को देखा है, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे अन्य दलों के प्रधानमंत्री को भी देखा है लेकिन उन्होंने (मोदी ने) प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इस निम्न स्तर पर ला दिया। उन्होंने दावा किया, 'पिछले 10 वर्षों में किए गए काम को लेकर वोट मांगने के बजाय वह एक राजनीतिक दल के एक्स-रे मशीन का उपयोग कर आपके गहने चुरा सकने के बारे में अतार्किक बातें कर रहे हैं।'

बीजेपी के दावों पर पायलट...

लाएगी। भाजपा जाति धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही है। श्री पायलट ने आगे कहा कि, हम किसान, महिला सशक्तिकरण, बेरोजगारी और एमएसपी के मुद्दे को लेकर बात कर रहे हैं। कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर भारतीय जनता पार्टी मनगढ़ंत, अकल्पनीय बातें कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी मंगलसूत्र, हिन्दूू मुसलमान, मंदिर मस्जिद की बात कर रही है।

बैज ने बीजेपी पर कसा तंज

भाजपा चुनाव जीत रही है। इस पर पीसीसी दीपक बैज ने कहा कि, लगातार दूसरे चरण के मतदान के बाद छत्तीसगढ़ के जनता ने यह फैसला कर लिया है। इस समय कांग्रेस को जिताना है और देश में सरकार बदलना हैं। साथ ही कांग्रेस का सरकार बनाना है। वोट प्रतिशत मे बढ़ोत्तरी मतलब बदलाव की लहर चल चुकी है। छत्तीसगढ़ में ही नहीं पूरे देश में अधिक सीटों के साथ हम सरकार में आ रहें हैं।

'सब करें मतदान' कैंपेन...वोटिंग करो, ...

संस्थान आने पर कई तरह की छूट की घोषणा की है। इन संस्थानों ने रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अपने ऑफर संबंधी पत्र भी उन्हें सौंपा है।

इस दिन अस्पतालों ...

हॉस्पिटल में भी 7 से 12 मई तक मतदाता और उनके परिजनों के हेल्थ चेकअप पर 30 प्रतिशत की छूट, ओपीडी परामर्श पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

तीन लोकसभा क्षेत्रों की ...

और अपराध को गढ़ बना दिया था। श्री साय ने केंद्र के दस वर्षों के विकास और छत्तीसगढ़ में तीन महीने में पूरी हुई मोदी की गारंटी पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा।

रायगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कापू में विष्णु देव साय ने हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत पीछे छोड़ दिया था। 36 वादे में एक भी वादे को उसने ठीक से पूरा नहीं किया। सिर्फ घोटाला किया। वे नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को आउट कर दिया और इस बार भी क्लीन बोल्ड होगी।

भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के लिए बहुत कुछ

तूफानी दौरा करते हुए शाम को बिलासपुर के बेलगहना पहुंचे विष्णु देव साय ने यहाँ भी विशाल आमसभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती।विष्णु देव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा के लिए श्रीमती कमलेश जांगड़े और बिलासपुर के लिए तोखन साहू के पक्ष में जमकर मतदान करने को कहा।

सभाओं का जोर - विष्णु चहुँ ओर

गत बीस मार्च से आज 28 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में पैंतालीस जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश और ओडिशा में छः आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है। सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग 22 बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णु देव साय संबोधित कर चुके हैं। कुल मिलाकर चालीस दिन में 85 से ज्यादा बार उन्होंने जनता के समक्ष अपनी बात रखी है। भा सीट जीतने के पार्टी आश्वस्त लगते हैं।

पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है - साय

कापू में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राहुल गांधी ही नहीं पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है। कांग्रेस की स्थिति यह है कि देश में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेश में ही हजारों कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया है। यह सिलसिला लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति है और सभी ग्यारह लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी। नक्सल मुद्दे पर दीपक बैज द्वारा यह कहे जाने पर कि प्रदेश सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं है के जवाब में श्री साय ने कहा कि हमारी नीति पूरी तरह स्पष्ट है। नक्सलवाद से हम मजबूती से लड़ रहे हैं। हमारे पास विकल्प खुले हैं। यदि नक्सली गोली-बारुद की भाषा बोलेंगे तो उसे उस भाषा में जवाब मिलेगा। यदि मुख्यधारा में शामिल होना चाहेंगे तो उनके लिए पुनर्वास नीति लागू होगी।

बीच चुनाव में दिल्ली कांग्रेस...

चोपड़ा और संदीप दीक्षित के साथ उनके आवास पर भी गया था, बावजूद इसके कि वे इस मामले पर मेरी स्थिति के खिलाफथे।

उन्होंने पत्र में लिखा, ये खत मैं भारी दिल से लिख रहा हूं। मैं इस पार्टी में खुद को लाचार महसूस करता हूं इसलिए अब दिल्ली के अध्यक्ष पद पर बना नहीं रह सकता।

बताया ये भी जा रहा है कि उनकी दिल्ली कांग्रेस प्रभारी महासचिव दीपक बबरिया के साथ अनबन चल रही थी और इसी के चलते उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला ले लिया। उन्होंने पत्र में लिखा, दिल्ली कांग्रेस के कई नेताओं ने बबरिया के राज्य चलाने पर आपत्ति जताई थी। हालाँकि, लवली ने कहा कि उन पर बबरिया के खिलाफ़ असंतुष्ट नेताओं को बाहर निकालने का भारी दबाव था।

उन्होंने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा, जब मुझे दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तब भी मुझे किसी भी सीनियर को नियुक्त करने की इजाजत नहीं थी। दिल्ली के प्रभारी सर्वसम्मत फैसलों पर भी रोक लगा देते थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

(उद्घोषणा)

रा.प्र.क्र./202404140400028/ अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मोहम्मद रियाज शेखानी पिता हारून रशीद शेखानी, श्रीमती फरजाना शेखानी पति मोहम्मद रियाज शेखानी निवासी कंकालीनपारा वार्ड, तह, कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के व्दारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 डी, प्लाट नं. 88, क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर, कच्चा मकान, वार्षिक भू भाटक 30.06 रु. शंकर, बल्लूराम, प्यारी बाई, रागनी पि. गंगाराम, राकेश रजक पि. स्व. राम बिसाल नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण व्दारा उक्त भूमि को विक्रय मूल्य 21,00,000.00 रु., (इक्कीस लाख रू.) में क्रय कर दिनांक 19.03.2024 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेतागण का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 24/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

प्रत्याशियों के भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद, सुरक्षा बल तैनात

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात सभी मशीनों के आने के बाद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उदाई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी आर मरकाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मतदान के लिए कुरूद के लोगों में छलका उत्साह

कुरूद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा के लिए कुरूद के लोगों भारी उत्साह देखा गया। मुकेश कश्यप ने बताया कि आज दिन भर लोग अपने घरों से निकलकरवोट डालने जाते दिखे। पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में इसके लिए विशेष उत्साह देखा गया। तपती गर्मी के बावजूद लोग अपनी जिम्मेदारी को निभाने सुबह से ही पोलिंग बूथ में पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। युवा,आमजन,महिला वर्ग ,बुजुर्ग सहित लगभग सभी में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्सुकता और लगन दिखाई। लोग सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में शेयर कर अपनी खुशी प्रकट करते रहे हैं।

नहीं कोई मजबूरी, मतदान करना जरूरी : कन्हैया साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व है और इस लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन हेतु शत प्रतिशत मतदान करने की अपील शिक्षक कन्हैया साहू ने की है। नवाचारी शिक्षक एवं उत्कृष्ट साहित्यकार कन्हैया साहू ने राष्ट्र के निर्माण में मतदान को अत्यावश्यक बताया है। सबसे पहले मतदान फिर अपना काम। देश की सुखद भविष्य हेतु बिना किसी प्रलोभन, दबाव एवं पक्षपात रहित मतदान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोकतंत्र का उपहार, मतदान का अधिकार। अपने मताधिकार का प्रयोग हमें हर हाल में करना चाहिए। देश के नागरिकों को अधिक से अधिक देश हित में अपने मतदान करना चाहिए।

गरियाबंद जिले में 81.19 फीसदी हुआ मतदान

■ मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी, स्ट्रांग रूम सील

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में शुक्रवार को हुए मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। इसके परिणाम स्वरूप जिले में कुल 81.19 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र बिंद्रानवागढ़ के मतदान केंद्रों में सर्वाधिक 81.19 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्रामीणों ने बढ़-चढकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार राजिम क्षेत्र अंतर्गत 75.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए अच्छा खासा उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। दूरस्थ क्षेत्र आमामोरा और ओढ़ से भी मतदान दल आज हेलीकॉप्टर से सकुशल लौट आए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इन मतदान दलों का वापसी होने पर गुलाब फुल देकर स्वागत किया। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री को जमा किया गया। मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है। आज सुबह विधानसभा क्षेत्र राजिम के सभी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों को व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम में रखकर सील किया गया। इसी प्रकार आमामोरा और ओढ़ से मतदान दलों के वापसी उपरांत दोपहर विधानसभा बिंद्रानवागढ़ के वोटिंग मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपादन के लिए मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

धमतरी जिले में 78 प्रतिशत मतदान

धमतरी/नवप्रदेश। लोकतंत्र के महापर्व में. लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में शुक्रवार को महासमुंद व कांकेर लोकसभा में भी मतदान हुआ। मतदाताओं ने मदाधिकार का प्रयोग करने उत्साह दिखाया। मतदान समाप्त होने के बाद जिले में कुल 77.73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें धमतरी विधानसभा में 75.70 प्रतिशत, कुरुद विधानसभा में 77.70 प्रतिशत तथा सिहावा विधानसभा में 79.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। शाम 6 बजे तक जो मतदाता बूथ में पहुंच गये थे उन्हें मतदान कराया गया। शाम 7 बजे से मतदान दलों के वापसी का सिलसिला शुरु हो गया था। जो कि देर रात तक जारी रहा। ईवीएम को पॉलीटेक्निक कॉलेज में जमा कराया गया। मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए लोग सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रों में पहुंचनेलगे थे, यह सिलसिला शाम 6 बजे तक चलता रहा । हालांकि सुबह 7 से 12 बजे तक भीड़ अधिक रही तथादोपहर 12 से 4 बजे तक मतदान की गति धीमी रही।आखिरी के दो घंटे शाम 4 से 6 बजे तक फिर केन्द्रों में भीड़ जुटी युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सभी ने लोकतंत्र के बसे बड़े त्यौहार में अपनी बराबर की सहभागिता निभाई।

मतदान दलों के प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय प्रशिक्षण 5 प्रशिक्षण केंद्रों में शुरू हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों में पहुंच कर प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ईवीएम एवं मतदान प्रक्रिया की बारीकियों को प्रशिक्षण में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट,मॉकपोल, सीलिंग प्रोसेस आदि की बारीकियों को बताने के साथ ही सावधानियों की जानकारी देने कहा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे मतदान अधिकारियों से कई प्रश्न भी पूछे और शंका समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, नियमों या ईवीएम मशीन से संबंधित किसी प्रकार की शंका हो तो मास्टर ट्रेनर को बताकर शंका समाधान जरूर कर लें। किसी भी प्रकार की दुविधा नहीं होनी चाहिए। रविवार 28 अप्रैल को भी मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 5 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन प्रशिक्षण में 3072 पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी शामिल हुए। इनमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में 320, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल विद्यालय बलौदाबाजार में 592, सैकरेड हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार में 800,वर्धमान विद्यापीठ बलौदाबाजार में 528 एवं अम्बुजा विद्यापीठ में 832 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी शामिल हैं। 28 अप्रैल को इन्ही प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग 2478 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार दो दिन में लगभग 5550 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके पूर्व कलेक्टर ने नवीन मंडी परिसर में ईवीएम स्ट्रांग रूम एवं मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम अमित गुप्ता, बीआर ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

दुर्ग-छपरा, दुर्ग-पटना समर स्पेशल ट्रेन अब गोंदिया तक

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रीष्म ॠतु में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-छपरा एवं दुर्ग-पटना के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा का विस्तार अब गोंदिया तक किया गया है। जिससे गोंदिया सहित डोंगरगढ़ एवं राजनांदगाँव के यात्रियों को भी इस ट्रेन का लाभ मिलेगा।

नियमित चलने वाली दुर्ग-छपरा एवं दुर्ग-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग एवं दुर्ग-पटना-दुर्ग के मध्य चलाई जा रही है। नागपुर मण्डल में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये इन दोनों समर स्पेशल गाड़ियों को गोंदिया तक विस्तार किया गया है । जिसके अनुसार

08795 गोंदिया छपरा स्पेशल प्रत्येक सोमवार 6,13 और 20 मई को रात्रि 8 बजे गोंदिया से रवाना होगी और डोंगरगढ़,राजनांदगांव रुकते हुए रात्रि 10 बजकर 15 मिनट को दुर्ग पहुंचेगी और 5 मिनट रुकने के बाद छपरा के लिए रवाना हो जायेगी।वही वापसी में 08796 छपरा गोंदिया स्पेशल रात्रि 7 बजकर 35 मिनट को प्रत्येक बुधवार को दुर्ग से रवाना होगी और रात 10 बजकर 30 मिनट को गोंदिया पहुंच कर समाप्त होगी।यह ट्रेन छपरा से 7,14 और 21 मई मंगलवार को रवाना होगी।

08793 गोंदिया पटना स्पेशल 10,17 और 24 मई शुक्रवार को गोंदिया से दिन में 11 बजकर 20 मिनट को रवाना होगी।डोंगरगढ़,राजनांदगांव रुकते दोपहर 1 बजकर 20 मिनट दुर्ग पहुंचेगी और 10 मिनट रुककर पटना के लिए रवाना होगी।वापसी में पटना गोंदिया स्पेशल 08794 दुर्ग से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और शाम 4 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

84 मामलों में 2.21 करोड़ रुपए की जप्ती की गई

भाटापारा/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के द्वारा चुनाव आयोग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देश पर ट्रेनों, प्लेटफार्म, यार्ड और यात्री परिसरों में रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा लोक सभा चुनाव-2024 के मद्देनजर मादक पदार्थ,ज्वलनशील पदार्थ,कैश एवं शराब इत्यादि का अवैध रूप से परिवहन किये जाने के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तहत रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर मंडल, रायपुर मंडल तथा नागपुर मंडल के द्वारा अब तक 84 मामलों में 2.21 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है। इसमें 70 लाख से ज्यादा नकदी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि यह विशेष चेकिंग अभियान लगातार चुनाव तक जारी रहेगा।

हाथों में दीपक और घंटी के साथ कलेक्टर के नेतृत्व में निकली आरती रैली

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने शुक्रवार शाम एक हाथ में दीपक और दूसरे हाथ में घंटी लेकर स्वीप आरती रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान की अगुवाई में नगर भवन से संध्या 6 बजे स्वीप आरती रैली शंखनाद से प्रारंभ हुई। रैली में नर्सिंग की छात्राएं, शिक्षिकाएं, समूह की महिलाएं व अधिकारी -कर्मचारी शामिल हुए।

दो कतारों में पंक्तिबद्ध होकर दीपक की रोशनी व घण्टी की ध्वनि के साथ रैली नगर भवन से प्रारंभ होकर प्रभुसाक्षी एम्पोरियम गली से गांधी चौक,सदर बाजार, नेहरू चौक, सी -मार्ट होते हुए मुख्य मार्ग से वापस होकर नगर भवन पहुंची। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इस महत्वपूर्ण अंग का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है। लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कई नवाचार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से हमारा प्रयास मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सबको प्रयास करना है कि 7 मई तक मतदान का उत्साह बना रहे। कलेक्टर श्री चौहान ने छतीसगढ़ी में मतदान की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद सीईओ एमएल मंडावी ,जिला खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने भाजपा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने चुनाव में सक्रिय होकर कार्य करने के लिए शनिवार 27 अप्रैल को नवप्रवेशी भाजपा कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर और आरती उतारकर सम्मान कर आभार माना। इसमें सिहावा क्षेत्र के 26 गांवों के लोग शामिल हुए।इसके साथ ही 26 गांव हरदीभाठा, चमेंदा, दलदली, कर्राघाटी, बिलभदर, डोंगरडुला, कल्लेमेटा, कोटाभर्री, अछोली, परसापानी, राजपुर पूर्व, राजपुर पश्चिम, बटनहर्रा, घोटगाँव, कोर्रेमुड़ा, गोविंदपुर, कोलियारी, कौहाबाहरा, दुगली, मुनाइकेरा, दिनकरपुर, चारगांव, बरबाँधा, घुड़ावर,आमगांव सहित नगरी नगर पंचायत के कार्यकर्ताओं और ग्रुप के पदाधिकारियों का सम्मान गुलाल लगाकर एवं आरती उतारकर गोपी कश्यप, सुरेश नेताम, जागृति उइके, रेखा नेताम ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सुरेश नेताम अध्यक्ष,प्रेमनारायण , जालम सिंह , कुलदीप , जितेन्द्र , दीपेश , सिद्धि विनायक , कामनी साहू , कमलेश्वरी ध्रुव, रेखा नेताम , बबीता निषाद ,मोहित , टिकेश्वरी मरकाम, यशवंत ,जागृति उईके,लुकेश्वरी , कमलेश्वरी चमेली , साहू गायत्री तिवारी, वंदना , पूर्णिमा , साहू लता , दिनेश्वरी , सुलोचनी साहू लोकेश मरकाम , खिलेश्वरी साहू, ललिता , हेम बाई भान बाई , जीवन , ललिता , लिलेश्वरी , हेमलता मरकाम ,भूनेश्वरी नेताम , डिगेश्वरी , पोख राज साहू , रोशन , योगेन्द , गुलशन मरकाम , किरण , शभू , बदू राम , भोजराज , नीरा बाई भगवती , होलिका , सरिता , महेन्द् , महेश , विमलेश पटेल आदि मौजूद थे।

क्षेत्र के गांवों में बिक रही अवैध शराब, दुकान में अधिक दर पर बेच रहे

अर्जुनी- भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम अर्जुनी रवान स्थित देसी व विदेशी शराब दुकान अवैध कारोबारियों के लिए कमाई का जरिया बना हुआ है। सुबह से ही शराब दुकान में अवैध कारोबारियों का हुजूम लगा रहता है। जैसे ही शराब दुकान खुलता है वैसे ही शराब के अवैध कारोबारी दुकान पहुंचना चालू हो जाता है। शराब के अवैध कारोबारियों का शराब दुकान पहुंचने का यह सिलसिला सुबह 9 से रात 9 के बाद दुकान बंद होने तक चलता रहता है। इन अवैध शराब कारोबारियों का शराब दुकान कर्मचारियों व सुपरवाइजर के साथ अच्छे संबंध हैं। जिन्हें एक दूसरे के साथ जाम लड़ाते हुए व पार्टी करते देखा जा सकता है। जिसे चाहे जैसा चाहे शराब उपलब्ध करा देते हैं अपने अनुसार शराब का रेट तय करते हैं। शराब दुकान में आए दिन इन अवैध कारोबारियों के साथ स्थानीय लोगों की गाली गलौज मारपीट लड़ाई झगड़ा होना आम बात हो गई। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा शासन प्रशासन से भी की गई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इन अवैध शराब कारोबारियों को शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा शराब उपलब्ध कराया जाता है जिसे गांवों में पहुंचाया जाता है। गांवों के ठेले गुमटियों में आसानी से शराब उपलब्ध कराया जा रहा है। रवान के शराब दुकान से निकलने वाले अवैध शराब पौसरी कर्मदा ,धवंई बोरसी, लक्षनपुर, राजपुर, बिटकुली, करही मेकरी, ओटेबंद, लालपुर तक पहुंचाया जा रहा है। रोजाना सैकड़ों पेटी अवैध शराब गांवों में खपाया जा रहा है। इससे गांवों का माहौल खराब हो रहा है। बच्चे बूढ़े और जवान शराब के लत में पड़ रहे हैं। गांवों आपराधिक प्रकरणों का भी इजाफा हो रहा है।

साय की सादगी सीएम होने के बावजूद बरकरार

नवापारा- राजिम। सीएम विष्णु देव साय शुक्रवार शाम अभनपुर के ग्राम पिपरौद पहुंचे थे । वे यहां रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे । सभा समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री साय जाते-जाते अपने साथ नवापारा निवासी युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन को अपने ही कार में बिठाकर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास ले गए।

देवांगन ने बताया कि सीएम साय से उनके 2 वर्ष पुराना संबंध है। जब श्री साय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे, उनके बुलावे पर उनके निवास में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में शामिल हुए थे। इसके अलावा समय-समय पर श्री साय से उनकी मुलाकात होते रहती थी। श्री साय उन्हें मुख्यमंत्री निवास ले गए, जहां 40 मिनट तक मुख्यमंत्री के साथ अभनपुर सहित प्रदेश के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साय आज मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी सादगी आज भी बरकरार है। यही वजह है कि अपने परिचितों को वे आज भी बराबर सम्मान देते हैं। श्री साय आज भी अपने आपको मुख्यमंत्री बाद में और भाजपा का एक जनसेवक पहले मानते हैं । उनकी यही खूबी उन्हें, अन्य राजनेताओं से अलग करती है।

हमें अमीरों को गरीब नहीं ग़रीबों को अमीर बनाना है: प्रवीण चक्रवर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसनल कांग्रेस क़े राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि हमने पाँच महीने पब्लिक से विचार लेकर ये मैनिफ़ेस्टो बनाया है। सबसे महत्वपूर्ण इसमें आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय की बात है। आर्थिक असमानता बढ़ रही है, मोदी जी कहते है GDP बढ़ रही है तो पदबवउम income नहीं बढ़ रही है,वो इसलिए क्यों की नौकरी नहीं है हमें ऐसा विकास चाहिए जिसमें नौकरी हो इस न्याय पत्र में नौकरी की बात है ओर नौकरी बढ़ेगी तभी आमिर गरीब में फ़ासले कम होंगे,हमें अमीरों को गरीब नहीं ग़रीबों को अमीर बनाना है। इस न्याय पत्र में हमने सामाजिक न्याय की बात की है हमारे देश में कितने ओबीसी, एससी, एसटी है हमें पता होना चाहिए। अगर एक अनुमान के मुताबिक़ 70 प्रतिशत इनकी आबादी है तो बड़े-बड़े पदों पर मात्र 10 प्रतिशत ही इनकी संख्या क्यू है। बजट में इनके लिए मात्र 10 प्रतिशत क्यू है। हमारा पहला कदम सरकार बनते ही करवाना है, इसे पता चलेगा किसके पास कितनी ज़मीन है, पैसे है.कितनी इनकी संख्या है।इसलिए SECC ज़रूरी है. जिसे राहुल जी X-Ray कहते है। इसके लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा करेंगे जैसे तमिलनाडु में है। Govt contracts, bank loan ज़्यादा देंगे बजट इनके लिए ज़्यादा करेंगे, राहुल जी इसी की बात करते है जितनी आबादी उतना हक़ जैसे महिलाओं की आबादी 50 प्रतिशत है उनको भी उतना हक़ देंगे।भाजपा कहती है कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग है कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों की एमएसपी की कानूनी गारंटी,किसानों को कर्ज मुक्त करने आयोग, युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती,रोजगार,गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रु, महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण, मनरेगा श्रमिकों को 400 रु. प्रतिदिन वेतन और सामाजिक न्याय की बात है अर्थव्यवस्था डबल करेंगे । क्या बीजेपी इसे मुस्लिम लीग मानती है?

मतदाता जागरूकता के लिए महाराष्ट्र मंडल ने कसी कमर

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की कार्यकारिणी ने आवश्यक बैठक में रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए कार्यकारिणी सदस्यों सहित महाराष्ट्र मंडल की विभिन्न समितियां, प्रकल्पों, केंद्रों के साथ- साथ आजीवन सभासदों को भी इससे जोड़ा जाएगा।

बैठक की शुरुआत में सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने कहा कि चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में सबसे कम मतदान रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में महज 54.68 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर दक्षिण में 59.99 प्रतिशत, रायपुर ग्रामीण 57.2, उत्तर 54.50 फीसदी मतदान हुआ था। किसी भी राज्य की राजधानी के लिए यह स्थिति सम्मानजनक नहीं है। लोकसभा चुनाव में मतदान के समय तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच रहेगा और कई वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रमों की व्यस्तता होगी। ऐसे समय लोगों को मतदान केंद्र तक लाना चुनौतीपूर्ण होगा।

अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि मंडल के 13 कार्यकारिणी सदस्य अपने- अपने घरों के पास भीड़ भरी जगह पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गंभीर प्रयास करेंगे। सचिव चेतन दंडवते की अगुवाई में रायपुर के भीड़ भरे 10 चौराहों पर महाराष्ट्र मंडल के कार्यकारिणी सदस्य प्रकल्पों के पदाधिकारियों, केंद्रों की संयोजिकाओं- सह संयोजिकाओं और आजीवन सभासदों की टीम के साथ 5 मई को शाम 6:00 बजे से हाथों पर तख्तियां लेकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में सभी 10 स्थान व प्रभारी जयस्तंभ चौक- शारदा चौक प्रभारी- निरंजन पंडित, तात्यापारा चौक प्रभारी- श्याम सुंदर खंगन, अनुपम गार्डन प्रभारी- परितोष डोनगांवकर, अग्रसेन चौक प्रभारी भगीरथ कालेले, रायपुरा चौक प्रभारी- नमिता शेष, पचपेड़ी नाका चौक प्रभारी- अपर्णा देशमुख, मरीन ड्राइव प्रभारी गीता दलाल, नेताजी चौक कटोरा तालाब प्रभारी- विशाखा तोपखानेवाले, गोल चौक रोहिणीपुरम प्रभारी- दीपक किरवईवाले, टाटीबंध चौक प्रभारी- रश्मि गोवर्धन चिन्हित किए गए हैं।

न्यूज गैलरी

विधायक सेन 5 जिलों के दौरे पर

भिलाईनगर। भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन के निर्देश पर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन छत्तीसगढ़ के पांच विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री सेन बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, रायगढ़ और बलौदाबाजार में सामाजिक बैठक लेकर भाजपा लोकसभा प्रत्याशियों के लिए विजय की रणनीति तय करेंगे। विधायक सेन आज सड़क मार्ग से रवाना होकर 28 अप्रैल को पाचों जिले की बैठक सम्पन्न कर 29 को भिलाई लौटेंगे।

करबला कमेटी ने बसाए दो घर

भिलाई। मोहर्रम कर्बला कमेटी की जानिब से 2 जोड़ों का निकाह हुसैनी मस्जिद के इमाम तारिक अनवर ने कुबूल कराया। इस दौरान दोनों जोड़ों की खुशहाल जिंदगी के लिए दुआएं की गई। दोनों जोड़ों को कमेटी की ओर से जरूरी सामान भी दिए गए। इस दौरान मोहर्रम कर्बला कमेटी के सरपरस्त मंसूर ज़फ़र इमदादीवाला रायपुर, पूर्व सीएसपी विरेन्द्र सतपती, मोहम्मद ताहिर, पीरजहां शेख, बरकत अली, मुनसफअली, हज़रत अली, गुलाम सिद्दीक, मोहम्मद नईम और मोहम्मद फयाज, सहित तमाम लोग मौजूद थे।

विभिन्न शक्ति केन्द्रों में महतारियों से चाय पर चर्चा

कुम्हारी। लोकसभा चुनाव 2024 के दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भाजपा अपनी तैयारी को व्यवस्थित ढंग से कार्य रूप में परिणित करते हुए प्रचार प्रसार करने में अग्रणी है । शक्ति केंद्र के सह संयोजक सुजीत यादव ने बताया कि महतारियों के साथ चाय पर चर्चा मां गायत्री शक्ति केंद्र बूथ क्र.13 वार्ड नं 07 रामनगर कुम्हारी में भाजपा के मोदी सरकार द्वारा किए गए अनेक कार्यों का विस्तार से जानकारी एवम कांग्रेस के पूर्व सरकार के घोटाले के बारे में जानकारी देते हुए और भेदभाव की राजनीति के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और इस चर्चा के साथ दुर्ग लोकसभा से सांसद प्रत्याशी विजय बघेल को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने का निवेदन किया गया। ज्ञात हो पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव में भी इस बूथ 13 वार्ड 07 में भाजपा ने 51 मतों से जीत दर्ज की थी इस बार सभी ने प्रचंड मतों से कमल खिलाने का संकल्प लिया भाजपा के कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के निर्देशन में इस शक्ति केंद्र के सह संयोजक सुजीत यादव एवम इस बूथ के बूथ अध्यक्ष श्रीमती गीता निर्मलकर के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई ।

प्लेट मिल ने रचा नया कीर्तिमान

भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बहाल रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्लेट मिल ने पहली बार नॉर्मलाईजिंग में 300 प्लेट का आंकड़ा पार किया। 05 अप्रैल 2024 को प्लेट मिल ने एक दिन में 304 प्लेटों की नॉर्मलाईजिंग कर, 08 सितम्बर 2018 को दर्ज पिछले रिकॉर्ड 241 प्लेटों की नॉर्मलाईजिंग को पार किया।

अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान हेतु विधानसभावार मतदान दल गठित

■ विधानसभावार सुविधा केन्द्र स्थापित बीआईटी कॉलेज के साईंस ब्लाक में 28 अप्रैल से 1 मई एवं 4 से 6 मई तक कर सकते है मतदान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के अनुपस्थित मतदाता के रूप में परिभाषित मतदताओं के मतदान हेतु मतदान दलों का गठन किया गया है। इन दलो का प्रथम दौरा 28 अप्रैल 2024 एवं अनुपस्थित की स्थिति में द्वितीय दौरा 30 अप्रैल 2024 को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु किया जायेगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 में मतदान सम्पन्न होना है। दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र एवं अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साईंस ब्लाक में स्थापित किया गया है। साथ ही समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 04 से 06 मई 2024 को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। उक्त तिथि पर अधिकारी-कर्मचारी स्थापित सुविधा केन्द्र/पोस्टल वोटिंग सेंटर पर उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

वितरण स्थलों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मानस भवन दुर्ग, शास. पॉलिटेक्टिनिक कॉलेज एवं शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज दुर्ग) में मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। तीनों स्थलों पर सामग्री वितरण के संपूर्ण प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में किया जाएगा। उपर्युक्त स्थल हेतु आयुक्त रिसाली मोनिका वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर, 68 साजा आंशिक व 69 बेमेतरा आंशिक हेतु मतदान सामग्री का वितरण मानस भवन में होगा, जिसके लिए आयुक्त लोकेश चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर व 66 वैशाली नगर हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय साइंस कॉलेज में होगा। जिसके लिए आयुक्त भिलाई देवेश ध्रुव (आईएएस) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

ईव्हीएम अतिरिक्त बैलेट युनिटों का किया प्रथम रेण्डमाईजेशन

लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए विधानसभाओं में उपयोग होने वाले ई.व्ही.एम. मशीनों के अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन आज ऑब्जर्वर एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश कुमार ध्रुव, ए.आर.ओ. सोनल डेविड, दीपक निकुंज, मुकेश रावटे, महेश गुप्ता सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

अवकाश व लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की वैधानिक प्रावधानों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत कदाचरण एवं पदीय कर्तव्यों के अनुपालन में घोर लापरवाही बरतने पर ईश्वर सिंह सेवई पटवारी हल्का नंबर 26 ग्राम चंगोरी तहसील दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय दुर्ग होगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ज्ञात हो कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश की पात्रता नहीं है। श्री सेवई पटवारी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए बिना 21 मार्च 2024 से अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित है। इस संबंध में तहसीलदार दुर्ग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के बावजूद भी निरंतर अनुपस्थित हैं। उक्त पटवारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। पटवारी का निलंबन आदेश प्रभावशील हो गया।

शराब पिलाकर अपने ही दोस्त को उतारा मौत के घाट, तीन गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पैसो के लेनदेन की बात को लेकर तीन दोस्तों ने हलवाई ठेकेदार युवक की हत्या कर दी थी। आरोपी ने ही सुलभ शौचालय में शव होने की सूचना पुलिस को दी थी। आरोपियों के द्वारा शराब पिलाकर अपने दोस्त को मौत के घाट उतारा गया था। मोहन नगर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो द्वारा साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से गैंदी डबरी मैदान से मृतक का शव उठाकर शुलभ शौचालय में रख दिया गया था। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग ढ्क्क्र चिराग जैन ने बताया कि प्रार्थी राधेश्याम यादव उर्फबुदद्ध पिता स्व. राजुराम यादव उम्र 25 वर्ष कुआ चौक गैंदी डबरी मोहन नगर दुर्ग ने दिनांक 22.04.2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया की गैंदी डबरी मोहन

नगर शौचालय में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पढ़ा है। सूचना पर थाना मोहन नगर में मर्ग कमांक 28/2024 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जाच पंचनामा पश्चात मृतक का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने होमो सायडल होना लेख किये है। पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर अवलोकन पर से मृतक शेखर यादव उर्फबंटी पिता रामलखन यादव उम्र 41 साल निवासी तितुरडीह नायापारा थाना मोहन नगर जिला दुर्ग का अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करना पाये जाने से थाना मोहन नगर में अपराध कमांक 198/2024 धारा 302 भादवि दिनांक 26.04.2024 को कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपीगण 1. राधेश्याम यादव उर्फबुद्ध पिता स्व. राजुराम यादव उम्र 25 वर्ष कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर दुर्ग। 2. प्रकाश यादव उर्फ पप्पू पिता राजेश यादव उम्र 20 वर्ष पत्ता कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर दुर्ग और 3. महावीर यादव उर्फबाटू पिता संतराम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर दुर्ग से पुछताछ करने पर बताया कि हलवाई ठेकेदार शेखर यादव उर्फबंटी द्वारा काम का पूरा पैसा नही देने की बात को लेकर आरोपीगणो द्वारा एक राय होकर मृतक शेखर यादव उर्फबंटी को शराब पिलाकर हाथ, मुक्का लातघुसा एवं बास के डण्डा, एवं अन्य हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर मृतक के शव को घटना स्थल गैंदी उबरी से शव को उठाकर शुलभ शौचालय के अंदर रख दिया और आरोपी राधेश्याम यादव उर्फ बुद्ध पिता स्व. राजुराम यादव उम्र 25 वर्ष कुआं चौक गैंदी डबरी मोहन नगर के द्वारा स्वय थाना पहुंचना झूठा मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोपियो का सबुत पाये जाने से प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध धारा 201. 120 (बी) भादवि जोड़ा गया। दौरान विवेचना के आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में मतदान केंद्रों का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुँचे। जहाँ उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से कराने के लिए समन्वय से काम करने का निर्देश देते कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था के साथ कूलर सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी लिया गया ।उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि गर्मी में मतदाताओं को परेशानी ना हो इसके लिए मतदाताओं हेतु पेय जल, छांव वाले स्थान, महिला पुरुष अलग अलग प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था की जाएं। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहित अन्य मौजूद रहें निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा इसी प्रकार मतदान केन्द्र पर आश्वित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, समियाना शेड, शौचालय की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित हेतु व्यवस्थिति करने कहा।

मतदान दिवस को दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु, मतदान केन्द्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मतदाता रथ ई-रिक्शा की व्यवस्था के साथ सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर आश्वीत न्यूनतम सुविधा, बिजली, पानी, साफ सफाई, व्हील चेयर, कूलर, मतदान केंद्रों में प्रवेश और निकास हेतु दो दरवाजा, वेब कास्टिंग हेतु इलेक्ट्रिक बोर्ड , रैम्प, शौचालय,फर्निचर इत्यादि की व्यवस्था करना सुनिशित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। गर्मी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखों एवं कूलर की व्यवस्था के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नियमित रूप से स्वस्थ रहने खेलकूद व व्यायाम करना चाहिए : अतुल श्रीवास्तव

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जेके लक्ष्मी सीमेंट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत अपने कर्मियों और आस पास के क्षेत्र के लोगो स्वास्थ के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार खेल कूद के कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है और सतत रूप से इस दिशा में कार्य किया जाता है। जेके लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग के प्रमुख सीनियर वाइस प्रेसिडेंटइ मुकुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में आज शहीद पार्क में दौड़ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलकूद एवं व्यायाम का महत्वपूर्ण भूमिका होती है एवं सभी लोगों को नियमित रूप से अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम करना चाहिए और जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी लगातार अपने कर्मचारियों में एवं आसपास के क्षेत्र मे खेल के प्रति जागरूक का कार्यक्रम लगातार चलती रहती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डीएसपी गुरजीत सिंह एवं डीएसपी जय लाल मरकाम ने कहा कि नियमित रूप से प्रातः काल दौड़ने दौड़ने से एवं व्यायाम करने से मनुष्य के जीवन में फुर्ती रहती है और विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचा जा सकता है। मजबूत रनर कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए संयोजक मोहन प्रकाश ने कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट ने ÷मज़बूत रनर्स÷ के नाम से एक रनिंग ग्रुप बनाया है जिसमे 200 से ज्यादा सदस्य है। इसी ग्रुप के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक प्रतियोगिता करायी जाती है जिसे हंड्रेड डेस ऑफ़ रनिंग कहा जाता है. इस अंतर्गत भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन न्यूनतम 2 किलोमीटर की दौड़ करनी होती है वो भी पुरे 100 दिन तक. यह प्रतियोगिआ इस वर्ष 27 अप्रैल से शुरू हो कर 4 अगस्त को खत्म होगी. इस वर्ष इस प्रतियोगिता में 150 सदस्यों ने भाग लिया है। प्लांट प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव ने इस वर्ष की प्रतियोगिता प्रातः 6 बजे भिलाई के शहीद उद्यान से किया। प्रतिभागियों में खासा उत्साह था उक्त कार्यक्रम में जेके लक्ष्मी सीमेंट के कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

जमानत लेने ऋृण पुस्तिका में फर्जीवाड़ा, महिला गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोतवाली पुलिस ने जमानत के लिए ऋृण पुस्तिका में फर्जीवाड़ा करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 16 मार्च 2024 को प्रार्थी अजय साहू पिता बंशीलाल साहू उम्र 42 साल निवासी रीडर प्रस्तुतकार न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग द्वारा आरोपीयां अल्का उके द्वारा बुशरा कौशल विरूद्ध ज्ञानेन्द्र कुमार में अभियुक्त की ओर से जमानत हेतु किसान किताब को पायल टोपनो न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग के न्यायालय प्रस्तुत किया था। उक्त आरोपीयां द्वारा इसी न्यायालय में अन्य प्रकरण क्रमाक 8515/2015 प्रगाति महिला विरूद्ध गुत्ते ताण्डी में इसी किसान किताब में जमानत लिया था। उक्त किसान किताब में पूर्व जमानत का कोई उल्लेख नही है एवं किसान किताब में तहसीदार दुर्ग से जमानतदार को कोई डुप्लीकेट अथवा नवीन किसान किताब जारी किये जाने का भी इंद्राज नही था। जिससे आरोपीयां द्वारा किसान किताब में पूर्व प्रकरण का मजिस्ट्रेट की सील मुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को उखाड/नष्ट करने की माननीय न्यायालय की लिखित प्रतिवेदन पर रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में

अपराध क्रमाक 133/2024 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवचेना में लिया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन/निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी कि गई। विवेचना दौरान आरोपीया को 27 अप्रैल 2024 को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।पूछताछ करने पर जमानत लेने किसान किताब में इंद्राज मजिस्ट्रेट की सीलमुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को उखाड/नष्ट करने प्रकरण में धारा 477 भादवि जोडी गयी।

सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर ने किया पाटन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लाठकर (आईएएस) ने विगत 24 अप्रैल 2024 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा (रानीतराई), जामगांव (आर) आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे पेयजल, शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

भिलाई। महिला महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग एवं आईक्यूएएस के तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र के साथ राष्ट्रीय सेमिनार शुरू हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक एवं प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन के प्रेरणादायक उदघाटन भाषण से हुई। रिसोर्स पर्सन डॉ. शिखा गुप्ता, सेबि स्मार्टस, आरपी-एनसीडीएक्स जो एनसीडीएक्स के स्मार्ट ट्रेनर हैं, ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत्कृष्ट व्याख्यान दिया। पहले दिन उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के ट्रेडिंग टाइटन्स : अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का अनावरण के बारे में जानकारी दी और यह सत्र एनसीडीईएक्स, मुंबई के सहयोग से भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई बीईटी द्वारा संचालित वाणिज्य एवं आईक्यूएसी विभाग द्वारा प्रायोजित था। दूसरे दिन सेबी स्मार्ट, आरपी एनसिडीई एक्स द्वारा प्रायोजित सूचित निवेश के लिए कमोडिटी और डेरिवेटिक बाजारों को नेविगेट करने पर सेमीनार था। समापन सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय संगोष्ठी की समीक्षा के साथ हुई। सेमिनार में कुछ प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में वक्ता और प्रतिभागियों द्वारा एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया। संयोजक एवं वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. भारती वर्मा ने सेमिनार के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी।

आचार्य डॉ. शर्मा की पुस्तक पर हुई समीक्षा संगोष्ठी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने संस्कृत साहित्य का विस्तार से अध्ययन और अध्यापन कर उसका सार इस पुस्तक में लिखा है। गागर में सागर में जीवनोपयोगी सूत्रों की सरल और व्यावहारिक व्याख्यायें की गई हैं। समाज के हर वर्ग के साथ युवाओं के लिये ये समर्पित हैं। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के लोकपाल डॉ.काशीनाथ तिवारी ने ये विचार व्यक्त किये। विगत दिनों वे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा साहित्य मनीषी डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर की समीक्षा संगोष्ठी के मुख्य अतिथि की आसन्दी से प्रबुद्ध जनों को सम्बोधित कर रहे थे। मौके पर विशेष रूप से आमंत्रित एवं देश-विदेश के अनेक सफल सांस्कृतिक और शैक्षणिक भ्रमण कर चुके भिलाई के वरिष्ठ शिक्षाविद आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

शोधछात्रा नीलम श्रीवास्तव ने पुस्तक में आयीं वेद, रामायण, महाभारत, गीता एवं कालिदास साहित्य आदि से चुने हुये पद्यों की सर्वधर्म समभाव परक व्याख्याओं को समसामयिक और उपयोगी बताया। पुस्तक चर्चा से प्रभावित होकर अनेक अनेक लोगों की आशाओं को पूरा करते हुये प्रायः नौ शिक्षकों,शोधार्थियों और एम.ए.के विद्यार्थियों को लेखक द्वारा पुस्तकें निः शुल्क भेंट की गयीं। वे पठनोपरान्त समीक्षा लेख लिखेंगे। ज्ञातव्य है कि इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एशिया का प्रसिद्ध विश्वविद्यालय है। देश-विदेश के अनेक विद्यार्थी यहां से कला और साहित्य का ज्ञान प्राप्त करते हैं। डॉ.शर्मा यहां के लिये अनेक वर्षों से, विशेष आमंत्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत हैं। उन्होंने विगत वर्ष अपनी सभी दस पुस्तकें विश्वविद्यालय ग्रन्थागार को भेंट की थी विगत वर्ष उनकी पुस्तक साहित्य और समाज पर भी यहां संगोष्ठी आयोजित की गयी थी। इस कार्यक्रम में डॉ.शर्मा ने यह भी घोषणा की कि वे अपने स्मृति शेष दादा पं.मदन शर्मा के नाम से संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी को नगद राशि से पुरस्कृत करेंगे। अन्त में संस्कृत विभाग की ओर से डॉ.पूर्णिमा केलकर ने आभार ज्ञापित किया।

शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति स्थापित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर क्षेत्र के बाबादीप सिंह नगर सुन्दर नगर स्थित माताजी के दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा का मंगल कार्य धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मंदिर की माताजी श्रीमती धर्मवती शुक्ला की देखरेख में आयोजित हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधान पंडित कृष्ण कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर में स्थापित कराया। इसके लिए तीन दिनों तक लगातार हवन-पूजन एवं अन्य धार्मिक विधियों एवं वैदिक रीति से पूजा-पाठ किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लेकर प्राण

प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा अर्चना की।

विद्वान पंडितों एवं पुजारियों के साथ ही स्थानीय धर्मप्रेमी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में जुटे रहे। अंतिम दिवस आयोजक माताजी श्रीमती धर्मवती शुक्ला ने दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना पर कन्या पूजन भोग-प्रसाद भंडारे का आयोजन किया। प्रतिमा स्थापना का धार्मिक कार्य बुधवार से श्रीगणेश हुआ और शुक्रवार 26 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कलश पूजन, वेदी पूजन, नवग्रह पूजन, भगवन शैया शयन, अभिषेक, स्थापना आदि का शुभ कार्य तीन दिनों तक निर्विघ्न चलता रहा। भगवान शिव एवं माता पार्वती की सजीव दिखने वाली यह मूर्ति साउथ वाले भाई-बहिनों ने भेंट किया है।

सेवा संकल्प समिति ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

कुम्हारी। सेवा संकल्प समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बाजार चौक कुम्हारी में धूमधाम से मनाया गया प्रारम्भ में हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात भोग भंडारे के रूप में चने से बना प्रसाद और शरबत पिलाया गया नगर में निकली हनुमान जी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ किया गया और जितने भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए थे सभी को भोग एवं शरबत पिलाया गया जिसमें संस्था के गिरीश सोनी, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, गोविंद बघेल, अश्वनी देशलहरे, विक्की सोनी, विकास सोनकर, प्रकाश जैन, रामेश्वर सोनकर, राजू निषाद, गोविंद यादव, सुनील पटेल, मनीलाल साहू, रामजी साव, अज्जू आदि उपस्थित थे।

बुजुर्ग और दिव्यांग आज और कल करेंगे होम वोटिंग

जिले में 334 मतदाताओं को मिलेगी यह सुविधा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए जिले में 29 एवं 30 अप्रैल 2024 को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। सरगुजा जिले में 166 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। इनमें 127 मतदाता 85 वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के हैं और 39 मतदाता 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता हैं। इन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के जरिए घर पर मतदान की सुविधा मिलेगी। मतदान के निर्धारित तिथि को प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान किया जायेगा। जिले में होम वोटिंग सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 21 दल गठित किए गए हैं जिनमें 42 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। साथ ही 4 रिजर्व दल भी गठित किए गए हैं। इसी तरह सरगुजा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बलरामपुर जिले में 112 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। इसमें 85 वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। इसी तरह सूरजपुर जिले में 56 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। जिसमें वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के 37 मतदाता एवं 19 दिव्यांग मतदाता हैं।

सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक सम्पर्क हेतु मोबाइल नंबर भी जारी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01 सरगुजा के अंतर्गत निर्वाचन से सम्बंधित कार्यों का पर्यवेक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। संसदीय क्षेत्र हेतु आईएएस अमित कुमार सामान्य प्रेक्षक हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 7647042558 हैं। वहीं आईआरएस गिरिराज दत्त शर्मा व्यय प्रेक्षक हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 7647042511 तथा आईपीएस मुख्तार मोहसिन पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 7647042544 है।

रिजर्व मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में रविवार को होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में अंबिकापुर विधानसभा एवं रिजर्व मतदान दलों के सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को प्रशिक्षण दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने सभी कमरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दलों से मिलकर पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा, मॉकपोल आदि के सम्बंध में जानकारी ली। मतदान दलों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि बारीकी से सभी आवश्यक बिंदुओं को समझकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

न्यूज गैलरी

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले के शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के आशय से बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के मददेनजर शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के उददेश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा शेडो एरिया प्लांनिग, एटीआर रिमोर्ट एरिया में मूवमेंट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं अन्य समस्त विभाग को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता होना बताये है। इस अवसर पर उप संचालक एटीआर गणेश यूआर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता पर्ची बांटने लोगों के घर पहुंचे कलेक्टर, दिया संदेश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु 07 मई को तृतीय चरण में मतदान होना है। मतदान से पूर्व बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। रविवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर स्वयं मतदाता पर्ची वितरण के कार्य का जायजा लेने निकले। उन्होंने स्वयं प्रशासनिक अमले के साथ मिलकर मायापुर, बौरीपारा, नवापारा, चोपड़ापारा सहित अन्य वार्डों में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने मतदाताओं को वोट के महत्व को बताते हुए 07 मई मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में जाकर मतदान अवश्य करने अपील की। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से भी मिलकर ग्राहकों को मतदान हेतु जागरुक करने कहा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक और सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने भी इस कार्य में सहयोग किया।

मतदान दलों को प्रशिक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सोम के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण 26 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में (प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 12 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक) दिया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आयोजित द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित करने तथा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियो कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपोल, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक जानकारियों का बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया । साथ ही निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियो कर्मचारियों को निष्पक्ष और सकुशल निर्वाचन कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये।

गिरने से लगी आग, बाइक खाक

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। ग्राम हंसडाड में बाइक के गिरने से आग लग गई बाइक धू धू कर

जल गया गनीमत बाइक में सफर कर रहे सवार बाल बाल बच गये । दरअसल घटना 27 अप्रेल दिन शनिवार के दोपहर 12.00 बजे के आसपास का है। प्रत्येक्ष दर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक बाइक में सवार दो युवक (नाम पता अज्ञात) किसी कार्यवश ग्राम केदमा से अंबिकापुर जा रहे थे। इस दौरान अम्बिकापुर बिलासपुर मुख्य मार्ग में पहले से फैले तेल के कारण फिसलने से मोटरसाइकिल चालक अपना नियंत्रण खो दिया और बाइक सड़क पर जा गिरी और मोटरसाइकिल में एकाएक आग लग गई जिससे बाइक जलने लगा बाइक सवार युवक अपनी जान बचाकर वहां से भाग गये।

नेशनल कराते में दो बेटियों ने कांस्य जीता

जांजगीर/नवप्रदेश। गुवाहाटी के सरूसजई में कर्मबीर नबीन चंद्र बोरदोलोई इनडोर स्टेडियम में 27 और 28 अप्रैल को 2 दिवसीय ऑल इंडिया कराते चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन पांच खिलाड़ियों ने देशभर के अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ मुकाबला किया। इस दौरान जिले के खाते में दो कांस्य पदक आए। शनिवार को मुकाबले के पहले दिन जिले की खिलाड़ी ममता कश्यप ने काता प्रतियोगिता में तीसरा स्थान बनाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं नियति सूर्यवंशी ने फाइट में तीसरे स्थान पर रहीं, उन्हें कांस्य पदक मिला। ममता कश्यप ने मेघालय की खिलाड़ी को हराकर काता में तीसरा स्थान हासिल किया वहीं नियति सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश की खिलाड़ी को हराकर फाइट में तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान कराते एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सुशील चंद्रा, महासचिव अविनाश सेठी, टेक्निकल डायरेक्टर नितिन सिंह, प्रतीक सोनी, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

बाजार में आम की आवक शुरु

मुंगेली/नवप्रदेश। फलों का राजा आम अभी खास बना हुआ है। गर्मी में आम की आवक शुरू हो गई है पर महंगाई के चलते सीमित लोग ही इसकी खरीदारी कर रहे हैं। क्षेत्र के फुटकर मार्केट में आम 70 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है। फल विक्रेताओं की मानें तो माह भर बाद ही इसके दाम कम होंगे। इधर आचार के लिए कच्चा आम भी 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे गरीब वर्ग के लोग इसे लेने से अभी परहेज कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आम की फसल को बेमौसम बारिश व आंधी-तूफान से काफी नुकसान पहुंचा है। इससे आम की पैदावार कम हुई है। फसल कम होने का असर इसके दाम पर दिख रहा है। फल विक्रेता कहते हैं कि आमतौर पर अप्रैल माह में आम की कीमत 40 से 50 रुपए तक रहती है, लेकिन इस साल अभी इसकी आवक शुरू हुई है। शुरूआती चरण में आवक कम होने से इसकी कीमत बढ़ी हुई है। आवक कम होने पर इसका स्पष्ट असर रेट पर पड़ता है। गर्मी के सीजन में फलों के दाम दोगुने से तिगुने हो जाते हैं। रही-सही कसर आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने पूरी कर देती है। आंधी की वजह से आम पेड़ों से गिर गए। अन्य फलों के भी बढ़े भाव- अंगूर समेत अन्य फलों के दाम भी गर्मी में बढ़ गए हैं। आवक कम होने से मार्केट में अंगूर 90 से 100 रुपए किलो के भाव से

बिक रहा है। केले का भाव 40-60 रुपए दर्जन तक है। संतरा 80 से 90 रुपए किलो, सेब 180 से 200 रुपए किलो, अनार 160 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। फल विक्रेताओं ने बताया कि फल का मार्केट पूरी तरह बाहरी आवक पर टिका हुआ है।

डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चाम्पा (अ.जा.) के तहत जिला अंतर्गत आने वाले संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी जो निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी, अनिवार्य सेवा व अन्य मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। मतदान दल में नियुक्त अधिकारियो कर्मचारियों हेतु डाक मतपत्र से मतदान के लिए 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तथा 01 मई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही पुलिस कर्मी, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफ एस टी, एस एस टी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य के लिए 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 01 मई, 04 मई और 05 मई की तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र से मतदान के लिए समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा व तहसील कार्यालय जैजैपुर में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। इसी प्रकार पुलिस कर्मी, होम गार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएसटी, एसएसटी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओं एवम अन्य के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर जेठा में सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा छूटे हुए मतदान कर्मी एवम अन्य द्वारा 06 मई 2024 को सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक सामग्री वितरण एवम संग्रहण केन्द्र, कृषि उपज मण्डी सक्ती में डाक मतपत्र द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

लोरमी व मुंगेली के लिए बैलेट यूनिट का प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया

मुंगेली/नवप्रदेश। बिलासपुर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा लोरमी व मुंगेली के लिए आज बैलेट यूनिट का प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। यह रेंडमाइजेशन जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुंगेली पार्वती पटेल एवं लोरमी जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी और राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी देवेन्द्र राजपूत ने बताया कि विधानसभा लोरमी के 264 मतदान केंद्र और विधानसभा मुंगेली के 279 मतदान केंद्र के लिए 662 बैलेट यूनिट, 662 कंट्रोल यूनिट और 705 वीवीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन पहले ही किया जा चुका है। लोकसभा निर्वाचन बिलासपुर में अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण आवश्यकतानुसार 1318 बैलेट यूनिट का प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होने बताया कि इन बैलेट यूनिट के प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन के पश्चात् राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण को रिपोर्ट की छायाप्रति भी उपलब्ध कराई गई। इसके पश्चात मशीनों को चातरखार स्थित शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय स्ट्रॉग रूम में विधानसभावार अलग-अलग रखी जाएगी।

मतदाता जागरूकता ने निकाली बाइक रैली

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से संचालित प्रज्ञा कोचिंग दाऊपारा के छात्रों द्वारा 26 अप्रैल को नगर में मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय दाउपारा से शुरू हुई यह रैली पड़ाव चैक, पुराना बस स्टैंड मुंगेली से होते हुए दाउपारा चैक पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रज्ञा कोचिंग के छात्रों ने आत्मानंद स्कूल, पड़ाव चैक, दाउपारा चैक और कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के समक्ष नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करना था। रैली में शामिल छात्रों ने तख्तियों, बैनरों और नारों के साथ अपने संदेश को प्रभावशाली तरीके से जनता तक पहुँचाया। उनके संदेशों में शत प्रतिशत मतदान, मुंगेली का अभिमान, आन बान और शान से, सरकार बने मतदान से, हम वोट देंगे, देश को बदलेंगे, भारत माता की जय, वन्दे मातरम जैसे नारों को प्रमुखता दी गई। कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रमुख रूप से कलेक्टर राहुल देव, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर पाटनवार, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रकुमार घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक, जिला सहायक परियोजना अधिकारी अजय नाथ, आत्मानन्द उत्कृष्ठ विद्यालय दाउपारा के प्राचार्य आईपी यादव, मतदाता जागरूकता के जिला एम्बेसडर रामपाल बघेल, प्रज्ञा कोचिंग के शिक्षक गीतेश अग्रवाल, विजय शर्मा, कुसुमकान्त वर्मा, रामनाथ गुप्ता, मोहन उपाध्याय उपस्थित थे। प्रज्ञा कोचिंग के नोडल सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा आकाश परिहार ने बताया कि इस रैली के माध्यम से छात्रों ने लोकतंत्र की महत्ता को उजागर किया और मतदाताओं को अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों की इस रैली ने नगरवासियों को बहुत प्रभावित किया और लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया।

मौसम | अप्रैल माह में कभी तेज गर्मी तो कभी बरसे बादल, पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से लोगों की दिनचर्या प्रभावित

सुबह से ही बादल, तेज हवा के साथ बूंदाबांदी

मुंगेली/नवप्रदेश। रविवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया, सुबह से हीं बादल छाए रहे। रूक-रूक कर बारिश होती रही। बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला। गर्मी से आंशिक राहत मिली,मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के चलते लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है,अप्रैल माह में कभी तेज गर्मी तो कभी ठण्ड, पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

शनिवार को शाम से ही बदली छाए रहने के बाद दूसरे दिन सुबह-सुबह बारिश होने से मौसम सर्द हो गया एकाएक तेज हवाओं के कारण सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ और लोग सुरिक्षत ठिकाना तलाश करते नजर आए। मौसम में बदलाव अभी और कायम रहने की चेतावनी दी गई है। गरज- चमक के साथ आकाशीय बिजली का कहर बना रहा। अप्रैल माह के पहले सप्ताह से ही गर्मी बढ़ना शुरू हो गया था। बढ़ती गर्मी से लोगों का दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया था। तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। अतिआवश्यक काम आ जाने के कारण लोग बाहर निकलते तो गमछे से सिर व चेहरे को ढंककर ही निकलते थे। वहीं पिछले तीन-चार दिनों से अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा जाते है। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो जाती है। आज सुबह 7 बजे के बाद बूंदाबांदी एवं बारिश के चलते धरती की तपिश ठंडा रही। बारिश के चलते वैवाहिक समारोह ज्यादा होने के कारण गांवों के परिवार के लिए दिक्कतें खड़ी हो रही है। बेमौसम हो रही बारिश से बारातियों व रिश्तेदारों के लिए अफरातफरी के माहौल में विशेष इंतजाम करने पड़ते है। बिजली पूर्ति व्यवस्था रही बाधित- आंधी तथा बेमीसम बारिश से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही।कई इलाकों में देर रात तक आपूर्ति शुरू नहीं हुई थी। हालांकि सूधार के बाद शहर सहित अनेक इलाकों में बिजली आपुर्ति व्यवस्था बहाल कर ली गई थी, लेकिन रुक-रुक कर हो रही बारिश से रात भर ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। तेज हवा व आंधी से अनेक स्थानों पर विद्युत तार टूट गए। विद्युत वितरण विभाग के कर्मियों को फाल्ट ढंढने व सुधार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शहर सहित सब स्टेशन भी प्रभावित हुए।

न्यूज गैलरी

प्रथम मतदाता को पौधे देकर सम्मानित किया

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अभी लोकसभा चुनाव का खुमार चढ़ा हुआ है प्रशासन शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए विभिन्न तरीकों से जागरूक करते आ रहे हैं और इसी क्रम में 26 अप्रैल को मतदान हुआ है जिसमें मतदान करने पहुंचे प्रथम मतदाता को भोज साहू पर्यावरण ने हर्रा का पौधा देकर सम्मानित किया साथ ही प्रथम मतदाता को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए भी संकल्पित करवाया। साहू जी ने इस तरह सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना बताया ताकि प्रशासन के शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य पूरा हो सके तथा दादू सिंह पाल सीएमओ नगर पंचायत डोंगरगांव व रश्मि ठाकुर एबीईओ ने मतदाताओं को गुलाल व पुष्पा माला पहनाकर स्वागत किया।

दिनदहाड़े साप्ताहिक बाजार में अधिकारी का बैग लेकर फरार

मांढर/नवप्रदेश। विधानसभा इलाके में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रही हैं। चोरों के हौसले दिन-प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं। गुरुवार शाम को महालेखाकार कार्यालय के अधिकारी चंचल प्रसाद राय के स्कूटी से बैग चोरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बरौदा में गुरुवार शाम को साप्ताहिक बाजार था। अधिकारी भी स्कूटी से सब्जी-भाजी खरीदने के लिए वहां पहुंचे थे। वहां से सब्जी खरीदकर वापस महालेखाकार कार्यालय के सामने मंदिर के पास स्कूटी के पैरदान में एक काले बैग में कार्यालय का लैपटॉप, चार्जर, माउस, एसबीआई एटीएम कार्ड, पेन ड्राईव, स्टार हेल्थ कार्ड, ऑफिस आई कार्ड बैग के अंदर रखा था। जब वह स्कूटी को खड़े करके फल खरीद कर वापस आया तो देखा स्कूटी के पैरदान में रखा बैग पार हो गया है।

पूर्व सभापति के फार्म हाऊस में ब्लास्ट, एक की मौत

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के जामसरार (डोंगरगांव) स्थित फार्म हाऊस में ब्लास्ट। एक की मौत। बोर के तार से जुड़ा था बारूद। नौकर के बोर का बटन दबाते ही हुआ विस्फोट। विस्फोट से नौकर का शरीर हुआ क्षत विक्षत, स्पॉट पर ही मौत। विस्फोट की आवाज तीन किलोमीटर तक सुनाई दी। नक्सली घटना की आशंका। पुलिस जुटी जांच में।

बैंक का सर्वर डाउन, महिला ने कर्मचारी को जड़े थप्पड़

खैरागढ़/नवप्रदेश। सोशल मीडिया के जमाने में वीडियो का वायरल होना आम बात हो गई है. आए दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है. वहीं बैंक कर्मचारी की पिटाई का एक वीडियो पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहा है. जिसमें एक महिला एक बैंक कर्मचारी को गालियां देते हुए थप्पड़ जड़ते नजर आ रही रही है. बैंक कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली गलौज का वीडियो खैरागढ़ जिले के बकरकट्टा गांव का बताया जा रहा है. जहां महिला पंजाब एंड सिंध बैंक की बकरकट्टा ब्रांच में अपने पैसे लेने पहुंची थी. लेकिन बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा था. इसीबात को लेकर महिला और बैंक मैनेजर में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई. इस घटना का वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया।

सरगुजा लोकसभा सीट पर शशि सिंह लगाएंगी सेंध या महाराज मारेंगे बाजी

■ किसके हाथ लगेगी सत्ता की चाबी

सरगुजा/नवप्रदेश। आदिवासी बेल्ट के रुप में गिने जाने वाले सरगुजा लोकसभा सीट पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के महामुकाबला होने वाला है. आदिवासी वोटरों का झुकाव जिस ओर होता है जीत उसी पार्टी की होती है. सरगुजा लोकसभा सीट पर हमेशा से आदिवासी वोटर हार और जीत के फैक्टर में निर्णायक साबित होते रहे हैं. सरगुजा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है. विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने यहां से कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया. पूरे सरगुजा में सिर्फ कमल खिला. सरगुजा लोकसभा सीट को बीजेपी की परंपरागत सीटों में गिना जाता है.

सरगुजा लोकसभा सीट में 8 विधानसभा सीटें हैं- सरगुजा लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक सीट है. सरगुजा लोकसभा सीट में प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुंड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर समेत 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. सरगुजा लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है. सरगुजा लोकसभा सीट पर हमेशा से मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच रहा है. 2019 में रेणुका सिंह ने मारी थी बाजी- 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की रेणुका सिंह ने वोटों के बड़े अंतर से कांग्रेस को हराकर बीजेपी को जीत दिलाई थी. रेणुका सिंह को सरगुजा में पचास फीसदी से ज्यादा वोट प्रतिशत मिले थे. 2019 में रेणुका सिंह का मुकाबला कांग्रेस के खेलसाय सिंह हुआ था. साल 2014 में सरगुजा सीट से बीजेपी के कमलभान सिंह मराबी ने जीत दर्ज की थी. बीजेपी को यहां पचास फीसदी के करीब वोट मिले थे. कुल मिलाकर सरगुजा लोकसभा सीट पर हमेशा से बीजेपी का दबदबा रहा है. सरगुजा में क्या हैं बड़े मुद्दे- सरगुजा में बढ़ती बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है. बड़ी संख्या में युवा यहां रोजगार के लिए भटक रहे हैं. मतदान के दौरान युवा जब पोलिंग बूथों तक जाएगा तो रोजगार के मुद्दे पर ही वोट करेगा. बेरोजगारी के अलावे पेयजल की समस्या लंबे समय से यहां रही है. साफ पानी की किल्लत सालों से यहां के दूर दराज के इलाकों में है. पीने के पानी के लिए अभी भी यहां के लोग कई कई किमी की दूरी तय करते हैं. शिक्षा के लिए अच्छे स्कूल और कॉलेज की भी कमी है. तकनीकी और उच्च शिक्षा के लिए लोगों को रायपुर और दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है. सरगुजा का क्या है सियासी मिजाज- साल 1952 में सरगुजा लोकसभा सीट अपने अस्तित्व में आया. शुरुआत में कांग्रेस पार्टी का यहां पर काफी दबदबा रहा है. साल 1971 तक लगातार यहां से कांग्रेस जीतती रही. कांग्रेस के जीत का सिलसिला 1977 में तब टूटा जब जनता पार्टी ने यहां से जीत दर्ज की. साल 2004 से यहां पर बीजेपी का कब्जा बना हुआ है. बीजेपी के इस गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश कई बार कांग्रेस ने की लेकिन सफलता नहीं मिली. कौन हैं चिंतामणि महाराज- कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले चिंतामणि महाराज छत्तीसगढ़ के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं।

मदहोश बाईक सवार ने मारी टक्कर, पिता-पुत्री की मौत

0 मदहोश बाईक सवार ने मारी टक्कर, पिता पुत्री की मौत

0 शराब ने उजाड़ दी फिर एक परिवार के जिंदगी

0 पिनकापार के पास दो मोटरसाइकिल में आमने सामने भिड़न्त

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शराब के नशे में मदहोश बाईक सवार ने सामने से आ रहे एक अन्य बाईक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इससे सामने बाईक चालक सहित सामने बैठी उसकी बेटी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। डोंगरगांव से पिनकापार मार्ग पर घटित घटना में पांच अन्य गंभीर हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम टटेंगा (जेवरतला) निवासी पीताम्बर साहू आ. गैंदलाल साहू (35 वर्ष) ग्राम खुर्सीपार (कबीरमठ नादिया) से विवाह उपरांत अपनी पत्नि डेमिन (30 वर्ष), पुत्र खोमेन्द्र (10 वर्ष) तथा पुत्री निशा (6 वर्ष) को बाईक में बैठाकर गृहग्राम जाने के लिए दोपहर में रवाना हुए । इस बीच वे ग्राम पिनकापार के करीब पहुंचे ही थे, कि सामने से तीन सवारी आ रहे बाईक सवार ने उन्हें

सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाईक में सवार सातों लोग उछलकर इधर उधर गिर पड़े। घटना की जानकारी होते ही आने जाने वाले राहगीरों ने एबुलेंस तथा उनके परिजनों को सूचना दी। एबुलेंस के आने में समय लगता देख एक कार सवार ने गंभीर रूप से घायल पीताम्बर को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव लेकर पहुंचे। उसके बाद दो एबुलेंस अन्य छ- लोगों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ घायलों के सायं 5.30 बजे स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। यहां पर मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों ने स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करते हुए एम्बुलेंस से घायलों को उतारने तथा वार्ड में शिफ्ट करने में सहयोग किया। इस दौरान एकमात्र महिला डॉक्टर के उपलब्ध होने पर तत्काल आनन फानन में कुछ स्थानीय डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को कॉल करके बुलाया गया, तब घायलों का इलाज प्रारंभ हो सका। लेकिन इलाज के दौरान ही गंभीर रूप से घायल पिताम्बर साहू (35 वर्ष) तथा बालिका निशा (6 वर्ष) की मौत होने की खबर है। शेष घायलों में से बेहतर इलाज के लिए डेमिन तथा खोमेन्द्र को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इसके अलावा एक अन्य बाईक में सवार खूबलाल, चमन पटेल तथा एक अन्य का प्रारंभिक इलाज किया गया। इनमें से बाईक चालक को नाक , मुंह सहित सीने आदि में गंभीर चोट के कारण सर्वप्रथम रिफर किया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए इनमें से अन्य दो को भी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर करने की जानकारी मिली है।

मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने क्षेत्र की जनता ने मतदान किया: रूपकुमारी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने विकसित भारत -विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस की घोर जनविरोधी नीतियों और पाखंडपूर्ण राजनीति से पूरी तरह मुक्ति चाहती है।

भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अनथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति, कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लेकर व्याप्त आक्रोश मतदान के जरिए व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह दो टूक संदेश दे दिया है कि वह अब कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि हमारे पास सशक्त नेतृत्व है, मजबूत संगठन है। पिछले 10 साल का देश में काम करने का मोदी जी का ट्रैक रिकॉर्ड है।

जिले में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न निर्वाचन अधिकार आभार व्यक्त किया

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड, एन एस एस के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है।

जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से हुआ सम्मानित

2 लाख 1 हजार महिलाओं द्वारा लिखे गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ के लिए 7वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराने वाला जिला बना बलौदाबाजार भाटापारा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। 2024/कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के दो लाख एक हजार महिलाओं द्वारा लिखे गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ को गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड अवार्ड प्राप्त हुआ। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल विद्यालय मे शनिवार को कलेक्टर के.एल.चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने महिलाओं द्वारा प्राप्त 2 लाख एक हजार स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ का अवलोकन किया। जिला प्रशासन के चैलेंज को स्वीकार करते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधि सोनल शर्मा द्वारा जिला प्रशासन की पहल के लिए कलेक्टर श्री के.एल.चौहान को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने कलेक्टर श्री चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके पूर्व भी जिले को 6 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मिल चुका है। इस सम्मान के साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 7 वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में नाम दर्ज कराने वाला जिला बन गया है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक,श्री मंडावी, तहसीलदार राजू पटेल,भी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही इस मोके पर सुर संगम टीम द्वारा बहुत ही आकर्षण गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए।

धमाके के साथ सिलेंडर ब्लास्ट, महिला ने खिड़की से कूदकर बचाई अपनी जान

परिजनों ने गैस एजेंसी पर लगाया लापरवाही का आरोप

बसना/नवप्रदेश। बसना सिंघानपुर में धमाके के साथ सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। घर में एक महिला थी, जिसने मौके पर खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में घर में रखा लाखों का सामान और नकदी जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार, बसना के सिंघानपुर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। घर में रही महिला ने कूदकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं

परिजनों ने गैस एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाया। आगजनी में घर पर रखा लाखों का सामान और 80 हजार रुपए नकदी जलकर खाक हो गया। सिलेंडर भारत गैस बसना से लाया गया था।

वहीं पिछले दिनों बलौदाबाजार जिले में स्थित अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र में हादसा हो गया। माइंस में सिलेंडर भरने के दौरान ब्लास्ट हो गया। छह लोग झुलसे जिनमें दो की हालत गंभीर है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रवान स्थित अंबुजा अडानी सीमेंट की है।

क्षेत्रीय पार्टी जैसी भी अहमियत नहीं रही कांग्रेस की: रतिराम

नवापारा- राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रतिराम साहू ने भाजपा में शामिल होने के बाद अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस के बारे में बड़ी बात कही है। श्री साहू ने कहा है कि, कांग्रेस पार्टी बहुत पुरानी ऐतिहासिक पार्टी है। उसको देश चलाने का बड़ा तजुर्बा है, ऐसा हम समझते थे। लेकिन आज तजुर्बावान लोग पार्टी में नहीं रहे, कुछ लोग थे वे लोग भी परिस्थितियों को देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस छोड़कर दूसरी पार्टियों में शामिल हो रहे हैं। कुछ लोगों ने क्षेत्रीय पार्टी बना लिया है।

श्री साहू ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी अब बूढ़ी हो चुकी है। इतनी पुरानी पार्टी आज कुछ ही राज्यों में सिमट कर रह गई है। स्थानीय क्षेत्रीय पार्टी जैसी भी अहमियत नहीं रह गई है। तभी तो क्षेत्रीय पार्टियों से कुछ सीटों के लिए इस राष्ट्रीय पार्टी को हाथ फैलाना पड़ता है। आज कांग्रेस पार्टी की इतनी दयनीय स्थिति हो गई है कि पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो गई है। आज सैकड़ों की संख्या में जो सांसद विधायक एवं अन्य सर्वोच्च पदों में रहे ऐसे कांग्रेस नेता भी कांग्रेस छोड़ते जा रहे हैं, इस डूबते जहाज से किनारा कर रहे हैं। इस डूबते जहाज में सवार होने की कोई हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं।

संविधान या लोकतंत्र नहीं, कांग्रेस है खतरे में

श्री साहू ने कहा कि, कांग्रेस के कुछ बड़े नेता कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। भारत खतरे में है, संविधान खतरे में है। जबकि देखा जाए तो कांग्रेस स्वयं खतरे में है। किसी समय में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी जिनके कभी 404 सांसद हुआ करते थे, अब दो अंकों में ही सिमट कर रह गई है। श्री साहू ने कहा कि, उधर कभी मात्र दो सांसद की स्थिति में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार चलाने में सफल रही है।

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने का आरोप,कालोनीवासियों ने की थाने में शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर के रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है. कॉलोनी वासियों ने मामले की शिकायत बसंतपुर थाने में की है. वहीं मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

राजनांदगांव शहर के रिद्धि- सिद्धि कॉलोनी के रहवासियों बसंतपुर थाने में की गई शिकायत में बताया कि पिछले कुछ महीने से कॉलोनी में स्थित एक केरला भवन में ईसाई समुदाय द्वारा रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित किया जा रहा है. इसमें भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा और रुपयों का लालच देकर कर हिंदू समुदाय के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है.

रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी वासियों की शिकायत पर केरला भवन के प्रभा मंडले और महेंद्र

मंडले को पुलिस ने थाने में तलब किया. प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले ने पुलिस को बताया कि धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम शांति के साथ रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं. इस सभा में लोग कई सारी समस्याएं लेकर आते हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान होता है.

उन्होंने कहा कि आज भी रविवार होने के चलते प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था, इस दौरान कुछ लोग आए और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने लगे. वहां के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तोड़फोड़ दिए।

अनदेखी खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने कहा कि हमने दो दिन पहले टीम भेजी थी तो काम बंद था

रात के अंधेरे में अवैध रेत खनन, खनिज विभाग चुनाव में व्यस्त

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के वनांचल क्षेत्र के ग्राम बेलोदा मतदान खत्म होने के साथ ही रात में बेधड़क अवैध रेत का उत्खनन शुरू हो चुका है पूरे मामले पर सरपंच जगनू राम मंडावी ने पैसा कानून का हवाला देते हुए कहा कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है जो भी है वह ग्राम सभा ही तय करती है। वहीं पूरे मामले पर जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने कहा कि हमने दो दिन पहले टीम भेजी थी तो काम बंद था अभी रेत उत्खनन की जानकारी मिल रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

तांदुला नदी में उत्खनन-वनांचल क्षेत्र ग्राम बेलोदा के तांदुला नदी में जमकर अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है रात में लगभग सैकड़ों गाड़ियां लगती हैं। जिसमें रेत का परिवहन भी किया जा रहा है वर्तमान में रात में उत्खनन करने के बाद सुबह मशीन को छुपा दिया जाता है वहीं पूरे मामले पर सरपंच का कहना है कि ग्राम सभा ने रेट खदान संचालन की बात कही मेरा इसमें किसी तरह का कोई हस्तक्षेप नहीं है उनके द्वारा कि ठेकेदारों को कम दिया गया है यह भी मुझे जानकारी नहीं है।

मतदान खत्म होते ही उत्खनन-ग्राम अध्यक्ष दुलाल सिंह गावड़े ने बताया कि रेत खदान का संचालन हो रहा है परंतु मैं ग्राम पटेल होने के नाते कुछ नहीं कह सकता मैं समिति का एक सदस्य मात्र हूं। उन्होंने कहा कि बालोद के एक ठेकेदार ने नंबर छोड़ा है और कोई आए तो बात कराने कहा गया है। इससे अधिक वो कुछ नहीं कह सकते। वे खदान के संदर्भ में कुछ भी कह पाने के लिए सक्षम नहीं हैं।

पूरे मामले पर जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने स्पष्ट का है कि हमारी टीम चुनाव कार्य में लगी हुई थी और कल सभी वापस ड्यूटी पर लौटेंगे उनके आने के साथ ही हम रेत खदानों पर पुनः कार्रवाई शुरू करेंगे वेलोदा रेत खदान की शिकायत पहले भी प्राप्त हुई है हम वहां गए थे पर कुछ नहीं मिला था अभी खदान संचालन की बात सामने आई है तो इसमें जरूर कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढी भाषा में छपवाया निमंत्रण पत्र

जशपुर/नवप्रदेश। जिले के पत्थलगांव में एक अनोखा विवाह निमंत्रण पत्र को देखने को मिला। यहां पर पालीडीह गांव निवासी एक आदिवासी युवक ने अपनी शादी का कार्ड छत्तीसगढ़ी भाषा में छपवाया है और उसमें आगामी 7 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने की भी अपील की है। दरअसल, सुदूर वनांचल क्षेत्र जशपुर जिले के एक छोटे से गांव पालीडीह में रहने वाले आदिवासी युवक विमल सिदार ने अपनी शादी का कार्ड बेहद ही अलग अंदाज में छपवाया है। उसमें लिखे गए सारे शब्द छत्तीसगढ़ी भाषा के हैं। इस कार्ड को पढ़ने के बाद लोग इस युवक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। लोगों का कहना है कि, एक ओर जहां आज लोग आधुनिकता की होड़ में अपनी संस्कृति और स्थानीय भाषा भूलने लगे हैं और अमूमन निमंत्रण कार्ड पर अंग्रेजी या हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं। वहीं एक छोटे से गांव के निवासी इस युवक ने अपनी स्थानीय छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शादी कार्ड में छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग किया है।

बच्चे की हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा वैकल्पिक बीमा का लाभ

आईआरसीटीसी ने नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली। रेलवे ने यात्रा टिकट पर वैकल्पिक बीमा के नियमों में बदलाव कर दिया है। नए नियमों को मुताबिक अब बच्चे का हाफ टिकट लेने पर वैकल्पिक बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के मुताबिक अब फुल टिकट बुक कराने पर ही यात्रियों को बीमा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। वहीं आईआरसीटीसी ने वैकल्पिक बीमा का प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। प्रति यात्री प्रीमियम अब 45 पैसा कर दिया गया है। पहले यह 35 पैसा था।

आईआरसीटीसी के मुताबिक वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को ही मिल सकेगा। रेल टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना नहीं लागू होगा। ऑनलाइन या ई-टिकट लेने पर ट्रेन के सभी क्लास- फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, चेयरकार आदि के कंफर्म और आरएसी टिकट पर यह सुविधा मिलेगी। वहीं वेटिंग टिकट वाले यात्री इस बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे।

दरअसल, ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय यह विकल्प चुनना होता है कि वे बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं या नहीं। अगर यात्री बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहता है तो उसे उस ऑप्शन पर क्लिक करना होता है। फिर बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल पर मैसेज आता है। अगर यात्रा के दौरान ट्रेन का रूट बदल दिया जाता है तब भी यात्री को इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

बता दें कि इस बीमा योजना के तहत रेल यात्री की मौत होने पर 10 लाख रुपये, आंशिक विकलांग होने पर 7.5 लाख और घायल होने पर इलाज के लिए परिजनों को दो लाख रुपए दिए जाते है। रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना की शुरुआत भारतीय रेलवे ने सितंबर 2016 में की थी। उस वक्त प्रति यात्री बीमा का प्रीमियम 92 पैसा था जो सरकार खुद देती थी। इसके बाद अगस्त में इसे 42 पैसा कर दिया गया और इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया गया था। बाद में इसे घटाकर 35 पैसा कर दिया गया था।

चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का शुद्ध मुनाफा 48 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 48 फीसदी की उछाल के साथ 3,878 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों के साथ 125 रुपये प्रति शेयर के लाभांश को भी मंजूरी दी गई, जो वाहन निर्माता के इतिहास में सर्वाधिक है। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व भी रिकॉर्ड 38,235 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। कंपनी ने एक बयान में बताया कि पूरे वित्त वर्ष के दौरान उसकी बिक्री 20 लाख इकाई रही जो एक नया रिकॉर्ड है। साथ ही उसका निर्यात और शुद्ध लाभ भी नये शिखर पर रहे। मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि दो महीने से भी कम समय में आने वाली नई सरकार अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचाएगी। बीएसई पर कंपनी के शेयर शुक्रवार को पिछले दिन की तुलना में 1.26 प्रतिशत गिरकर 12,760 रुपये पर बंद हुए।

एफपीआई की बिकवाली को बेअसर कर रहे घरेलू निवेशक

नई दिल्ली। इक्विटी बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारी बिकवाली के असर को घरेलू फंड और खुदरा निवेशक बेअसर कर रहे हैं। एफपीआई ने अप्रैल में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 6,304 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इस दौरान नकदी बाजार में इक्विटी बिक्री 20,525 करोड़ रुपये रही। डेट मार्केट में भी नए सिरे से बिकवाली का चलन है।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि अप्रैल में डेट बिक्री 10,640 करोड़ रुपये रही।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड पर ब्याज दर बढ़ने से इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई एक बार फिर बिकवाल हो गये हैं। दस साल के बॉन्ड पर ब्याज अब लगभग 4.7 प्रतिशत है जो विदेशी निवेशकों के लिए बेहद आकर्षक है।विजयकुमार ने कहा कि नवीनतम आंकड़ों में अमेरिका में गैर-खाद्य खुदरा महंगाई बढ़कर 3.7 प्रतिशत हो गई जबकि विशेषज्ञ 3.4 प्रतिशत की उम्मीद कर रहे थे। इसका मतलब है कि फेड द्वारा दरों में जल्द कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। इससे बॉन्ड पर ब्याज ऊंची बनी रहेगी जिससे इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई बिकवाल रहेंगे।उन्होंने कहा कि सकारात्मक कारक यह है कि इक्विटी बाजारों में सभी एफपीआई की बिक्री के प्रभाव को घरेलू संस्थागत निवेशक, धनाढ्य व्यक्तिगत निवेशक और खुदरा निवेशक कम कर रहे हैं। यही एकमात्र कारक है जो एफपीआई की बिकवाली पर हावी हो सकता है।

आरबीआई की एक्शन के बाद कोटक महिन्द्रा बैंक एक्टिव

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने प्राइवेट सेक्टर के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ एक्शन लिया है। आरबीआई ने बैंक को निर्देश दिया है कि वह अब कोई नया कस्टमर को नहीं जोड़ेंगे और न ही कोई क्रेडिट कार्ड जारी करेंगे। आरबीआई के इस एक्शन को लेकर महिंद्रा बैंक के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक अशोक वासवानी ने कहा कि वह आरबीआई द्वारा उठाई गई चिंता को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

इसको लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स (ड्ढ) पर पोस्ट करके कहा कि वह इस मुद्दे को हल करने के लिए आरबीआई के साथ लगातार संपर्क में है। इस हफ्ते बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से किसी भी नए ग्राहक को जोड़ने से रोक दिया और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी रोक दिया।आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने और कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में गंभीर कमियों का पता चलने के बाद आरबीआई ने कार्रवाई की।अशोक वासवानी ने इस साल जनवरी में पदभार संभाला था। उन्होंने कहा कि नए क्रेडिट कार्ड जारी करने को अस्थायी रूप से रोक दिया है। हालांकि मौजूदा ग्राहकों के पास जो क्रेडिट कार्ड है वह सुचारू रूप से काम करेगा।आरबीआई की कार्रवाई के तुरंत बाद, बैंक ने बुधवार को कहा था कि उसने अपने आईटी सिस्टम को मजबूत करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उपाय किए हैं और शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए शीर्ष बैंक के साथ काम करना जारी रखेगा। आरबीआई की कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में भारी गिरावट देखने को मिली थी। बुधवार के सत्र में बैंक के शेयर 0.85 फीसदी की गिरावट के साथ 1,643 रुपये पर बंद हुआ।

डाटा सेंटर बिज़नेस के लिए अदाणी कॉनेक्स ने जुटाए 1.44 बिलियन डॉलर

अहमदाबाद। भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए, अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम अदाणीकॉनेक्स ने रविवार को कहा कि उसने 1.44 अरब डॉलर जुटाने के लिए देश की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है। इस ट्रांजैक्शन ने अदाणीकॉनेक्स के निर्माण वित्तपोषण पूल को 1.65 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है। इससे पहले पिछले साल जून में 213 मिलियन डॉलर की पहली निर्माण सुविधा बनाई गई थी। अदाणीकॉनेक्स के सीईओ जयकुमार जनकराज ने कहा, यह सफल अभ्यास टिकाऊ और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने, मानदंडों को आगे बढ़ाने और नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए दोनों पक्षों के सामूहिक संकल्प का एक प्रमाण है।तैयार होने वाली डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता को अनुकूलित करते हुए इकोलॉजी फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेंगी।नए वित्तपोषण की शुरूआती प्रतिबद्धता 875 मिलियन डॉलर है, जिसे 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाया जा रहा है। जनकराज ने कहा, निर्माण वित्तपोषण अदाणीकॉनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक प्रमुख तत्व है, जो हमें टिकाऊ और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है।कंपनी के अनुसार, डेटा सेंटर सुविधा की एक प्रमुख विशेषता परियोजनाओं की रणनीति के अनुरूप सिंडिकेटेड गारंटी-समर्थित आश्वासन कार्यक्रम है जो अपनी तरह का अनोखा है।

आइसक्रीम डिलीवर नहीं करने पर स्विगी को जुर्माना

नई दिल्ली। फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को आइसक्रीम की डिलीवरी ना करने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। दरअसल, कंज्यूमर कोर्ट ने स्विगी को ऑर्डर दिया है कि वह 3,000 रुपये जुर्माना और 2,000 रुपये कानूनी फीस के रूप में वापस में कस्टमर को वापस करे।

जानकारी के अनुसार, कस्टमर ने जनवरी 2023 में स्विगी ऐप का इस्तेमाल करते हुए, एक आईसक्रीम का ऑर्डर किया। इस आइसक्रीम का नाम ह्ह्लह्ल4 छ्ह्ड्ढह्लद्ध ड्ढ4 छ्द्धश्चष्श्चद्यड्ढह्लद्द था और इसकी कीमत 187 रुपये बताई है। कस्टमर ने बताया कि उसको आइसक्रीम डिलिवर नहीं हुई और ऐप पर डिलिवर्ड का स्टेटस आने लगा। शिकायत के मुताबिक, डिलीवरी एजेंट ने आईसक्रीम शॉप से आईसक्रीम को पिकअप तो किया, लेकिन उसे डिलीवर नहीं किया। हालांकि ऐप पर बिना डिलीवरी किए डिलीवर्ड का स्टेटस आने लगा। इस मामले को शिकायतकर्ता ने स्विगी के शेयर किया और ऐप ने इस पर कोई रिफंड प्रोवाइड नहीं कराया। इसके बाद शिकायतकर्ता कंज्यूमर कोर्ट पहुंचीं।स्विगी ने बताया कि यह सिर्फ कस्टमर और रेस्टोरेंट के बीच का मामला है। साथ ही उसके डिलिवरी एजेंट की तथाकथित गलती पर स्विगी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि वह इसकी जांच नहीं कर सकते है कि ऑर्डर डिलिवर हुआ है या नहीं, खासकर तब जब ऐप पर डिलीवरी स्टेटस दिखाया है। कंज्यूमर कोर्ट ने कहा कि स्विगी के खिलाफ सेवा में कमी और अनुचित व्यपार प्रथाओं के आरोप साबित हुए हैं।

खेल, मनोरंजन

उबेर कप : युवा भारतीय महिला टीम ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम ने रविवार को चीन के चेंगदू में अपने ग्रुप ए मुकाबले में सिंगापुर पर 4-1 से आसान जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। युवा टीम, जिसने अपने ग्रुप ओपनर में कनाडा को 4-1 से हराया था, पहले एकल में येओ जिया मिन द्वारा अश्मिता चालिहा को 21-15, 21-18 से हराने के बाद वापस आई। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा ने युगल मुकाबले में जिओ एन हेंग और यू जिया जिन के खिलाफ 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर बराबरी हासिल की, इसके बाद इशरानी बरुआ ने इंसिइरा खान को सिर्फ 31 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर एशियाई चैंपियंस को बढ़त दिलाई। इसके बाद पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर ने यी टिंग एल्सा लाई और मिशेल ज़ान पर 21-8, 21-11 की शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुकाबला समाप्त किया। इसके बाद अनमोल खरब ने तीसरे और अंतिम एकल में ली शिन यी मेगन पर 21-15, 21-13 से जीत के साथ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। अब मंगलवार को आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत का सामना मजबूत चीन से होगा।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क के हाथ की गति बहुत अच्छी है- डीसी कोच आमरे

नई दिल्ली। अगर कोई युवा बल्लेबाज है जिसने आईपीएल 2024 में क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान खींचा है, तो वह निस्संदेह जेक फ्रेजर-मैकगर्क हैं। हाई बैकलिफ्ट, स्थिर बेस, न्यूनतम फुटवर्क और अद्भुत बैट-स्विंग के साथ, फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 311.11 के स्ट्राइक रेट से 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 27 गेंदों में सनसनीखेज 84 रन बनाकर इन सभी गुणों को एक बार फिर दिखाया।

फ़्रेज़र-मैकगर्क ने मिड-विकेट और मिड-ऑन के बीच के अंतराल में ल्यूक वुड की गेंद पर चौका लेने के लिए अपनी कलाइयों से मारना शुरू कर दिया। अपने स्थिर फ्रेम और सुंदर कलाई की कला के साथ, फ्रेजर-मैकगर्क ने शुरुआती ओवर में 19 रन लेने के लिए दो और चौके और एक छक्का लगाया।उन्होंने धीमी गेंद को लॉन्ग-ऑन पर छह रन के लिए भेजकर बुमराह का स्वागत किया और फ्री-हिट गेंद पर चार रन के लिए ड्राइव किया। दूसरे ओवर में 18 रन लेने के लिए फ्रेजर-मैकगर्क ने बुमराह को चौका लगाकर ओवर खत्म किया।उन्होंने नुवान तुषारा पर तीन चौके लगाए, इसके बाद पीयूष चावला की गेंद पर डीप मिडविकेट पर स्लॉग-स्वीप करके 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। चावला पर एक और चौका लगाने के बाद, फ्रेजर-मैकगर्क ने हार्दिक पंड्या को दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर पांचवें ओवर में 20 रन बटोरे, जिसमें मिड ऑफ के ऊपर से इनसाइड-आउट लॉफ्ट सबसे खास रहा।हां, उसे मौका पाने से पहले चार-पांच मैच तक इंतजार करना पड़ा। लेकिन जब हम उसे नेट्स में देख रहे थे, तब भी उसके पास कुछ अलग था, वह एक्स-फैक्टर। यहां भी, उसने सिर्फ मैच की शुरुआत की और इसकी वजह से पारी के छह ओवर के बाद हमारा स्कोर बिना किसी नुकसान के 92 रन था।वह स्वाभाविक है। यदि आप उसका सेट-अप देखें, तो वह एक स्थिर आधार में विश्वास करता है। और उसके हाथ की गति उत्कृष्ट है। और जब आप पावरप्ले में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आपके पास लेग-साइड पर केवल एक क्षेत्ररक्षक होता है। तो वह है हिट करने के लिए एक अच्छा क्षेत्र; यहां तक कि एक गलत हिट भी आपको एक बॉउंड्री दिला सकती है।

सैमसन, जुरेल की नाबाद शतकीय साझेदारी, आरआर ने एलएसजी को हराया

लखनऊ। कप्तान संजू सैमसन की 33 गेंदों में नाबाद 71 रन और ध्रुव जुरेल के पहले आईपीएल अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 60 के स्कोर पर तीन गेंदों में दो विकेट गंवा दिये थे। दूसरा विकेट सातवें ओवर की पहली गेंद पर गिरा था। नवें ओवर में 78 के स्कोर पर जब तीसरा विकेट गिरा तो राजस्थान के सामने कुछ मुश्किलें दिखने लगीं। लेकिन सैमसन ने एक और शानदार पारी खेली। उन्होंने सात चौके और चार छक्के लगाए। जुरेल ने भी कप्तान का अंत तक साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 गेंदों में 121 रनों की अविजित साझेदारी की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने 48 गेंदों में 76 रन बनाए और दीपक हुडा ने 31 गेंदों में 50 रन बनाकर घरेलू टीम का स्कोर 196/5 पर पहुंचाया।

प्रभास की फिल्म कल्कि 27 जून को होगी रिलीज

इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। बात अगर पैन इंडिया फिल्मों की बात करें तो प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर खूब शोर मचा हुआ है। इसके जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी सामने आएगी, वहीं अमिताभ बच्चन भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।दर्शक इंतजार में हैं कि फिल्म कब पर्दे पर आएगी। उनकी इसी उत्साह को देखते हुए अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया गया है।नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी प्रभास के करियर के लिए बहुत अहम मानी जा रही है। पिछले दिनों फिल्म से अमिताभ के किरदार का खुलासा हुआ था।अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान आखिरकार हो गया है, जिसे लेकर पिछले काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे। इसकी पिछली रिलीज तारीख 9 मई तय की गई थी।नई घोषणा के मुताबिक, फिल्म इस साल 27 जून को सिनेमाघरों का रुख करेगी।यह साइंस फिक्शन फिल्म वीएफएक्स से भरपूर होगी, जिसमें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा।फिल्म 600 करोड़ रुपये के भारी बजट से बनी है। इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में दिशा पाटनी भी अहम भूमिका में हैं, वहीं दिग्गज अभिनेता कमल हासन इसमें मेहमान भूमिका में नजर आएंगे।बीते महीने मार्च में फिल्म से प्रभास का नया पोस्टर और उनके किरदार का खुलासा हुआ था। वह फिल्म में भैरवा की भूमिका निभाएंगे।निर्देशक नाग अश्विन के मुताबिक, फिल्म में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल नहीं किया। अगर ऐसा होता तो चीजें काफी आसान होतीं और वह एआई के आधार पर वीएफएक्स बनवा लेते। उन्हें इतना ताम-झाम नहीं करना पड़ता।वह कहते हैं, हमने वीएफएक्स में महीनो लिए।

1 मई को धूम मचाएगा इंडियन 2 का पहला गाना

कमल हासन की आगामी फिल्म इंडियन 2 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। शंकर शनमुगम के निर्देशन में बन रही फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक सेनापति के रूप में कमल हासन को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है, निर्माता फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए इंडियन 2 की जानकारियां साझा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से कमल हासन के पोस्टर जारी हुए थे। वहीं, अब फिल्म के पहले गाने के बारे में जानकारी सामने आई है। फैंस फिल्म के पहले गाने की रिलीज का भी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं। खबर है कि इस हफ्ते फिल्म का पहला गाना रिलीज हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडियन 2 का पहला सिंगल ट्रैक 1 मई को रिलीज होने की संभावना है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इंडियन 2 का पहला ट्रैक थाथा वररू बताया जा रहा है। इस ट्रैक के बोल सेनापति उर्फ इंडियन थाथा के रूप में कमल हासन की वापसी की घोषणा करेंगे। इस गाने के अलावा निर्माताओं ने कथित तौर पर फिल्म के ऑडियो लॉन्च के कुछ ट्रैक का अनावरण करने की योजना बनाई है। कथित तौर पर इसे मई में करने की योजना बनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं को बहुप्रतीक्षित किस्त की उम्मीदों को बढ़ाने के लिए एक प्रचार योजना के साथ आने की उम्मीद है। कमल हासन ने 1996 की फिल्म इंडियन में दो भूमिकाएं निभाईं, एक पिता की और एक उनके बेटे की। पिता को एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में चित्रित किया गया था, जो देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सजग व्यक्ति के रूप में भी काम करते हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और अच्छी कमाई की। वहीं अब कहा जा रहा है कि इंडियन 2 में भाग एक की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग महिला की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने शव को मरच्युरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्ती का प्रयास कर रही है।

शांतिनगर से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। शांतिनगर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक शुक्ला 51 वर्ष राजीव नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 ए 4429 को शांतिनगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। अशोक नगर झगरहिन तालाब के पास स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने

नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तरासन नखाते 52 वर्ष झगरहिन तालाब के पास अशोकनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बाहर गई थी। जब 26 अप्रैल को वापस लौटी तो देखा की उसके सूने मकान का ताला टूटा हुआ है। वहीं आलमारी में रखे नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजे के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास गांजा बेचते आरोपी आयुष कुमार पांडे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी सफिजन बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 780 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

वाहन और ठेका कर्मियों पर पथराव, ग्रामीण पर मामला दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा खदान में घुस कर एक ग्रामीण ने ठेका कर्मियों पर पत्थर फेंकने के साथ ही टिपर वाहन में तोड़फोड़ की। इससे वाहन का सामने व साइड का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर निजी कंपनी के मैनेजर ने कुसमुंडा थाना में शिकायत करते हुए 16 लाख रुपए की क्षति होना बताया है। पुलिस ने मामले में ग्रामीण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को मिट्टी निकासी का काम दिया गया है। कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मुकेश सिंह ने रिपोर्ट में कहा है कि बीती रात खदान में घुसकर रिसदी निवासी ईश्वर पाल ने ओबी फेस पर काम कर रहे नीलकंठ कंपनी के कर्मचारियों पर पत्थर फेंका, साथ ही अपशब्द भी कहा। इसके बाद खड़ी टिपर वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद ईश्वर पाल के विरूद्ध एफआइआर दर्ज कर ली है।

सरेआम शराब पीते 26 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने बोरियाकला रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी लक्की साहू 25 वर्ष व नीलकण्ठ साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी कृष्णा साहू 35 वर्ष व नवीन महानंद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी मदन यादव 20 वर्ष व संतोष निर्मलकर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मुकेश देवांगन 23 वर्ष, हेमंत सिन्हा 34 वर्ष, हसनैन खान 29 वर्ष, कुंदन साहू 35 वर्ष व अमीतेश सोनकर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी यशवंत बंजारे 25 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी रामकिशोर रजक 33 वर्ष, विनय कुमार कुंभकार 40 वर्ष, माधव साहू 45 वर्ष, लेखराम महिलांग 40 वर्ष, पंकज चौहान 22 वर्ष व चुम्मन लाल यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी अमीत शर्मा 40 वर्ष व अविनाश मुसलकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी दयाशंकर तारक 25 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी अशोक चंद्रवंशी 24 वर्ष, भुवनेश्वर धीवर 36 वर्ष, पूनराम वर्मा 38 वर्ष व भुपेंद्र सिंह वर्मा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी लाल सिन्हा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

हाईकोर्ट की दखल के बाद अब हो सकेगा मृतक का अंतिम संस्कार

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदबहार में विगत 4 दिनों से चल रहे ईश्वर के शव के कफन दफन का विवाद रविवार को थम गया। जहां गांव वालों के विरोध के बाद बेटे ने अपने जमीन पर पिता के शव को दफनाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जहाँ कोर्ट ने बेटे की याचिका को सही मानते हुए प्रशासन को आदेश दिया कि ईश्वर के शव को उसकी ही जमीन में मिट्टी देने की अनुमति दिया गया। जिसके बाद रविवार को परिजन मेकाज पहुँच शव को गांव ले गए, जहाँ ईसाई मान्यता के अनुसार पार्थिव शरीर का कफन दफन किया जाएगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छुट्टी के दिन बेटे की याचिका पर तत्काल सुनवाई करते हुए उसके मृत पिता के शव को धार्मिक मान्यता के अनुसार दफनाने की अनुमति देने के साथ ही एसपी बस्तर को इसके लिए सुरक्षा देने के निर्देश दिए हैं, जिससे हिंदू गांव में अंतिम संस्कार के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।

सार्तिक कोर्राम के पिता ईश्वर कोर्राम को सांस लेने में तकलीफ के चलते 25 अप्रैल को डिमरापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इलाज के दौरान ईश्वर की मौत हो

गई, परिजन जब शव को गाँव ले जाकर अंतिम संस्कार करने की बात कही गई तो गाँव वालों ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद शव को दुबारा मेकाज के पीएम घर में रखवा दिया गया, मृतक ईश्वर के शव को गांव में दफनाने से मना कर दिया गया, जिसके बाद काफी विरोध शुरू हुआ।

इस बीच बेटा सार्तिक कोर्राम ने हाईकोर्ट में अर्जेंट हियरिंग का अनुरोध किया, जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने शनिवार शाम 6.30 बजे सुनवाई की, याचिकाकर्ता के वकील प्रवीन तुलस्यान ने कहा कि अपने पिता के शव को दफनाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत याचिकाकर्ता का मौलिक अधिकार है। याचिकाकर्ता और उनका परिवार ईसाई धर्म को मानता है, पिता के शव को ग्राम छिंदबहार में गाँव वाले दफनाने से रोक रहे हैं, जबकि परिवार गांव में अपनी जमीन पर ही शव को दफनाना चाहते हैं।

जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने मेडिकल कॉलेज जगदलपुर को मृतक ईश्वर कोर्राम का शव याचिकाकर्ता को सौंपने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ता को किसी भी कानून से बचने के लिए अपने पिता के शव को ग्राम छिंदबहार में अपनी जमीन पर दफनाने की अनुमति दी गई है, पुलिस अधीक्षक बस्तर को यह भी निर्देशित किया गया है कि याचिकाकर्ता को उचित पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे शव को शालीनता से दफना सकें।याचिकाकर्ता को 28 अप्रैल को अपने पिता का शव दफनाने की अनुमति दी गई है।

डोमाहर्रा के जंगल में जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

नगद पांच हजार और ताश जप्त, अन्य जिले से आकर करोड़ों का लगाते हैं दांव

- स्थानीय खाईवाल जो जुआ जैसे कृत्य में शामिल लोगो पर कार्यवाही कब!
- करोड़ों का जुआ संचालित करने वालो का जल्द करेंगे खुलासा

कांकेर/नवप्रदेश। शहर से महज 30 किलोमीटर पर बसे ग्राम कोरर के हाटकर्रा डोमाहर्रा के जंगलों में करोड़ों का दांव लगाते हैं। पुलिस और पुलिस के खुफिया तंत्र को धता बताकर रायपुर दुर्ग धमतरी भिलाई केशकाल कोंडागांव जैसे शहरों से जुएं के बड़े खिलाड़ी पहुंचकर बड़ा दांव लगाते हैं। इतना ही नहीं इस काम को अंजाम देने वाला कोरर का स्थानीय व्यक्ति बताया जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर विगत महीनों से ही दांव लगाया जा रहा है। लेकिन कोरर पुलिस को भनक तक नहीं की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने बड़ी ही प्रमुखता से 26 अप्रैल को प्रकाशित किया था।

नवप्रदेश खबर का असर

खबर के बाद पुलिस अधीक्षक आई. के.एलेसिला के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा ठाकुर (रावटे), अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के दिशा निर्देशानुसार कोरर थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ, सट्टा, शराब विक्री पर रोक लगाने सख्त निर्देश के बाद पुलिस हरकत में आई। शनिवार 27 अप्रैल को डोमाहर्रा के जंगलों में ताश पर हार जीत का दांव लगाने वाले चार आरोपी शिवराम नरेटी पिता कन्हैया नरेटी उम्र 41 वर्ष साकिन नाकापारा कोरर कृष्णा नेताम पिता चमरा राम उम्र 44 वर्ष कोकानपुर विनोद पटेल पिता अशोक उम्र 37 हेमन्त यदु पिता भिखारी राम उम्र 30 चिल्हाटी थाना कोरर को ग्राम डोमाहर्रा के जंगल में जुआ खेल रहे आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

कोरर थाना प्रभारी चाणक्य नाग ने बताया की डोमाहर्रा के जंगल में 27 अप्रैल 2024 को विशेष टीम गठित कर सादी वर्दी में जवान लगाकर सूचना एकत्र कर टीम प्रभारी प्र.आर.लकेश रावटे के हमराह प्र.आर.सुरेश नरेटी आरक्षक मनोज साहू श्रवण ठाकुर.इन्द्रेश नेताम भागवतसलाम.लल्लीराम मंडावी की विशेष टीम गठित कर ग्राम डोमाहर्रा अन्तर्गत बीच जंगल मैदान पहाड़ी के पास घेराबंदी किया गया मौके पर ताश के 52 पत्ते से रुपए पैसे का दांव लगाकर हारजीत का खेल खेल रहे चार आरोपी शिवराम नरेटी कृष्णा नेताम विनोद पटेल हेमन्त यदु के पास व फड़ से नगदी रकम 5000 हजार रुपए ताश एक नग प्लास्टिक बोरी को जब्त कर गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) छ.ग.जुआ प्रतिषेध एक्ट का पाये जाने विधिवत् गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना कोरर में अपराध क्र. 33/2024 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे जुआ एवं अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों पर सतत् निगाह रखी जा रही है

डोमाहर्रा के बाद हाटकोंदल के जंगल की बारी

गौरतलब है कि विश्वसनीय सूत्रो के अनुसार डोमाहर्रा के जंगल में जो जुआरी गिरफ्तार किए गए हैं वे गांव के आसपास के है। जबकि कोरर के स्थानीय व्यक्ति द्वारा बाहर जिले से बुलाकर करोड़ो के जुआ की महफ़िल सजाई जा रही है उस पर भी पुलिस के आला अधिकारी नजरे बनाए हुए है।

जबकि हमारे विश्वसनीय सूत्र के अनुसार ये तो कोरर पुलिस का ट्रेलर है अभी तो हाटकोंदल के जंगल में करोड़ो के जुए पर कार्यवाही बाकी है। 26 अप्रैल को समाचार में इस बात से अवगत करा चुके है कि हाटकर्रा डोमाहर्रा के जंगल में स्थानीय युवक जो बाहर जिले जैसे रायपुर दुर्ग धमतरी भिलाई केशकाल कोंडागांव के शहरों से पहुंच बड़े खिलाड़ियो का दल पहुंचकर करोड़ो के जुएं को अंजाम दिया जा रहा हैं। इन बड़े जुआरियों के गिरफ्त में आने के बाद पूरी तस्वीर साफ होने का कयास लगाया जा रहा है। बाहरहाल पुलिस अधीक्षक आई के एलेक्सला अति पुलिस अधीक्षक एसडीओपी के निर्देश के बाद कोरर पुलिस जल्द इस कृत्य पर अंकुश लगाते खाईवाल के खिलाफ़ बड़ी कार्यवाही को अंजाम देने की बात सामने आई है।

सीजी बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजे 10 मई तक, हेल्पलाइन नंबर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल छात्रों की समस्याएं सुनने के लिए हेल्पलाइन नंबर 18002334363 जारी किया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर 1 मई से 15 मई तक छात्र और परिजन दोनों बोर्ड परीक्षा और उससे जुड़ी समस्याओं के बारे में बात कर सकेंगे। 10वीं और 12वीं की परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है, रिजल्ट 10 मई तक जारी हो सकता है।

दरअसल, माशिमं हर साल परीक्षा शुरू होने से पहले और रिजल्ट के पहले इस तरह से हेल्पलाइन नंबर जारी करता है। जिसमें विषय विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और दूसरे अधिकारी छात्रों की समस्या सुनते हैं और उन्हें मार्गदर्शन देते हैं।

स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर पर 24 घंटे सातों दिन परामर्श

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर 1 मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक कॉल कर सकते हैं। वहीं मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर 24 घंटे सातों दिन निःशुल्क परामर्श ले सकेंगे।

5 सालों में 10वीं का रिजल्ट 7% तक बढ़ा

छत्तीसगढ़ बोर्ड में 10वीं का रिजल्ट पिछले पांच सालों में करीब 7 फीसदी तक बढ़ा है। जबकि 12वीं में सफल होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 1.53 फीसदी तक बढ़ा है। साल 2020 और इसके बाद के वर्षों में दसवीं के नतीजे 70 प्रतिशत से ज्यादा रहे हैं। पिछली बार तो 75 फीसदी छात्र पास हुए थे। इस बार भी दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट बेहतर होने का अनुमान है।

रिजल्ट पर लोकसभा चुनाव का असर नहीं

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तहत 3 चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 26 और तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। ऐसी चर्चा थी कि बोर्ड परीक्षा के नतीजे इस बार देरी से जारी होंगे, लेकिन ऐसा नहीं है। रिजल्ट 10 मई तक जारी कर दिए जाएंगे।

एम्बुलेंस में प्रसव, जच्चा बच्चा स्वस्थ

धमतरी/नवप्रदेश। आज सुबह रक्तदान एम्बुलेंस ग्रुप के एंबुलेंस से गर्भवती महिला को जिला अस्पताल लाया जा रहा था। एम्बुलेंस जैसे ही घड़ी चौक के पास पहुंची दर्द बढ़ा और महिला का एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया। महिला को बेटी हुई है जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

बताया गया कि ग्राम गोपालपुरी के धर्मेंद्र साहू की पत्नी इशा साहू गर्भवती

थी। अस्पताल लाने के लिए रक्तदान ग्रुप के सदस्य पप्पू साहू के एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। एंबुलेंस में महिला की सास परमा बाई साहू और मितानिन चूड़ामणि देवदास मौजूद थी। शहर पहुंचने के बाद घड़ी चौक में दर्द बढ़ा गया। मितानिन और सास के सहयोग से एंबुलेंस में ही प्रसव किया गया। ईशा को बेटी हुई है, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रस्ताव के बाद दोनों को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया

मतदान पर आधारित सेजल की पेंटिंग सर्वश्रेष्ठ घोषित

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। चुनाव निर्वाचन आयोग, एवं कलेक्टर डी राहुल वेंकट कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी जिला एमसीबी के शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को विभिन्न सामाजिक ,सांस्कृतिक, योग समिति भी गति प्रदान कर रही है। इसी क्रम में साहित्य और कला को अखिल भारतीय मंच देने और योग्य प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए गठित हिंदी साहित्य भारती ने चिरमिरी एम सी बी जिला की सुप्रसिद्ध स्केच आर्टिस्ट सेजल गुप्ता की मतदान पर आधारित पेंटिंग को सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग घोषित

किया है। इस पेंटिंग का उपयोग मतदाता जागरूकता के दौरान किया जाएगा। चिरमिरी छोटा बाजार निवासी सेजल गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल, छत्तीसगढ़ शासन के कई प्रमुख मंत्रियों के पेंटिंग बनाकर पुरस्कृत हो चुकी है। शिक्षा कला साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत सेजल गुप्ता चिरमिरी छोटा बाजार के पेंटर राजेंद्र गुप्ता की पुत्री है। जिला निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता से प्रभावित होकर स्केच पेंटिंग बनाने वाली युवा आर्टिस्ट सेजल कहती हैं कि में पेंटिंग के माध्यम से उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान दिवस के दिन जरूर मतदान करें। सेजल के पेंटिंग में एक दिव्यांग मतदाता का जज्बा दिखाया गया है जिसके दोनों हाथ नहीं है और वह पोलिंग बूथ में जाकर अपने पैर की उंगली में अमिट स्याही लगवा रहा है।

महादेव बेटिंग ऐप मामले में एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव बेटिंग एप केस मामले में इस वक्त की बड़ी कार्रवाई मुंबई पुलिस ने की है। महादेव बेटिंग ऐप केस में मुंबई पुलिस ने एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। एक्टर को छत्तीसगढ़ में हिरासत में ले लिया गया है, जहां से उन्हें मुंबई ले जाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक खान द लायन बुक ऐप नाम के एक सट्टेबाजी ऐप से जुड़े हुए थे, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का भी हिस्सा है। मामले में पहले मुंबई पुलिस एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। एक्टर ने जमानत के लिये कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई थी। वह लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी ऐप वेबसाइट में भागीदार है, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है। एक्टर पर लायन बुक ऐप को प्रमोट और उनके इवेंट्स अटेंड करने का आरोप लगा है। लायन बुक को प्रमोट करने के बाद उन्होंने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया। साहिल ऐप को बढ़ावा देने के लिए अपने रौब का इस्तेमाल करते थे। वो सिलेब्रिटीज को बुलाते थे और ग्रांड पार्टियों का आयोजन करते थे फिलहाल मामले की जांच जारी है। जल्द ही पुलिस केस कई और बड़े पहलुओं को सामने ला सकती है।

एक्टर अक्सर ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।। एक्टर साहिल खान अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक्सक्यूजमी और स्टाइल जैसी फिल्मों में काम किया है। हालांकि, साहिल फिल्मों में कुछ कमाल नहीं कर सके। इसके बाद उनकी फिटनेस जर्नी शुरू हुई और वो फिटनेस इंफ्लुएंसर बन गए। साहिल डिवाइन न्यूट्रिशन नाम की एक कंपनी चलाते हैं, जो कि फिटनेस सप्लिमेंट्स बेचती है। इस साल फरवरी में उन्होंने अपनी दूसरी शादी के बारे में खुलासा किया था। एक्टर ने बताया कि उन्होंने रूस में सगाई के बाद उन्होंने मलीना से शादी कर ली है।

सरोज पाण्डेय का कोरबा से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं, हम तो यहीं के हैं : डॉ. महंत

कोरबा/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा उन्हें सक्ती का निवासी और बाहरी बताने के बयान पर पलटवार कर कहा है कि हमें बाहरी बताने वाली सरोज पाण्डेय पहले यह बताएं कि कोरबा से उनका क्या रिश्ता है? उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरबा लोकसभा पूर्व में अविभाजित जांजगीर लोकसभा का हिस्सा हुआ करता था और उससे पृथक होकर कोरबा लोकसभा तथा कांग्रेस की प्रदेश सरकार में सक्ती पृथक जिला का गठन हुआ है। अविभाजित जांजगीर लोकसभा के समय से मैं और मेरा पूरा परिवार क्षेत्रवासियों की सेवा करते आएं हैं और कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता का स्नेह व आशीर्वाद हमेशा से रहा है।

डॉ. महंत ने कहा कि सरोज पाण्डेय अपना दुर्ग जिला छोड़कर कोरबा में चुनाव लड़ने आई हैं तो उन्हें यह पहले बताना चाहिए कि कोरबा से उनका रिश्ता क्या है? वे तो नजदीक की बात क्या करें, दूर-दूर तक उनका न तो कोरबा और न ही

कोरबावासियों से कभी कोई नाता रहा है, वे यहां सिर्फ और सिर्फ चुनाव लड़ने के मकसद से आई हैं और वे जान रही हैं कि कोरबा में भी उनकी दाल नहीं गलने वाली, इसलिए जनता को अनर्गल बातों से गुमराह करने का काम कर रही हैं। डॉ. महंत ने कहा कि मेरी धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत कुशल गृहिणी होने के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ भी है और जनता के बीच शांत, सौम्य स्वभाव के लिए जानी जाती है। रही बात कोरबा जिले के विकास की तो हमने अपने कर्यकाल में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कोरबा के विकास के लिए कार्य किया है। जवाब तो सरोज पाण्डेय को देना चाहिए कि 15 साल तक भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में रही और अभी 10 साल से केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है तो अपने शासनकाल में इन्होंने कोरबा के विकास के लिए क्या किया? सरोज पाण्डेय भी स्वयं केन्द्र सरकार की ओर से कोरबा की पालक सांसद रहीं, लेकिन उन्होंने कोरबा के विकास के लिए क्या किया?

यदि इन्होंने कार्य किए होते तो जितनी समस्याएं सरोज पाण्डेय बता रही हैं, वे नहीं होती। दरअसल, भाजपा की नीयत कोरबा की नैसर्गिक संपदा पर बिगड़ने लगी है। यहां की अकूत खनिज संपदाओं के बेतहाशा दोहन की वे रणनीति बना रहे हैं। राहुल गांधी ने देश भर में मोहब्बत की दुकान खोली है और कांग्रेस नफरत का जवाब मोहब्बत से देना जानती है, किसी के व्यक्तित्व का प्रतिबिंब बताने की जरूरत सरोज पाण्डेय को नहीं है। कोरबा में अपनी जमीन खिसकती देख वे बौखलाई हुई हैं और कुछ भी बयान दे रही हैं, जिससे उन्हें बचना चाहिए।